# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• बोकारो, सोमवार, 4 अगस्त 2025 • वर्ष : 09 • अंक : 79 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित


## देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं

**1956:** देश का पहला परमाणु अनुसंधान रिएक्टर अप्सरा शुरू हुआ।

**1967:** विश्व के सबसे लंबे चिनाई बांध नागार्जुनसागर का निर्माण।

**2004:** नासा ने एल्टिक्स सुपर कम्प्यूटर केसी को कल्पना चावना नाम दिया।

**2007:** मंगल ग्रह की खोज के लिए अमेरिकी अंतरिक्ष यान का प्रक्षेपण।

## संक्षिप्त समाचार

### सीसीएल कर्मी का शव जंगल से बरामद

**रामगढ़(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के उरीमारी जरजरा जंगल में सीसीएल कर्मचारी का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। मृतक की पहचान सुखदेव मांझी के रूप में हुई है, जो पोटंगा बरटोला का निवासी था। सुखदेव कल शाम घर से बाहर निकला था। रात होने के बाद भी वह घर वापस नहीं लौटा। इसके बाद परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की। आज स्थानीय लोगों ने जरजरा जंगल में एक व्यक्ति का शव देखा। उन्होंने तुरंत उरीमारी पुलिस को सूचना दी।

### किशोरी ने फांसी लगा की आत्महत्या

**रामगढ़(नबिटा ब्यूरो)।** पलामू जिले के मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र के गोराडीह गांव में एक दुखद घटना सामने आई है। यहां रविवार को एक 16 वर्षीय किशोरी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका की पहचान गोराडीह निवासी राजकुमार शर्मा की पुत्री रूपा कुमारी के रूप में हुई है। परिवार के सदस्य सुबह जब परिवार के लोग कमरे से बाहर निकले तब रूपा ने अपने दुपट्टे से सीलिंग फैन के हुक में फांसी लगा ली।

### मां ने लाठी से पीट-पीटकर की बेटे की हत्या

**धनबादरांची(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के रामकनाली ओपी क्षेत्र के श्रीधरपुर गांव में एक मां ने अपने बेटे की लाठी से पीट-पीटकर हत्या कर दी है। मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है। साथ ही आरोपी मां को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार विक्रम बाउरी हमेशा नशे में धुत रहता था। युवक को शराब की बुरी लत थी। युवक शराब के नशे में धुत होकर अक्सर घरवालों के साथ मारपीट करता था। मामले को लेकर बाघमारा एसडीपीओ पुरुषोत्तम कुमार सिंह ने कहा कि मामला दर्ज कर आरोपी मां उमा देवी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

रेल मंत्री ने एक साथ दी तीन नई ट्रेनों की सौगात, मध्य प्रदेश से छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र के यात्रियों को मिलेगी सीधी कनेक्टिविटी

# रेलवे के क्षेत्र में हुई ऐतिहासिक प्रगति, हो रहा अभूतपूर्व विकास : अश्विनी वैष्णव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जबलपुर।** केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रविवार को पश्चिम रेलवे के भावनगर रेलवे स्टेशन से एक साथ तीन नई ट्रेनों की सौगात दी। भावनगर टर्मिनस से अयोध्या एक्सप्रेस, रीवा से पुणे (हड़पसर) साप्ताहिक सुपरफास्ट एवं जबलपुर से रायपुर इण्टरसिटी नई एक्सप्रेस रेल सेवाओं को रेल मंत्री द्वारा हरी झण्डी दिखाकर शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल सहित राज्यों के मंत्रीगण, सांसदगण, विधायकगण, अन्य गणमान्य नागरिक तथा आमजन भी जुड़कर सहभागी बने। इस अवसर पर केंद्रीय रेल मंत्री ने अपने सम्बोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में रेलवे के क्षेत्र में ऐतिहासिक प्रगति हुई है। रेलवे में



इन्फ्रास्ट्रक्चर को गति प्रदान करते हुए तेजी से कार्य निष्पादित हो रहे है जिससे प्रदेशों में अभूतपूर्व विकास हो रहा है। वर्तमान में रेलवे द्वारा यात्री सुविधाओं को विस्तारित करते हुए नई तकनिकी ट्रेनें जैसे वन्दे भारत, अमृत भारत, नमो भारत ट्रेनों को चलाया जा रहा है। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि आगामी सितम्बर माह से वन्दे भारत स्लीपर ट्रेन भी चलाई जाएंगी। साथ ही बहुत जल्द अहमदाबाद से मुंबई बुलेट ट्रेन की भी सौगात मिलेगी। श्री वैष्णव ने बताया कि मध्य प्रदेश में कई महत्वपूर्ण रेल परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि रीवा पुणे ट्रेन रीवा, सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नैनपुर, बालाघाट सहित मध्य प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों जहाँ से बड़ी संख्या में लोग पुणे महाराष्ट्र की ओर यात्रा करते हैं के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी। इसी प्रकार जबलपुर- रायपुर ट्रेन भी जबलपुर, नैनपुर, बालाघाट, गोंदिया सहित मध्य प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों के यात्रियों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी, जहां से बड़ी संख्या में लोग रायपुर छत्तीसगढ़ की ओर यात्रा करते हैं। इस अवसर पर मध्य प्रदेश मुख्य मंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्य प्रदेश के विंध्य एवं महाकौशल की जनता को महाराष्ट्र एवं छत्तीसगढ़ के लिए सीधे कनेक्टिविटी हो जाने से आद्योगिक, शैक्षणिक एवं पर्यटन को बढ़ावा तथा प्रदेश के विकास को गति मिलेगी।

## तीन करोड़ का फ्रॉड करने वाला साइबर अपराधी गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** झारखंड सीआईडी के साइबर क्राइम ब्रांच की टीम ने बड़ी कामयाबी हासिल की है। सीआईडी के साइबर क्राइम ब्रांच में करीब 2 करोड़ 99 लाख रुपए की ठगी करने वाले साइबर अपराधी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार साइबर अपराधी दिनेश कुमार झारखंड के जमशेदपुर का रहने वाला है। सीआईडी के साइबर क्राइम ब्रांच के द्वारा साइबर अपराधियों के द्वारा किए गए बड़ी ठगी के मामलों में लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में सीआईडी के साइबर क्राइम ब्रांच के द्वारा जमशेदपुर में छापेमारी कर दिनेश कुमार नामक साइबर ठग गिरफ्तार किया गया है। सीआईडी के साइबर क्राइम ब्रांच के द्वारा प्रेस रिलीज कर दी गई जानकारी के अनुसार सीआईडी के साइबर क्राइम थाने में कांड संख्या 88/2025 दर्ज किया गया था। दर्ज कांड में वादी के द्वारा यह बताया गया था कि टेलीग्राम ऐप पर संचालित ग्लोबल इंडिया साइट के लिंक को क्लिक करने पर शिकागो बोर्ड ऑफ ऑफ एक्सचेंज में एक ऑनलाइन खाता खोलकर मेटल ट्रेडिंग में ऊंचे रिटर्न के झूठे वादों का लालच देते हुए निवेश के लिए विभिन्न बैंक खातों में कुल 2 करोड़ 99 लाख रुपए का साइबर अपराधियों के द्वारा अवैध हस्तांतरण करते हुए ठगी कर लिया गया था। जब सीआईडी के साइबर क्राइम ब्रांच के द्वारा कांड का अनुसंधान शुरू किया गया तब जमशेदपुर पुलिस की सहायता से दिनेश कुमार नाम के साइबर ठाकुर गिरफ्तार किया गया है। सीआईडी के साइबर क्राइम ब्रांच के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जिस बैंक खाते में साइबर अपराधियों ने ठगी के पैसे को ट्रांसफर किया था, उसमें पहले से ही करोड़ों रुपए के निवेश संबंधी धोखाधड़ी के मामले पूर्व से दर्ज थे। ऐसे ही मामले में उत्तर प्रदेश के नोएडा के सेक्टर 36 पुलिस स्टेशन में भी ठगी का मामला दर्ज है। सीआईडी के साइबर क्राइम ब्रांच के अनुसार पूरे मामले की जांच आगे भी जारी है ताकि इस साइबर अपराध नेटवर्क से जुड़े अन्य बैंक खातों, संचालक और उनके डिजिटल संपत्तियों का पता लगाया जा सके।

## चक्रधरपुर रेल मंडल में नक्सली विस्फोट, रेलकर्मी की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**चक्रधरपुर।** चक्रधरपुर रेल मंडल के बिमलगढ़ रेलखंड में आज रविवार की सुबह नक्सली विस्फोट में एक ट्रैकमैन की मौत हो गयी जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया है। घटना ओडिशा-झारखंड बॉर्डर क्षेत्र में उस समय हुई जब नक्सली बंद के दौरान दो रेलकर्मी एतवा ओराम (58) और बुधराम मुंडा पटरी की पेट्रोलिंग कर रहे थे। इसी दौरान नक्सलियों द्वारा बिछाया गया बम तेज धमाके के साथ फट गया। घटना के बाद घायल अवस्था में दोनों को बंडामुंडा रेलवे अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद एतवा ओराम को मृत घोषित कर दिया। बुधराम को बेहतर इलाज के लिए राउरकेला रेफर किया गया है। फिलहाल उनका इलाज चल रहा है। बताया जा



रहा है कि नक्सली पहले ही लाल बैनर लगाकर इलाके में अपनी मौजूदगी दर्ज करा चुके थे और सुबह एक और विस्फोट कर पटरी उड़ा दी थी। बावजूद इसके आरपीएफ द्वारा ट्रैक की समुचित जांच किए बिना कर्मियों को पेट्रोलिंग पर भेजा गया। इस लापरवाही को लेकर रेलवे प्रशासन पर सवाल उठ रहे हैं। दक्षिण पूर्व रेलवे मेंस कांग्रेस के मंडल संयोजक शशि मिश्रा ने इसे गंभीर चूक बताते हुए रेलकर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

## महिला ने दो बच्चों संग की आत्महत्या

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहार के औरंगाबाद की रहने वाली थी महिला**

**रांची।** राजधानी रांची के जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। थाना क्षेत्र के लटमा स्थित एक घर से महिला और दो बच्चों का शव बरामद किया गया है। तीनों ने सामूहिक आत्महत्या की है। मामले की जानकारी मिलने के बाद जगन्नाथपुर पुलिस मौके पर पहुंच जांच शुरू कर दी है। लटमा निवासी ब्रजेश सिंह की पत्नी और दो बच्चों का शव उनके कमरे से बरामद किया गया है। तीनों ने एक साथ आत्महत्या की है। मृतकों में 34 वर्षीय संयुक्ता सिंह और उनके दो बच्चे आरव और आराध्या शामिल हैं। आत्महत्या का कारण आर्थिक तंगी और शादी के बाद उत्पन्न घरेलू कलह बताया जा रहा है। मामले की जानकारी मिलने के बाद जगन्नाथपुर पुलिस और एफएसएल की टीम मौके पर पहुंची और घटना की जांच की। मौके से कई सैंपल एकत्र कर जांच के लिए भेज दिए हैं। हटिया डीएसपी पीके मिश्रा ने बताया कि महिला ने अपने दो बच्चों के साथ आत्महत्या कर ली है। मामले की जांच की जा रही है। मृतक संयुक्ता सिंह के पड़ोसियों ने बताया कि पति-पत्नी के बीच संबंध ठीक नहीं थे। संयुक्ता सिंह अपने पति बृजेश को प्रताड़ित करती थीं जिसके बाद मामला तलाक तक पहुंच गया था। जानकारी के अनुसार मामला अभी कोर्ट में है। कोर्ट में अटके रहने के कारण बृजेश सिंह के साथ-साथ संयुक्ता सिंह की आर्थिक स्थिति भी काफी खराब हो गई थी। पिछले तीन सालों से बृजेश सिंह औरंगाबाद स्थित अपने गांव में रहते थे जबकि संयुक्ता सिंह अपने दो बच्चों के साथ लटमा स्थित फ्लैट में रहती थीं। पड़ोसियों से यह भी पता चला है कि जिस फ्लैट में संयुक्ता सिंह अपने बच्चों के साथ रहती थीं, वह भी बैंक में गिरवी रखा हुआ था। वह दोनों बच्चों आरव और आराधना की स्कूल फीस भी नहीं भर पा रही थीं। पड़ोसियों ने आशंका जताई है कि आर्थिक तंगी के कारण संयुक्ता सिंह ने अपने दोनों बच्चों के साथ आत्महत्या कर ली। दरअसल, शनिवार रात और रविवार सुबह जब संयुक्ता सिंह का दरवाजा नहीं खुला तो कुछ लोगों ने पुलिस को मामले की सूचना दी। पुलिस टीम जब फ्लैट के अंदर पहुंची तो महिला और उसके दोनों बच्चों के शव ड्राइंग रूम में पड़े मिले। पुलिस ने तीनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। बृजेश सिंह को भी उनकी पत्नी और दोनों बच्चों की मौत की सूचना दी गई जिसके बाद वे रांची पहुंचे।

## शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन की हालत नाजुक

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** झारखंड के शिक्षा मंत्री और झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) के वरिष्ठ नेता रामदास सोरेन की हालत फिलहाल बेहद गंभीर बनी हुई है। उन्हें दिल्ली के इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल में जीवन रक्षक प्रणाली पर रखा गया है। अस्पताल सूत्रों के अनुसार, शनिवार से ही उन्हें वेंटिलेटर पर रखा गया है और विशेषज्ञों की बहु-अनुशासनात्मक टीम उनकी स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रविवार को दिल्ली के अपोलो अस्पताल पहुंचकर रामदास सोरेन का हालचाल जाना और इलाज कर रहे डॉक्टरों से विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा, 'आदरणीय रामदास दा झारखंड आंदोलन के अग्रणी योद्धा रहे हैं। उन्होंने संघर्ष से हर चुनौती को पार किया है, और इस बार भी वह विजयी होंगे। मरांग बुरु उन्हें शक्ति और साहस दें।'

## सड़क हादसे में ननद और भाभी की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बांका/गोड्डा।** भागलपुर-हसडीहा मुख्य मार्ग पर स्थित कन्या मध्य विद्यालय पुनसिया बाजार के पास सड़क हादसे में दो महिला कांवरियों की मौत हो गई। वहीं घायल बाइक चालक का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रजौन में किया जा रहा है। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। आसपास के लोगों की भीड़ लग गई। इधर, सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया जा रहा है कि दोनों मृत महिला झारखंड के गोड्डा जिले के मोतिया ओपी क्षेत्र के मोतिया मांझी टोला के बुलो मांझी की पुत्री एवं पुत्रवधू थी। सावन के मौके पर वे गंगा जल लेने भागलपुर जा रही थीं ताकि जल लेकर बासुकीनाथ मंदिर में जलार्पण कर सकें। इसी दौरान मिर्ज़ापुर मोड़ के समीप कन्या मध्य विद्यालय के पास विपरीत दिशा से आ रही एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों महिलाओं की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि साथ में सवार व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि रविवार के दिन बड़ी संख्या में कांवरिए गंगाजल लेने के लिए इसी मार्ग से गुजरते हैं लेकिन सड़क पर तेज रफ्तार वाहनों के कारण खतरा बना रहता है। हादसे के बाद घटनास्थल पर भारी भीड़ जमा हो गई और माहौल गमगीन हो गया। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि जिला प्रशासन द्वारा साफ तौर पर निर्देश है कि शनिवार रात 10:00 बजे से मंगलवार की सुबह 8:00 तक भागलपुर-हंसडीहा सड़क मार्ग पर भारी वाहनों के चलने पर प्रतिबंध लगा दिया है। फिर किस परिस्थिति में पुलिस ने भारी वाहनों को रविवार के दिन प्रवेश दिया? यह जांच का विषय है।

## गैस टैंकर ने पांच महिलाओं को रौंदा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गिरिडीह।** जिले के गावां-बासोडीह मुख्य मार्ग पर स्थित बिरने पुल के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। हादसा उस समय हुआ जब एक गैस टैंकर ने ओवरटेक करने की कोशिश में सड़क किनारे चल रही पांच महिलाओं को कुचल दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, एक लाइन में तीन गैस टैंकर जा रहे थे तभी एक टैंकर ने तेज रफ्तार में आगे निकलने की कोशिश की और यह घटना घट गई। इस घटना में 45 वर्षीय बसमतिया देवी की मौके पर ही मौत हो गई जबकि चार अन्य महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं। घायलों में पूनम देवी (25), सुगिया देवी (30), उषा देवी (35) और मीणा देवी (65) शामिल हैं। सभी घायलों को पहले गावां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए गिरिडीह सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। हादसे के



बाद अफरा-तफरी मच गई। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और तुरंत घायलों को अस्पताल पहुंचाया। इधर ग्रामीणों ने घटनास्थल से भाग रहे गैस टैंकर का पीछा किया और आलमपुर के पास उसे पकड़ लिया। मामले की सूचना मिलते ही गावां थाना पुलिस मौके पर पहुंची और टैंकर चालक को हिरासत में लेकर थाने ले गई। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने मृतका के शव को सड़क पर रखकर मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। ग्रामीण दोषी चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे थे। खबर लिखे जाने तक पुलिस घटनास्थल पर मौजूद थी और लोगों को समझाने-बुझाने का प्रयास कर रही थी ताकि जाम हटाकर स्थिति को सामान्य किया जा सके।

## वरिष्ठ पत्रकार हरिनारायण सिंह का निधन, शोक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** झारखंड के वरिष्ठ पत्रकार हरिनारायण सिंह का आज निधन हो गया। वे पिछले 10 महीने से लंग्स कैंसर से पीड़ित थे। मेदांता अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। आज रविवार को रांची के सैमफोर्ड अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गयी। दोपहर साढ़े तीन बजे कोकर स्थित उनके आवास से शवयात्रा अंतिम संस्कार के लिए निकली। इनके निधन पर झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार, सीएम हेमंत सोरेन और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी समेत अन्य ने गहरा शोक जताया है। झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार ने उनके निधन पर सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि वरिष्ठ पत्रकार हरिनारायण सिंह के निधन का समाचार अत्यंत दुखद है। उन्होंने अपने दीर्घ पत्रकारिता जीवन में निष्ठा और संवेदनशीलता के साथ समाज और राज्य की सेवा की। शोकाकुल परिजनों के प्रति उन्होंने गहरी संवेदना व्यक्त की है। ईश्वर उन्हें यह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि वरिष्ठ पत्रकार हरिनारायण सिंह के निधन का दुखद समाचार मिला। उनका निधन पत्रकारिता जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। मरांग बुरु दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिजनों को दुःख की यह विषम घड़ी सहन करने की शक्ति दें। नेता प्रतिपक्ष और बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा है कि वरिष्ठ पत्रकार हरिनारायण सिंह के निधन की सूचना से अत्यंत व्यथित हूं। उन्होंने पत्रकारिता के माध्यम से दशकों तक समाज की सेवा की। उनका निधन पत्रकारिता जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें एवं शोकाकुल परिजनों को यह अपार दुःख सहन करने की शक्ति दें।

# हथियार के साथ दो अपराधी गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मेदिनीनगर।** झारखंड की पलामू पुलिस ने राहुल दुबे गैंग के दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से हथियार भी बरामद किए गए हैं। पोलपोल में हाइवे निर्माण साइट पर वे गोलीबारी करने जा रहे थे उससे पहले ही पुलिस ने गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए उन्हें दबोच लिया। दोनों अपराधी पलामू जिले के ही रहने वाले हैं। पलामू की पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली कि दो व्यक्ति मोटरसाइकिल पर सवार होकर सतबरवा की ओर किसी बड़ी आपराधिक घटना को अंजाम देने जा रहे हैं। इस सूचना के सत्यापन एवं त्वरित कार्रवाई के लिए सदर थाना, डालटनगंज से एक विशेष पुलिस टीम का गठन कर आवश्यक कार्रवाई के लिए रवाना किया गया। टीम ने टोल प्लाजा चुकरु के पास



निगरानी शुरू की। कुछ समय बाद एक मोटरसाइकिल पर दो संदिग्ध डालटनगंज की ओर से आते दिखे। रुकने का संकेत देने पर वे पुलिस बल को चकमा देकर भागने लगे, जिन्हें तत्परता से पीछा कर पकड़ा गया। पूछताछ में उन्होंने खुलासा कि वे दोनों राहुल दुबे गैंग के सक्रिय सदस्य हैं। उसके निर्देश पर वे चियांकी से पोलपोल (सतबरवा) में हाइवे निर्माण साइट पर गोलीबारी करने जा रहे थे। इसी दौरान वे पकड़े गए। गिरफ्तार आरोपियों में राकेश कुमार (पिता-धनंजय बड़ाईक) पलामू के पिपराटांड़ थाना के लोहरसी एवं रजनीकांत मेहता (पिता-सुनील मेहता) पलामू के पड़वा थाना क्षेत्र के लोहड़ी का रहनेवाला है। इनके पास से एक देसी कट्टा, तीन जिंदा कारतूस, दो मोबाइल, एक चोरी की सुपर स्प्लेंडर मोटरसाइकिल बरामद की गयी है। छापामारी दल में पुअनि सह थाना प्रभारी सदर संतोष कुमार गुप्ता, पुअनि रंजित कुमार, पुअनि मनोज मुण्डा, आरक्षी अनुराग सिंह, आरक्षी वेद प्रकाश, आरक्षी रोहित कुमार और चालक अविनाश कुमार शामिल थे।


FOR REGISTRATION : ISO, TRADE MARK, PATENT

DESIGN AND COPYRIGHT, ATTORNEY

GLOBAL VISION

(A Complete Solution in Professional Services)

: Regd. Office/ Head Office :

Manaitand, Near Water Tank

Dhanbad, Jharkhand- 826001

Command Office : Jagat Trade Centre, Patna

Contact No.- 9835333441, 8210823092

E-Mail : globalvision96@yahoo.in

## संक्षिप्त समाचार

### जिओ बैग गंगा के पानी में खिसका, सीओ ने लिया जायजा

**भागलपुर, एजेंसी।** प्रखंड क्षेत्र के इंग्लिश फरका में शनिवार को जिओ बैग के गंगा के पानी में खिसकने की खबर फैल गई। इसके बाद फरका पंचायत मुखिया के सूचना पर सबौर सीओ ने इंग्लिश गांव में जाकर मौके का जायजा लिया। फरका पंचायत के मुखिया राजेंद्र प्रसाद मंडल ने इंग्लिश कटाव स्थल पर सीओ को बताया कि फरका पंचायत के इंग्लिश वार्ड नंबर आठ में जिओ बैग पानी में समा जाने के कारण कटाव शुरू हो गया और खेल मैदान में भी पानी घुस गया है। वहीं सीओ ने मुखिया से सारी जानकारी ली। हालांकि मुखिया ने जल संसाधन विभाग के एसडीओ को भी जानकारी दी हैं। उन्होंने काटव निरोधी कार्य करने का आश्वासन दिया। सबौर सीओ सौरभ कुमार ने कहा कि इंग्लिश फरका में हल्की फुल्की कटाव हो रही है। जिसकी जानकारी आपदा विभाग को दे दी गई है।

### सरमेरा के ग्रामीण पहुंच पथों की हालत जर्जर



**नालंदा, एजेंसी।** नालंदा जिले के सरमेरा के सुदूरवर्ती टाल क्षेत्र में स्थित कई ग्रामीण पहुंच पथों की स्थिति अत्यंत खराब है। सरमेरा से मोकामा एनएच33 तक जाने वाली लगभग 3 किलोमीटर लंबी सड़क पेंदी गांव तक पहुंचती है। यह पेंदी गांव का एकमात्र आवागमन मार्ग है। वर्तमान में यह बहुत खराब स्थिति में है। बरसात के मौसम में सड़क पर पानी जमा हो जाता है। इससे ग्रामीणों को आने-जाने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। तोड़ा मोहद्दीपुर, हुसैना और नयागढ़ पहुंच पथों की स्थिति भी इसी प्रकार खराब है। ये सभी पहुंच पथ ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा निर्मित कराए गए थे। निर्माण की शर्तें क्या हैं, यह जानकारी केवल विभाग ही दे सकता है। स्थानीय निवासियों के लिए इन सड़कों की तत्काल मरम्मत आवश्यक है। इससे उनका दैनिक जीवन सुचारू रूप से चल सकेगा। ग्रामीणों ने संबंधित अधिकारियों से जल्द से जल्द इन मार्गों की मरम्मत कराने की मांग की है।

### खेलते समय नहर में गिरा 10 साल का बच्चा डूबा



**जमुई, एजेंसी।** जमुई में शनिवार शाम एक हादसे में 10 साल के बच्चे की नहर में डूबकर मौत हो गई। मृतक बच्चे की पहचान अंकुश कुमार के रूप में हुई है, जो सुरेंद्र यादव का बेटा था। घटना लक्ष्मीपुर प्रखंड के हरला पंचायत स्थित पनौट गांव की है।परिजनों के अनुसार, अंकुश घर के पास नहर किनारे खेल रहा था। भारी बारिश के कारण नहर का जलस्तर काफी बढ़ गया था और किनारा फिसलन भरा हो गया था। इसी दौरान उसका पैर फिसला और वह सीधे उफनती नहर में गिर गया। बहाव इतना तेज था कि बच्चा बाहर नहीं निकल पाया और डूब गया।

#### हालत थी नाजुक , अस्पताल के रास्ते तोड़ा दम

परिजन तुरंत उसे पास के निजी क्लीनिक ले गए, जहां से उसे सदर अस्पताल जमुई रेफर किया गया। लेकिन चिकित्सकों ने देर शाम उसे मृत घोषित कर दिया। बच्चे की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मां-बाप और परिजन का रो-रोकर बुरा हाल है।

**गांव में शोक, पुलिस ने शुरू की कार्रवाई :** घटना की सूचना पर लक्ष्मीपुर थाना अध्यक्ष आलोक कुमार सिंह मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि, नहर में डूबने से एक बच्चे की मौत की पुष्टि हुई है और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया की जा रही है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से नहर के किनारे सुरक्षा व्यवस्था और चेतावनी संकेत लगाने की मांग की है। ताकि भविष्य में ऐसे हादसे दोबारा न हों।

# केंद्र सरकार ने लगा दी शर्त, बाबा विश्वनाथ से पशुपतिनाथ तक सड़क पर ग्रहण



**पटना, एजेंसी।** बाबा विश्वनाथ (वाराणसी) को पशुपतिनाथ (नेपाल) से जोड़ने वाली सड़क पर ग्रहण लग गया है। आमस (औरंगाबाद)-दरभंगा को विस्तार देने के लिए दरभंगा-जयनगर (एनएच 527 बी) चार लेन सड़क की परिकल्पना की गई थी। लेकिन, केंद्रीय सड़क एवं परिवहन राजमार्ग मंत्रालय की ओर से रखी गई शर्तों के कारण

#### दरभंगा-जयनगर फोर लेन सड़क का निर्माण लटका

फिलहाल इस सड़क का निर्माण अधर में लटकता दिख रहा है। परियोजना पर ग्रहण लगते देख पथ निर्माण विभाग ने इस मसले पर केंद्र सरकार से पत्राचार करने का निर्णय लिया है। अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार पिछले दिनों मंत्रालय ने इस सड़क के निर्माण को लेकर समीक्षा बैठक की थी।

दरभंगा के दिल्ली मोड़ से शुरू होने वाली यह सड़क केवटी, औंसी, रामपुर, रहिका, पोखरौनी, कलुआही, बरदेहपुर, नरार, दुल्लीपट्टी होते हुए जयनगर में समाप्त होती है। दरभंगा से बनवारीपट्टी तक 14 किलोमीटर सड़क का निर्माण मंत्रालय ने पथ निर्माण विभाग के एनएच डिविजन को दिया है। इसकी मंजूरी वर्ष 2023 में ही मंत्रालय से मिल चुकी है। लेकिन इसके आगे जयनगर तक चार लेन सड़क का निर्माण होना है। अब मंत्रालय ने कहा है कि गोरखपुर-सिलीगुड़ी एक्सप्रेस-वे से भी इस सड़क का जुड़ाव होना है। एनएचएआई की ओर से इस एक्सप्रेस-वे के लिए दरभंगा में एक स्पर का भी निर्माण होना है। इसलिए गोरखपुर-सिलीगुड़ी एक्सप्रेस-वे के निर्माण का इंतजार किया जाए। इसके बाद जो सड़क बच जाएगी, उसका निर्माण पथ निर्माण विभाग करे। लेकिन इसके पहले एलाइनमेंट नए सिरे से बनाए और उसकी मंजूरी मंत्रालय से ले। मंत्रालय की इस शर्त में समस्या यह उत्पन्न हो गई है कि अब तक गोरखपुर-सिलीगुड़ी एक्सप्रेस-वे के लिए जमीन अधिग्रहण भी शुरू नहीं हुआ है। ऐसे में जब तक इसका निर्माण होगा, तब तक दरभंगा-जयनगर का काम नहीं हो सकेगा। इस परियोजना में एक जयनगर बाईपास का भी निर्माण होना है। मंत्रालय ने इसका एलाइनमेंट भी नए सिरे से बनाने को कहा है। नए एलाइनमेंट को बनाने और उसकी मंजूरी लेने में भी लंबा समय लग सकता है।

#### परियोजना के लिए आवंटित हो चुकी है राशि

केंद्र सरकार ने चालू वित्तीय वर्ष में दरभंगा-जयनगर परियोजना के लिए 13 सौ करोड़ का प्रावधान कर दिया है। परियोजना में 15 किलोमीटर ग्रीनफील्ड सड़क है। इसके अलावा केंद्र सरकार ने जयनगर में एक इंटीग्रेटेड चेकपोस्ट भी बनाने का निर्णय लिया है। ऐसे में अगर दरभंगा-जयनगर परियोजना पर काम नहीं हुआ तो ये सभी परियोजना कागजी ही साबित रह जाएगी। इसके बन जाने से वाराणसी से जीटी रोड और वाराणसी-कोलकाता एक्सप्रेस-वे से आमस-दरभंगा एक्सेस कंट्रोल्ड हाईवे होते हुए दरभंगा से नेपाल तक आना-जाना आसान हो जाएगा। वाराणसी से दरभंगा और नेपाल तक के लोगों को दरभंगा एयरपोर्ट से सम्पर्कता मिल जाएगी। इससे धार्मिक पर्यटन के साथ ही व्यवसाय को भी बढ़ावा मिलेगा।

## स्वाति मिश्रा राम मंदिर के बाद अब सीता मंदिर के लिए गाएंगी

### कहा- मुंबई के स्टूडियो में हो रही रिकॉर्डिंग, शिलान्यास के दिन भी रहेंगी मौजूद



**पटना, एजेंसी।** राम मंदिर के उद्घाटन के दौरान राम आएंगे तो अंगना सजाऊंगी गाने से फेमस हुई बिहार की बेटी स्वाति मिश्रा अब पुनैराधाम स्थित माता सीता के मंदिर निर्माण में भी गाना गाएंगी। उन्होंने कहा कि मैंने इस गाने की तैयारी भी शुरू कर दी है और मुंबई में इस गाने की रिकॉर्डिंग चल रही है।

#### मंदिर के शिलान्यास के दौरान रहेंगी मौजूद

स्वाति मिश्रा ने कहा कि सीता मंदिर के शिलान्यास के दौरान माता सीता को लेकर उनका गाना आने वाला हैं। इसके लिए उन्होंने तैयारी भी शुरू कर दी है। मुंबई के स्टूडियो में इस गाने की रिकॉर्डिंग चल रही है। दर्शकों को यह गाना जल्द ही सुनने को मिलेगा। इसकी तारीख वह अभी नहीं बता सकती हैं। स्वाति ने कहा कि सीता मंदिर के शिलान्यास के दौरान मैं वहां मौजूद रहूंगी।

#### नाम के साथ अफवाह भी आता है

स्वाति मिश्रा के पिता राजेश मिश्रा के भाजपा ज्वाइन पर उन्होंने कहा कि पिता के ज्वाइन करने पर यह बात फैल गई थी कि मैंने भाजपा ज्वाइन किया है, लेकिन यह सच नहीं है। स्वाति कहती हैं कि क्या कर सकते हैं, नाम के साथ अफवाह भी आता है। मैं संगीत में ही हूं और यहां काफी खुश हूं। मैं अपने पिता के BJP ज्वाइन करने के फैसले का स्वागत करती हूं। एक अच्छे पार्टी से जुड़ने से व्यक्ति को अच्छा काम करने का मौका मिलेगा। मेरे पापा समाज सेवा करना चाहते हैं इसलिए उन्होंने BJP ज्वाइन किया है। आगे चलकर हम उन्हें चुनाव लड़ते हुए भी देख सकते हैं।

#### पॉलिटिक्स में आएंगी स्वाति मिश्रा ?

सिंगर स्वाति मिश्रा के पॉलिटिक्स में आने के सवाल पर उन्होंने कहा कि फिलहाल मेरा पॉलिटिक्स में आने का कोई इरादा नहीं है। भविष्य में कभी इतनी जिम्मेदारी उठाने के लायक समझ पाऊं तो आने का सोचूंगी। उन्होंने कहा कि फिलहाल उनके कई सारे प्रोजेक्ट्स आने वाले हैं जिसमें से एक पता नहीं किस रूप में आकर नारायण मिल जाएंगे गाने का सेकंड पार्ट आ रहा है।

## सीएम नीतीश कुमार ने दी सौगात: पटना में दो लेन और फोर लेन सड़का निर्माण होगा



**पटना, एजेंसी।** पटना के लोगों के लिए खुशखबरी है। पटना में दो लेन और फोर लेन सड़का निर्माण होगा। आनंदपुरी नाले पर दो लेन और कुर्जी नाला पर चार लेन की सड़क बनेगी। सितंबर से निर्माण शुरू होगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को आशियाना दीघा रोड में राजीव नगर के पास बने कार्यक्रम स्थल से 181 करोड़ लागत की कुर्जी नाला (राजीव नगर नाला) और राजापुर पुल के पास बने कार्यक्रम स्थल से 91.27 करोड़ रुपये लागत की आनन्दपुरी नाला निर्माण योजना का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि कुर्जी नाला और आनन्दपुरी नाला की योजनाओं के पूर्ण होने पर जलजमाव की समस्या से निजात मिलेगी।

साथ ही नाले के ऊपर सड़क निर्माण से लोगों को सुगम यातायात की सुविधा उपलब्ध होगी। शहर भी साफ-सुथरा और व्यवस्थित दिखेगा। शिलान्यास के बाद उन्होंने कुर्जी नाला (राजीव नगर नाला) एवं आनंदपुरी नाला का निरीक्षण भी किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि इस नाला निर्माण योजना के अंतर्गत नाले का पक्कीकरण होगा और इसके ऊपर सड़क बनेगी। उन्होंने अधिकारियों से इन कार्यों को तेजी से पूर्ण करने को कहा। जनसमूह ने सीएम का उत्साह के साथ स्वागत किया। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, मंत्री विजय चौधरी,मंत्री जिवेश कुमार, मंत्री नितिन नवीन, विधायक डॉ. संजीव चौरसिया, सीएम के प्रधान सचिव दीपक कुमार, डॉ. एस. सिद्धार्थ, अनुपम कुमार, अभय कुमार सिंह, कुमार रवि, आयुक्त डॉ. चंद्रशेखर सिंह, नगर आयुक्त अनिमेष पराशर, डीएम डॉ. त्यागराजन एस.एम. आदि थे।

#### एजेंसी चयन को कार्यादेश जारी

बुडको की ओर से निर्माण कार्य के लिए एजेंसी का चयन कर कार्यादेश जारी कर दिया गया है। दो साल में आरसीसी बॉक्स नाला सह सड़क का निर्माण कार्य पूरा करने का लक्ष्य है। मानसून बाद दोनों नाला पर सड़क का निर्माण कार्य शुरू होगा।

## बकरी चोरी के आरोप में युवक की बेरहमी से पिटाई

**किशनगंज, एजेंसी।** किशनगंज में बकरी चोरी के शक में एक युवक की भीड़ ने बेरहमी से पिटाई कर दी। यह मामला बहादुरगंज थाना क्षेत्र के नटुआपारा वार्ड संख्या 14 का है। घटना का एक वीडियो भी सामने आया है। इसके बाद पुलिस हरकत में आई और जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस अधीक्षक सागर कुमार ने बताया कि, अब तक इस मामले में किसी ने लिखित शिकायत दर्ज नहीं कराई है, लेकिन वीडियो और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर छानबीन जारी है। दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी, ताकि दोबारा ऐसी घटना न हो। ग्रामीणों के मुताबिक, युवक पर बकरी चोरी का आरोप लगा था। गुस्साई भीड़ ने उसे पकड़कर जमकर पीटा। किसी ने इस पूरी घटना का वीडियो बना लिया, जो अब सामने आया है।

## 75 फीसदी से कम उपस्थिति पर परीक्षा से होंगे वंचित: प्राचार्य



**गया, एजेंसी।** राजकीय पोलिटेकनिक, टिकारी में नवप्रवेशित छात्र एवं छात्राओं के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुरूआत संस्थान के प्राचार्य डॉ. बिधिलाल प्रभाकर ने दीप प्रज्वलित कर किया। ओरिएंटेशन कार्यक्रम में मेंटल हेल्थ, सुइसाइड प्रिवेंशन एंड लाइफ स्किल्स विषय पर चर्चा की गई। प्राचार्य डॉ. बिधिलाल प्रभाकर ने छात्र-छात्राओं को संस्थान में अच्छा वातावरण बनाकर पढ़ाई करने का संदेश दिया। उन्होंने बताया कि सेमेस्टर में यदि 75 फीसदी से कम का उपस्थिति हुआ तो आवेदन नहीं करने दिया जाएगा। जिससे आप सेमेस्टर की परीक्षा से वंचित रह सकते है। रोजाना कॉलेज आने और पढ़ाई करने की सलाह दी। पीएसडब्लू निशांत कुमार ने मेंटल हेल्थ एंड सुइसाइड प्रिवेंशन के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य की रक्षा के लिए संस्थानों में काउंसलिंग अनिवार्य रूप से होना चाहिए। पुरूष महिलाओं की तुलना में चार गुना ज्यादा सुइसाइड करते हैं। ग्रामीण क्षेत्र में सुइसाइड करने वालों की संख्या ज्यादा देखी गई है, जिसका सबसे बड़ा कारण मानसिक स्वास्थ्य में कमी है। सुइसाइड को रोकना चाहते है तो कम्युनिकेशन बहुत जरूरी है। उक्त कार्यक्रम में पीएन दीपक कुमार, डॉ. रार्जूयन, व्याख्याता प्रो. सुबोध कुमार गोंड, प्रो. धर्मेन्द्र कुमार, प्रो. सुजीत कुमार, प्रो. शिप्रा भदानी, प्रो. दीपक कुमार, प्रो. अमृता कुमारी, प्रो. हेमंत सागर, प्रो. ऋषभ कुमार, डॉ. मो. आजम, प्रो. शाहिद आलम, प्रो. विपुल रंजन, प्रो. प्रवीण कुमार मौजूद रहें। इस कार्यक्रम में नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं के साथ उनके अभिभावकगण भी शामिल हुए।



## बिहार चुनाव में राजनीतिक दलों के द्व इस्तेमाल पर सख्ती, आयोग ने कहा- गलत यूज किया तो करेंगे कानूनी कार्रवाई

**पटना, एजेंसी।** बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान राजनीतिक दलों एवं उम्मीदवारों द्वारा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के इस्तेमाल की निगरानी चुनाव आयोग करेगा। आयोग चुनाव के दौरान एआई के गलत इस्तेमाल पर सख्त रुख अपनाएगा। अगर, कोई भी दल या उम्मीदवार एआई का गलत इस्तेमाल करता पाया जाएगा तो उस पर कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। आयोग के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, आरोपी व्यक्ति या दल के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) एवं जन प्रतिनिधित्व कानून, 1950 की विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई की जा सकती है। कारावास, जुर्माना या दोनों हो सकता है। चुनाव आयोग के निर्देश पर राज्य और जिला स्तर पर प्रचार सामग्री की मंजूरी, निगरानी एवं कार्रवाई के लिए मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनिटरिंग कमेटी (एमसीएमसी) का गठन किया जाएगा। इस कमेटी में शामिल पदाधिकारियों द्वारा प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक एवं सोशल मीडिया की सतत निगरानी की जाएगी। यह एक अलग कोषांग के रूप में कार्य करेगा। इस कमेटी द्वारा अपनी रिपोर्ट बिहार के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीईओ) एवं चुनाव आयोग को नियमित रूप से दी जाएगी। आयोग के निर्देश पर राज्य में एमसीएमसी के गठन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जल्द ही इससे संबंधित निर्देश जारी किया जाएगा। सूत्रों के अनुसार, प्रचार सामग्री को लेकर अगर आयोग को थोड़ा भी शक हो कि इसमें एआई का गलत इस्तेमाल किया गया है तो उसकी मंजूरी नहीं दी जाएगी। राजनीतिक दलों एवं उम्मीदवारों को भी किसी भी तरह से एआई के गलत इस्तेमाल नहीं करने के लिए जागरूक किया जाएगा। दुनियाभर के चुनावों में एआई के बढ़ते इस्तेमाल को लेकर चुनाव आयोग पहले से ही सतर्क है।

## मेयर ने एक बार फिर नगर आयुक्त को लिखा पत्र:काम को लेकर लापरवाही का लगाया आरोप



### 48 घंटे के अंदर बैठकों की कार्यवाही उपलब्ध कराने का आदेश

**पटना, एजेंसी।** पटना मेयर सीता साहू ने एक बार फिर नगर आयुक्त अनिमेष कुमार पराशर को पत्र लिखा है। इस पत्र में मेयर ने आयुक्त पर कामों को लेकर लापरवाही का आरोप लगाया है। इसके साथ ही जनता के प्रति उदासीनता को दर्शाने की बात कही है। उन्होंने सभी बैठकों की कार्यवाही 48 घंटे के अंदर उपलब्ध कराने का आदेश दिया है।

#### 48 घंटे के अन्दर उपलब्ध हो बैठकों की कार्यवाही

मेयर सीता साहू ने पत्र में लिखा कि 19 मार्च को सशक्त स्थायी समिति विशेष बैठक (बजट 2025-26), 29 मार्च को निगम पर्षद की विशेष बैठक (बजट 2025-26), 10 मई को सशक्त स्थायी समिति की 14वीं साधारण बैठक, 3 जून को सशक्त स्थायी समिति की 15वीं साधारण बैठक, 25 जून को निगम पर्षद की 9वीं साधारण बैठक (स्थगित बैठक) और 11 जुलाई को निगम पर्षद की 9वीं साधारण बैठक की कार्यवाही निर्गत नहीं की गई है। पत्र में लिखा है कि जनहित के कई मामले प्रभावित हो रहें हैं साथ ही पार्षदों द्वारा उपरोक्त बैठकों की कार्यवाही की कॉपी का मांग की जा रही है। इतने लम्बे समय से उपरोक्त कार्यवाही को निर्गत नहीं करना जनहित और पटना शहर के विकास के कार्यों को प्रभावित हो रहा है, जो आपके कर्त्तव्यों का लापरवाही और जनता के प्रति उदासीनता को दर्शाता है। इसलिए उपयोक्त बैठकों की कार्यवाही 48 घंटे के अन्दर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

#### मेयर ने शोकॉज जारी करते हुए मांगा था स्पष्टीकरण

इससे पहले पटना नगर निगम की बोर्ड बैठक में हुए हंगामे और मेयर के बेटे शिशिर कुमार पर कार्रवाई के बाद मेयर सीता साहू ने शोकॉज जारी करते हुए नगर आयुक्त अनिमेष कुमार पराशर को 7 दिन का समय दिया था। उन्होंने नगर आयुक्त से बोर्ड बैठक में किए गए आचरण के बारे में स्पष्टीकरण मांगा था। जवाब न मिलने पर आयुक्त के विरुद्ध बिहार नगरपालिका अधिनियम, 2007 की धारा 36(7) के अंतर्गत कार्यवाही प्रारंभ करके उचित कानूनी उपाय करने की बात कही गई थी।

# रैयतों ने की कमर्शियल रेट के चार गुना मुआवजा व प्रशिक्षण की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बड़कागांव (हजारीबाग)।** बड़कागांव प्रखंड के आंगों पंचायत स्थित आर एंड आर कॉलोनी उरेज के सामुदायिक भवन में एनएमडीसी लिमिटेड एवं ऋत्विक माइनिंग कंपनी द्वारा टोकीसूद नॉर्थ कोल माइन परियोजना को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में कंपनी के अधिकारी तथा क्षेत्र के रैयत अपनी-अपनी मांगें और विचार प्रस्तुत करने के लिए उपस्थित रहे। समाजसेवी व रैयत प्रतिनिधि कालेश्वर गंझू ने रैयतों की ओर से प्रमुख मांग रखते हुए कहा कि जमीन का मुआवजा कमर्शियल रेट के चार गुना दिया जाए। साथ ही 20 डिसमिल अतिरिक्त जमीन देने और अन्य संबंधित मांगों को भी प्रमुखता से उठाया गया। रैयत जागेश्वर गंझू ने परियोजना शुरू होने से पहले रैयतों को उपयुक्त प्रशिक्षण दिलाने की मांग की। कंपनी के पदाधिकारियों ने रैयतों की बातें ध्यान से सुनते हुए बताया कि इस कोल खनन परियोजना क्षेत्र में पहले से ही सेक्शन 7 एवं सेक्शन 9 लागू हो चुकी है। सेक्शन 11 लगने के बाद रैयतों से पुनः बैठक करके सभी मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी और आगे की प्रक्रिया रैयतों के सहयोग से आगे बढ़ेगी। बैठक में मुख्य रूप से मौजा आंगों, उरेज, देवगढ़ के अंतर्गत देवगढ़, चोरा टोंगरी, उरेज, गुड़कुवा, डूमर बेड़ा, पारगढ़ा, चरका पत्थर, नहरिया टोला, किचिन कोचा सहित कोल परियोजना क्षेत्र के कई गांवों के रैयत महिला-पुरुष शामिल थे। बैठक में कंपनी की ओर से एवीएचपी मनोज सिन्हा एवं प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर विजय सर मौजूद रहे। रैयतों के प्रतिनिधियों में कालेश्वर गंझू, जिला सदस्य प्रतिनिधि दीपक करमाली, रमेश सिंह भोगता, महमूद खान, रमन गंझू, जागेश्वर गंझू, रामजीत गंझू, नागेश्वर गंझू, रविंद्र गंझू, मैनेजर गंझू, प्रेम गंझू, महेश महतो, श्याम कुमार रंजन, टिकेंद्र गंझू, फिरोज खान, फारुख खान, दिनेश करमाली, विमल टुडू, अजय महतो, जयनंदन गंझू, गोवर्धन गंझू, गणेश गंझू, मंतोक गंझू, तमिल गंझू, बिनोद खालखो, शिवनाथ गंझू, शाहीद खान, धर्मा गंझू, रोहित महतो, बानेश्वर महतो, कुलदीप महतो, समीम खान सहित सैकड़ों रैयत उपस्थित थे। बैठक का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया। परियोजना के आगे के फैसलों के लिए सेक्शन 11 के लागू होने के बाद पुनः रैयतों के साथ संवाद किया जाएगा।

## झारखंड के विश्वविद्यालयों में सत्र लेट, अधर में छात्रों का भविष्य

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के विश्वविद्यालयों में शैक्षणिक सत्र की लगातार देरी छात्रों के भविष्य पर गहरा असर डाल रही है। राज्य के प्रमुख विश्वविद्यालय– रांची विश्वविद्यालय, विनोबा भावे विश्वविद्यालय, नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय समेत अधिकांश सरकारी उच्च शिक्षण संस्थानों में स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम समय पर पूरे नहीं हो पा रहे हैं। परिणामस्वरूप, छात्रों की पढ़ाई, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी और उच्च शिक्षा में दाखिले की प्रक्रिया प्रभावित हो रही है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार प्रत्येक वर्ष जुलाई तक नया शैक्षणिक सत्र प्रारंभ हो जाना चाहिए, लेकिन झारखंड के विश्वविद्यालय इन मानकों से कोसों दूर हैं। उदाहरण के तौर पर, रांची विश्वविद्यालय में अगस्त माह तक भी दाखिला प्रक्रिया चलती रहती है, जिससे नियमित कक्षाएं देर से शुरू हो पाती हैं। यही स्थिति विनोबा भावे और अन्य विश्वविद्यालयों की भी है।

# झारखंड अलग राज्य बनने के ढाई दशक बाद आंदोलनकारियों की उम्मीद जगी : दशरथ राय

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विष्णुगढ़।** झारखंड राज्य के गठन के ढाई दशक बाद अब झारखंड आंदोलनकारियों की वर्षों पुरानी मांगों के पूरे होने की उम्मीद जगी है। झारखंड सरकार के गृह एवं आपदा प्रबंधन विभाग के अपर सचिव अनिल कुमार तिर्की द्वारा जारी पत्र संख्या 14/विविध-19/2024-3108 के आलोक में राज्य के सभी उपायुक्तों को निर्देशित किया गया है कि झारखंड आंदोलन में भाग लेने वाले चिन्हित आंदोलनकारियों को प्रशस्ति पत्र (सम्मान पत्र) प्रदान किया जाए। इसको लेकर झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा द्वारा 8 अगस्त 2025 को चास, बोकारो स्थित गुलमोहर है पैलेस, जोधाडीह में एक भव्य राज्य अधिवेशन का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में राज्य सरकार की ओर से आंदोलनकारियों को सम्मान स्वरूप प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे। राज्य अधिवेशन की तैयारी को लेकर विष्णुगढ़ प्रखंड के आंदोलनकारियों की एक बैठक रमुआ विद्यालय प्रांगण में आयोजित हुई, जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ आंदोलनकारी विशेश्वर प्रसाद स्वर्णकार ने की। बैठक का संचालन सुनील कुमार सिंह ने किया। बैठक में विशेष रूप से झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के केंद्रीय महासचिव महमूद आलम, जिला कार्यकारी अध्यक्ष दशरथ राय उपस्थित थे। जिलाध्यक्ष दशरथ राय ने कहा कि झारखंड अलग राज्य बनने के 25 वर्षों बाद अब आंदोलनकारियों की आशाएं फिर से जगी हैं। इसके लिए हेमंत सरकार को अन्तर्मन से धन्यवाद। बैठक में मुख्य रूप से कृष्ण नारायण सिंह, देवनाथ महतो, जागेश्वर महतो, नुनु गोपाल, भोला साव, नागेन्द्र महतो, गणेश साव, इंद्रराम महतो समेत दर्जनों आंदोलनकारी मौजूद थे। अब सभी आंदोलनकारी राज्य स्तरीय अधिवेशन में शामिल होकर अपने संघर्ष के सम्मान को साकार होते देख सकेंगे।

# देवघर श्रावणी मेला: कांवरियों पर गुलाब जल का छिड़काव बना आकर्षण का केन्द्र

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



श्रावणी मेले में उमस भरी गर्मी से कांवरियों को राहत देने के लिए इस वर्ष देवघर नगर निगम और जिला प्रशासन ने अभिनव पहल की है। कांवरियों की सेवा में जुटे प्रशासन ने इस बार गुलाब जल से युक्त मिस्ट कूलिंग सिस्टम की व्यवस्था की है, जिससे न केवल उन्हें ठंडक मिल रही है, बल्कि वातावरण भी सुगंधित हो रहा है।

**हर साल की तुलना में इस बार नई पहल**

नगर आयुक्त रोहित सिन्हा ने जानकारी दी कि बीते वर्षों में सामान्य जल टैंकरों से छिड़काव होता था, लेकिन इस बार उसमें बदलाव करते हुए कांवरियों पर गुलाब जल का छिड़काव किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गुलाब जल से न केवल गर्मी में राहत मिलती है, बल्कि इससे त्वचा संबंधी समस्याओं से भी बचाव होता है।

**रूट लाइन पर प्रतिदिन होता है छिड़काव**

गुलाब जल छिड़काव वाहन के चालक सूरज कुमार ने बताया कि प्रतिदिन तीन से चार घंटे तक वाहन के माध्यम से विभिन्न प्रमुख रूटों पर गुलाब जल का छिड़काव किया जाता है। इस कार्य की निगरानी कर रहे नगर निगम के जूनियर इंजीनियर सुमन कुमार ने बताया कि रविवार और सोमवार को विशेष तौर पर राम झा चौक, तिवारी चौक, बीएड कॉलेज और बरमसिया जैसे भीड़भाड़ वाले इलाकों में अधिक छिड़काव किया जाता है।

**कांवरियों ने सराहा प्रशासन का प्रयास**

देवघर पहुंचे कांवरियों ने नगर निगम की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि गुलाब जल के छिड़काव से थकावट कम महसूस होती है और कतार में खड़े रहना भी आसान हो जाता है। श्रद्धालुओं ने इसे एक सुखद अनुभव बताते हुए कहा कि प्रशासन को इस सुविधा का और भी विस्तार करना चाहिए ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें।

**श्रद्धा, सेवा और सुगंध से महका देवघर**

श्रावणी मेले में लाखों श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ को जल अर्पित करने देवघर पहुंचते हैं। ऐसे में प्रशासन की ओर से की गई यह पहल सेवा और श्रद्धा का एक सुंदर उदाहरण बन गई है। वातावरण में गुलाब की खुशबू के साथ कांवरियों के चेहरे पर मुस्कान यह दर्शाती है कि यह व्यवस्था कितनी प्रभावशाली और सराहनीय है।

# अब नहीं चलेगा निगम की जमीन पर अवैध कब्जा, ड्रोन से हो रही निगरानी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** रांची नगर निगम अब अपनी कीमती जमीनों की सुरक्षा को लेकर पूरी तरह चौकस हो गया है। वर्षों से अवैध कब्जे की भेंट चढ़ी सार्वजनिक जमीनों को अब तकनीक के माध्यम से संरक्षित किया जाएगा। पहली बार ड्रोन टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करते हुए निगम ने शहरभर की जमीनों का सर्वेक्षण शुरू किया है। शुरुआती रिपोर्ट में कई स्थानों पर अवैध निर्माण और अतिक्रमण का खुलासा हुआ है।

**ड्रोन सर्वे ने खोली अतिक्रमण की परतें**

ड्रोन से मिली हाई-रिज़ॉल्यूशन इमेज और वीडियो फुटेज से पता चला है कि नगर निगम की कई मूल्यवान भूखंडों पर निजी निर्माण कार्य किया गया है। नगर आयुक्त सुशांत गौरव ने रिपोर्ट मिलते ही अधिकारियों को





सख्त निर्देश देते हुए कहा कि अतिक्रमण की पहचान कर त्वरित कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा शहर को व्यवस्थित और अतिक्रमणमुक्त बनाना हमारी प्राथमिकता है। वर्षों से चली आ रही इस समस्या को अब तकनीक से जवाब मिलेगा।

**हर जमीन पर लगेगा सूचना बोर्ड**

नगर निगम ने तय किया है कि निगम की हर संपत्ति की सीमाएं चिन्हित कर वहां स्थायी सूचना पट लगाए जाएंगे। इन बोर्डों पर यह स्पष्ट उल्लेख होगा कि यह भूमि रांची नगर निगम की है और किसी भी प्रकार का निजी उपयोग या निर्माण गैरकानूनी है। इससे न केवल अतिक्रमण पर रोक लगेगी बल्कि आम लोगों को भी जागरूक किया जा सकेगा।

**जनहित में होगा भूमि का उपयोग**

नगर निगम ने यह भी तय किया है कि खाली पड़ी जमीनों का जनोपयोगी विकास किया जाएगा। इसके लिए विभिन्न योजनाओं का प्रस्ताव मांगा गया है, जिनमें बच्चों के लिए खेल मैदान, महिलाओं के प्रशिक्षण केंद्र, सामुदायिक भवन और सार्वजनिक शौचालय जैसे निर्माण शामिल हैं। निगम का लक्ष्य है कि कोई भी भूमि अनुपयोगी न रहे, बल्कि सामाजिक हित में लगे।

**कब्जाधारियों पर होगी सख्त कार्रवाई**

निगम ने स्पष्ट किया है कि अब किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ड्रोन से प्राप्त तस्वीरें और वीडियो फुटेज को कानूनी साक्ष्य के रूप में इस्तेमाल किया जाएगा। साथ ही, भूमि संबंधी दस्तावेजों की जांच के लिए अंचल और रजिस्ट्री कार्यालयों से रिकॉर्ड का मिलान किया जाएगा।

**रांची के सुनियोजित विकास की दिशा में बड़ा कदम**

यह पहल केवल अतिक्रमण हटाने तक सीमित नहीं है, बल्कि रांची शहर को सुनियोजित, स्वच्छ और व्यवस्थित रूप देने की दिशा में एक बड़ा कदम है। सार्वजनिक संपत्तियों की सुरक्षा मजबूत प्रशासनिक इच्छाशक्ति का प्रतीक है, और रांची नगर निगम की यह कोशिश शहरवासियों के लिए एक भरोसेमंद बदलाव का संकेत है।

# रामचरितमानस की महत्ता पर विचार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कुटुंबा (औरंगाबाद)।** मानस महामंडल के तत्वावधान में शनिवार को कुटुंबा में महाकवि और रामभक्त गोस्वामी तुलसीदास जी की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और मंगलाचरण से हुआ। इसके उपरांत तुलसीदास जी के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। गोष्ठी की अध्यक्षता रामलखन तिवारी ने की, जबकि संचालन चंद्रशेखर प्रसाद साहु ने किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने तुलसीदास जी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. सिद्धेश्वर सिंह ने कहा कि तुलसीदास हिंदी के सबसे श्रद्धेय कवि रहे हैं। उन्होंने संस्कृत के विद्वान होते हुए भी जनमानस की





भाषा–अवधी–में रामचरितमानस की रचना की, जिससे हर पीढ़ी उन्हें स्नेह और सम्मान से स्मरण करती है। वे भक्ति युग के सर्वोच्च कवि थे, जिनकी रचनाओं में सहज श्रद्धा और अनन्य अनुराग की अनुभूति होती है। डॉ. सुरेंद्र प्रसाद मिश्रा ने कहा कि आज जब लोग साहित्य से विमुख हो रहे हैं, ऐसे समय में तुलसी जयंती का आयोजन प्रेरणादायक है। रामचरितमानस एक कालजयी ग्रंथ है, जो भारतीय समाज को पशुत्व से देवत्व की ओर ले जाने की प्रेरणा देता है। डॉ. शिवपूजन सिंह ने कहा कि रामचरितमानस केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना को जागृत करने वाला ग्रंथ है। आज के युग में मोबाइल से ज़्यादा मानस के पन्ने पलटने की आवश्यकता है। प्रो. राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि सत्यं, शिवं, सुंदरम का सजीव उदाहरण रामचरितमानस है, जिसमें सभी पात्रों के बीच समन्वय और सद्भावना का संदेश है। धनंजय जयपुरी ने तुलसीदास के जीवन को विलक्षण बताया और कहा कि उनकी रचनाएं सनातन परंपरा के प्रसार में आज भी प्रासंगिक हैं। कवि नागेंद्र दुबे ने कविता पाठ सुनाऊंगा रात का किस्सा, धरा पर चांद आया था से श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। विनय मामूली बुद्धि ने रामचरितमानस के नियमित पाठ की आवश्यकता बताई, वहीं राजेश्वर सिंह ने इसे भक्ति, धर्म और कर्म की त्रिवेणी कहा। पुरुषोत्तम पाठक ने कहा कि गाड़ी में चलो लेकिन संस्कार मत भूलो, तुलसी की रचनाएं हमें जीवन के सही मार्ग की ओर ले जाती हैं। सावित्री सिंह ने तुलसीदास को संत कवि बताया, जिनकी रचनाओं से जीवन के मूल्य मिलते हैं। उमेश सिंह ने रामचरितमानस को हिंदी साहित्य का सर्वोत्तम महाकाव्य कहा।

# कार्यशाला में भाजपा ने बूथ सशक्तिकरण को लेकर की चर्चा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** आगामी बिहार विधानसभा चुनाव के मद्देनजर भारतीय जनता पार्टी संगठन की मजबूती के लिए बूथ स्तर पर कार्यशाला का आयोजन कर रही है। इसी क्रम में रविवार को ग्राम पंचायत कर्मा बसंतपुर के बारियांवा एवं ग्राम पंचायत तेलहारा के ढोंगरा गांव में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कर्मा बसंतपुर पंचायत के बैठक की अध्यक्षता पंचायत अध्यक्ष पंकज सिंह तथा तेलहारा पंचायत की अध्यक्षता पंचायत अध्यक्ष संतन सिंह ने की। इस दौरान मंडल अध्यक्ष प्रवीण कुमार ने बताया कि कर्मा बसंतपुर व तेल्हारा पंचायत के सभी बूथों का कमिटी का पुनर्गठन और सत्यापन कर लिया गया है। उन्होंने पंचायत अध्यक्ष को निर्देश दिया कि मतदाता पुनरीक्षण अभियान में जिन योग्य मतदाताओं का नाम किसी कारणवश छूट गया है, बीएलओ से संपर्क कर नियमानुसार उनका नाम मतदाता सूची में शामिल कराएं। साथ ही सभी बीएलए का हस्ताक्षर और फोटो निहित प्रपत्र की तीन कॉपी अविलंब मंडल कार्यालय में जमा करा दें। इस अवसर पर पंकज सिंह, पूनम देवी, अजित गुप्ता, प्रेमशंकर सिंह, विपुल कुमार सिंह, मनीष कुमार, रंजय कुमार सिंह, राम स्वरूप सिंह, रविरंजन सिंह, मनजीत कुमार सिंह, गिरीश सिंह, रंजीत कुमार सिंह, प्रवीण सिंह, इंद्रजीत सिंह, शैलेन्द्र सिंह, कलिका सिंह आदि उपस्थित थे।

# जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या का प्रयास

**औरंगाबाद/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पत्नी की प्रताड़ना से तंग आकर युवक ने अपनी जीवन लीला समाप्त करने की कोशिश की, लेकिन परिजनों के सुझबुझ से जान बचाई गई। मामला बारुण थाना क्षेत्र के सोननगर गांव की है। युवक की पहचान उस गांव निवासी आनंद मोहन के पुत्र धीरज कुमार के रूप में हुई है। सदर अस्पताल में परिजनों ने बताया कि घरेलू विवाद में दंपत्ति के बीच विवाद हो गया जिसमें धीरज ने आवेश में आकर जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। इलाज के दौरान धीरज ने बताया कि पांच वर्ष पूर्व उसकी शादी रोहतास जिले के सासाराम में हुई थी। उसका एक बेटा और बेटी है। वह ऑटो चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करता है। रविवार की सुबह उसकी पत्नी डिंपल रक्षाबंधन पर्व को लेकर मायके जाने की बात कहीं। लेकिन धीरज ने पत्नी को मायके जाने से मना किया तो दोनों के बीच विवाद हो गया और आवेश में आकर धीरज ने जहरीला पदार्थ खा लिया। जब उसे चक्कर, उल्टी और दस्त की शिकायत हुई तो परिजन आनन-फानन में इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरुण लेकर पहुंचे, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति में सदर अस्पताल रेफर कर दिया। इधर, सदर अस्पताल के चिकित्सकों द्वारा फिलहाल धीरज का इलाज किया जा रहा है।

# गायत्री परिवार ने किया साप्ताहिक पौधारोपण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** अखिल विश्व गायत्री परिवार की युवा इकाई प्रज्ञा युवा प्रकोष्ठ के द्वारा 218वें रविवासरीय साप्ताहिक पौधरोपण का कार्यक्रम काको प्रखंड के मई गांव में स्थित शिव मंदिर के प्रांगण में किया गया। इस दौरान वृहत पैमाने पर किए वृक्षारोपण कार्यक्रम में गाँव के बुद्धिजीविओं ने बढ़- चढ़कर हिस्सा लिया। मौके पर उपस्थित आईआईटी धनबाद के शोधार्थी छात्र रितेश रंजन ने कहा कि मानसून के पानी का भंडारण जरुरी है, परन्तु बड़े बांधों में भंडारण करना हानिप्रद है, क्योंकि इनसे वाष्पीकरण अधिक होता है। उन्होंने बताया कि इसके लिए यही उपाय है कि वर्षा जल का भंडारण भूमिगत एक्वीफरों में किया जाए। उन्होंने बताया कि धरती के गर्भ में विशाल तालाब होते हैं, जिन्हें एक्वीफर कहा जाता है। वर्षा के पानी को ट्यूबवेलों के माध्यम से इन एक्वीफरों में डाला जा सकता है। नदियों द्वारा पहाड़ से लाये जा रहे पानी को भी नियंत्रित करके इन ट्यूबवेलों में डाला जा सकता है. एक्वीफर में पड़े पानी का वाष्पीकरण नहीं होता है। गांवों को ऊँचे स्थानों पर तथा मकानों को स्टिलट पर बनाना चाहिए, जिससे बाढ़ से जान-माल का नुकसान न हो। गायत्री परिवार के प्रज्ञा युवा प्रकोष्ठ के जिला समन्वयक रंगेश कुमार ने बताया कि वृक्ष, बाढ़ नियंत्रण के लिए एक प्राकृतिक और प्रभावी उपाय है। उन्होंने उपस्थित लोगों को बताया कि वृक्षों की कटाई से बाढ़ का खतरा बढ़ जाता है, इसलिए वृक्षों का संरक्षण और वृक्षारोपण बाढ़ नियंत्रण के लिए महत्वपूर्ण है। प्रज्ञा युवा प्रकोष्ठ द्वारा चलाये जा रहे पौधरोपण जैसे रचनात्मक कायक्रम की ग्रामवासियों द्वारा सराहना की गई।इस अवसर पर रंगेश कुमार, कौशल कुमार, हरिजी, श्यामनारायण कुमार, शिशुपाल सिंह, नवीन कुमार, सत्येंद्र कुमार, भारती जी, अभिनव कुमार, सूर्यदेव नारायण सिंह, अरुण कुमार, उमेश शर्मा, सुधीर कुमार, सर्वेंद्र कुमार, शुभम, शिवम और अमन कुमार उपस्थित थे।

# ऑटो को काबू करने में चालक जख्मी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** देव थाना क्षेत्र के जंगी मुहल्ला में बच्चे द्वारा ऑटो चालू कर दिया। ऑटो को रोकने में चालक जख्मी हो गया। चालक की पहचान उस मुहल्ला निवासी चंदन कुमार के रूप में हुई है। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान घायल चंदन ने बताया कि घर के बाहर उसका ऑटो खड़ा था और एक बच्चा ऑटो पर बैठा हुआ था। अचानक बच्चें ने किसी तरह ऑटो को चालू कर दिया। ऑटो को आगे बढ़ते देख चंदन ने जैसे तैसे लोगों की मदद से रोका। लेकिन इस दौरान वह जख्मी हो गया। उसके हाथ की दो-तीन उंगलियां कुचला गया।

# नवप्रवेशी छात्रों के लिए आरएलएसवाई कॉलेज में इंडक्शन मीट का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** राम लखन सिंह यादव महाविद्यालय, औरंगाबाद में सत्र 2025S2029 के नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं के स्वागत में शनिवार को इंडक्शन मीट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नवागंतुक विद्यार्थियों को महाविद्यालय की शैक्षणिक परंपराओं, अनुशासनात्मक व्यवस्थाओं और सह-पाठ्य गतिविधियों से परिचित कराना था। समारोह का आयोजन गरिमामय एवं प्रेरणादायक माहौल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विजय रजक ने की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि यह संस्थान केवल डिग्री प्रदान करने वाला केंद्र नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के चरित्र



और व्यक्तित्व को गढ़ने की कार्यशाला है। उन्होंने विद्यार्थियों से अनुशासन, समय प्रबंधन और समर्पण की भावना के साथ अध्ययन करने का आह्वान किया। डॉ. रजक ने कॉलेज की शैक्षणिक उपलब्धियों एवं पूर्व विद्यार्थियों की सफलताओं का उल्लेख करते हुए छात्रों को प्रेरित किया। इस अवसर पर बरसर डॉ. विवेक कुमार ने कहा कि यह समय नवचिंतन, आत्मविकास और सामाजिक उत्तरदायित्व को समझने का है। उन्होंने विद्यार्थियों को तकनीकी दक्षता, नैतिक मूल्यों और सतत अध्ययन को जीवन का हिस्सा बनाने की सलाह दी। वहीं, प्रधान सहायक श्री कार्तिकेय तिवारी ने कहा कि आने वाले चार वर्ष न केवल शैक्षणिक बल्कि मानसिक और सामाजिक विकास के भी आधारशिला सिद्ध होंगे। उन्होंने छात्रों को कॉलेज की प्रशासनिक प्रक्रिया, छात्र सुविधाओं और मार्गदर्शन प्रणाली से अवगत कराया।

कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत गीत से हुई। इसके बाद वरिष्ठ छात्रों ने कॉलेज के विभिन्न विभागों, पाठ्यक्रमों, सांस्कृतिक एवं सह-पाठ्य गतिविधियों की जानकारी साझा की। मंच संचालन डॉ. विवेक कुमार द्वारा किया गया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी शिक्षकगण, प्रशासनिक कर्मचारी और बड़ी संख्या में नवप्रवेशी विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।

# भूमि विवाद में मामा-भांजे आमने-सामने, एक दर्जन से अधिक घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** ओबरा थाना क्षेत्र के श्रीगोरया गांव में रविवार को भूमि विवाद को लेकर चचेरे मामा-भांजे के बीच हिंसक झड़प हो गई। इस मारपीट की घटना में दोनों पक्षों से एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए, जिनमें कई की हालत गंभीर बताई जा रही है। घायलों का प्राथमिक उपचार ओबरा सीएचसी में कर प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल और फिर हायर सेंटर रेफर किया गया। जानकारी के अनुसार, विवाद पहले से चला आ रहा था। मृतका लक्ष्मीनिया देवी की दो संतानें–संजय कुमार सिंह और धनंजय कुमार सिंह–अपनी मां के हिस्से की जमीन पर खेती कर रहे थे। बताया जाता है कि रविवार को अचानक उनके चचेरे मामा मुनारिक



सिंह ट्रैक्टर लेकर उसी खेत में जुताई करने पहुंचे। इसका विरोध करने पर कहासुनी के बाद मामला बढ़ गया और देखते ही देखते लाठी-डंडा व धारदार हथियार से हमला शुरू हो गया। घायलों में एक पक्ष से अनिल सिंह (45), उनकी पत्नी धनवंती देवी (40), मुनील सिंह (35), उनका पुत्र रोहित कुमार (17), इंदू देवी (30), प्रीति कुमारी (14), संजय कुमार सिंह (35) व धनंजय कुमार (30) शामिल हैं। दूसरे पक्ष से मुनारिक सिंह समेत अन्य लोग घायल हुए हैं। घटना की सूचना पर ओबरा थानाध्यक्ष नीतीश कुमार दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रण में लिया। उन्होंने बताया कि सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। गंभीर रूप से घायल मुनारिक सिंह को बेहतर इलाज के लिए मगध मेडिकल कॉलेज, गया रेफर किया गया है। पुलिस ने घटनास्थल से कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष ने बताया कि दोनों पक्षों से प्राप्त आवेदन के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। ग्रामीणों के अनुसार, पूर्व में भी इसी जमीन को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद हो चुका है। रविवार की घटना से गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है।

# आरोपित के घर चिपकाया इश्तेहार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** दहेज प्रताड़ना के एक गंभीर मामले में फरार चल रहे आरोपी के खिलाफ रफीगंज पुलिस ने रविवार को सख्त कदम उठाते हुए न्यायालय के आदेशानुसार इश्तहार चस्पा किया। ढोल बजाकर की गई इस कार्रवाई के दौरान पुलिस ने आरोपी के घर पहुंचकर सार्वजनिक रूप से नोटिस लगाया, जिससे क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रफीगंज थाना क्षेत्र के वार्ड संख्या 15 निवासी अफरोज खां, पिता नूरुद्दीन खां, दहेज प्रताड़ना मामले में न्यायालय द्वारा फरार घोषित है। थाना अध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि यह कार्रवाई चांद बिगहा निवासी वादिनी गौसिया सुलताना की ओर से दर्ज कराए गए एफआईआर के आधार पर की गई है। पीड़िता के अनुसार, 19 अक्टूबर 2024 की रात आरोपितों ने मिलकर साजिश के तहत गला दबाकर हत्या करने की कोशिश की, साथ ही मिट्टी का तेल छिड़ककर जलाने की कोशिश भी की गई। शोर मचाने पर मोहल्ले वालों के हस्तक्षेप से उनकी जान बच सकी। इस गंभीर घटना के बाद पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी, जिनमें से मुख्य आरोपी अफरोज खां फरार चल रहा है। अब न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने उसके घर इश्तहार चस्पा कर दिया है। थाना अध्यक्ष ने बताया कि यदि आरोपी समय रहते न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत नहीं होता है तो आगे कुर्की-जप्ती की कार्रवाई की जाएगी।

# जनता हमें चुन चुकी, केवल जीत की औपचारिकता बाकी : चुन्नू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जनता हमें अपना प्रतिनिधि पहले ही मान चुकी है अब केवल टिकट मिलना और जीत की औपचारिकता है बाकी। उक्त बातें हम के राष्ट्रीय सचिव रितेश कुमार उर्फ चुन्नू शर्मा ने पिछड़ा और अति पिछड़ा वर्ग के सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि कार्यक्रमों के दौरान जनता जनार्दन का मिल रहा प्यार और अपार समर्थन इस बात का प्रमाण है कि हमें लोग दिल से चाहते हैं और बाकी अपना प्रतिनिधि बनाने की औपचारिकता वे चुनाव में पूरा कर देंगे। उन्होंने कहा कि हमें लोगों के दुख दर्द और समस्याओं के निराकरण के लिए हर स्तर पर काम करने का अनुभव रहा है जिसके कारण हमने हर प्रकार की परिस्थितियों में काम करके जनता की समस्याओ को दूर करने का प्रयास किया है। वार्ड पार्षद से लेकर उपाध्यक्ष, अध्यक्ष के रूप में काम करने का मेरा अनुभव रहा है और इसी कारण जनता के हर दुख दर्द को वह बहुत गहराई से पहचानते हैं। उन्होंने कहा कि उनका जनता से एक आत्मीय और गहरा जुड़ाव हो चुका है। इसी जुड़ाव का नतीजा है कि यहां सम्मान समारोह में अपार समर्थन और लोगों की भीड़ से जगह कम पड़ गई है। उन्होंने बताया कि यह मेरे प्रति जनता का स्नेह और अपार प्रेम को दर्शाता है। उन्होंने इसके लिए जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनता का यह प्यार हमेशा बना रहेगा यह हम जनता से आशा करते हैं और हम भी हर परिस्थिति में उनके सुख-दुख में उनके साथ खड़े होंगे यह विश्वास दिलाते हैं। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि एनडीए गठबंधन से हर दल अपने लिए टिकट का प्रयास करेंगे लेकिन टिकट उन्हीं को मिलेगा जिन्हें जनता पसंद करेगी। आरजेडी के प्रत्याशी के द्वारा लगातार दो बार जहानाबाद विधानसभा की सीट पर जीत दर्ज किए जाने के बाद वो अपने जीत पर कितना आश्वस्त हैं इस सवाल पर उन्होंने कहा कि जनता के सामने अभी तक कोई मजबूत दावेदार और उनके बीच काम करने वाला प्रत्याशी नहीं मिला यही कारण है कि राजद के प्रत्याशी यहां से जीत दर्ज कर पाए हैं। इस बार जनता की पसंद का प्रत्याशी मिलेगा तो नतीजा सबके सामने होगा।

New page 4_page 12 29.05.2025.qxd 03-08-2025 21:42 Page 1



# थम नहीं रहा गंगा के जलस्तर का उफान, लोगों में दहशत

## सहायक नदियों में भी उफान की स्थिति

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** जिले में गंगा खतरे के निशान से मात्र 40 सेंटीमीटर दूर है। गंगा के बढ़ते जलस्तर के कारण बक्सर, भोजपुर, सारण, पटना, वैशाली, खगड़िया, भागलपुर सहित गंगा किनारे के सभी जिले प्रभावित हैं। यदि बक्सर में खतरे का निशान पार हो जाता है, तो शेष जिलों में स्थिति और खराब हो जाएगी, क्योंकि बक्सर बिहार में गंगा की धारा में सबसे ऊँचा शहर है। शुक्रवार की शाम सात बजे के बाद जलस्तर में करीब दो सेंटीमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से वृद्धि हो रही है। जलस्तर में वृद्धि इसी तरह जारी रही तो रविवार या सोमवार तक जिले में गंगा खतरे के निशान को पार कर सकती है।

गंगा के अगले प्रवाह में उत्तर प्रदेश के निकटवर्ती शहर बलिया में गंगा का जलस्तर खतरे के निशान से करीब एक मीटर ऊपर है। इसी तरह गंगा के रास्ते में बक्सर से ठीक पहले यूपी के शहर गाजीपुर में भी नदी खतरे के निशान से करीब 20 सेंटीमीटर ऊपर बह रही है। वाराणसी में गंगा खतरे के निशान के करीब है और वहां जलस्तर में तीन सेंटीमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से वृद्धि हो रही है। प्रयागराज में संगम पर गंगा का जलस्तर चार सेंटीमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से बढ़ रहा है और खतरे के निशान को छूने को बेताब है।




शनिवार की सुबह आठ बजे बक्सर में गंगा का जलस्तर 59.91 मीटर दर्ज किया गया, जो चेतावनी बिंदु से करीब 60 सेंटीमीटर अधिक है। चालू सीजन में गंगा का यह सबसे अधिक जलस्तर है। इस मौसम में दूसरी बार गंगा का जलस्तर चेतावनी बिंदु को पार कर गया है।

प्रयागराज में गंगा से मिलने से ठीक पहले, प्रतापपुर में यमुना का जलस्तर छह सेंटीमीटर प्रति घंटे की दर से बढ़ रहा है। यमुना की सहायक केन नदी का जलस्तर तीन सेंटीमीटर प्रति घंटे की दर से बढ़ रहा है। बेतवा का जलस्तर दो सेंटीमीटर प्रति घंटे की दर से घटने लगा है।वहीं, प्रयागराज से आगे गंगा के अपस्ट्रीम पर नजर डालें तो फरुर्खाबाद में गंगा एक सेंटीमीटर प्रति घंटे की दर से बढ़ रही है। नरौरा बांध से गंगा में काफी पानी आ रहा है। इसके चलते बदायूं ज़िले में भी गंगा का जलस्तर बढ़ रहा है। चित्रकूट ज़िले में पैसुनी नदी ने एक नया रिकॉर्ड बनाया है। इस नदी का जलस्तर अपने सर्वकालिक स्तर को पार कर गया है। शनिवार सुबह 7 से 8 बजे के बीच नदी का जलस्तर आठ सेंटीमीटर बढ़कर 92.2 मीटर पर पहुंच गया। इस नदी का अब तक का सर्वोच्च जलस्तर 91.42 मीटर था।

यह दशार्ता है कि मानसूनी वर्षा का स्वरूप एक खास पैटर्न पर बदल रहा है। बिहार और उत्तर प्रदेश के मैदानी इलाकों में पिछले कुछ वर्षों में औसत वर्षा में कमी आई है, जबकि मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान और दिल्ली में पिछले कुछ वर्षों में औसत वर्षा में वृद्धि हुई है।

## महिला से घर में घुसकर किया बलात्कार

**पश्चिम चंपारण।** नगर क्षेत्र में महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म का एक मामला सामने आया है। मामले में पीड़िता ने अपने पति के साथ उसके चार अन्य दोस्तों को नामजद किया है। बताया है कि साहेब अंसारी के साथ वर्ष 2024 में शादी हुई थी।

उसके बाद हम लोग नगर क्षेत्र में किराए का एक मकान लेकर रह रहे थे। जहां एक बार गर्भवती भी हुई पर दवा खिलाकर गर्भपात करा दिया गया। बीते 25 जुलाई की रात में मेरे पति के साथ उनके दोस्त और मेघवल मठिया निवासी छोटे सिद्दकी, हरि शर्मा, बसंत चौधरी और धनंजय यादव एक गाड़ी से आए। हमारे डेरा पर ही मेरे पति सहित सभी आदमी मेरे मुंह को बांधकर बारी-बारी से मेरे साथ दुष्कर्म किए।

जिससे बेहोश हो गई। घर में रखे डेढ़ लाख रुपये और जेवर भी अपने साथ लेकर गाड़ी समेत फरार हो गए। जब होश आया तो डायल 112 पुलिस टीम को फोन किया। जिसके बाद मेरा इलाज कराया गया। पंचायती में दो लाख रुपये देने और केस नहीं करने की बात कही थी।

# 50 की दुल्हन, 18 वर्ष का दूल्हा

## बेटी-दामाद ने लगायी इंसाफ की गुहार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भागलपुर।** बिहार के भागलपुर से अजब प्रेम की गजब कहानी सामने आई है। यहां एक बेमेल प्रेमी जोड़े ने शादी कर अपने घरवालों को शर्मिंदगी झेलने पर विवश कर दिया है। नाती-पोते वाली महिला ने महज 18 साल की उम्र के लड़के के साथ ब्याह रचाकर लोक-लाज और मर्यादा की सारी सीमाएं लांघ दी है। महिला के बेटी-दामाद ने थाना पहुंचकर पुलिस से इस मामले में इंसाफ की गुहार लगाई है।

पचास साल की दुल्हन और अठारह वर्ष का दूल्हा पूरे इलाके में चर्चा का विषय बना हुआ है। मामला घोघा थाना क्षेत्र के पक्कीसराय गांव का है। यहां सल्लो मंडल का अठारह वर्षीय पुत्र कन्हाई कुमार ने पचास वर्षीय महिला को दुल्हन बनाकर घर लाया है। महिला अपने युवा प्रेमी कन्हाई की पत्नी बनकर प्रेमी के घर ही रह रही है। नौजवान प्रेमी के घर रह रही महिला को समाज व अन्य लोगों से तो किसी प्रकार की कोई शर्मिंदगी नहीं होती, लेकिन बेटी-दामाद को देखकर वह लजाकर छिप जाती है।

इस मामले को लेकर महिला की विवाहित पुत्री गुड़िया कुमारी ने घोघा थाना में आवेदन देकर मां को सकुशल घर वापस लाने की गुहार लगाई है। इस संबंध में घोघा के थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने आवेदन मिलने की पुष्टि करते हुए मामले की जांच पड़ताल करने की बात कही है।

महिला पति व इकलौते पुत्र के साथ गुजरात मे रहती थी। महिला का प्रेमी कन्हाई भी वहां उसके घर के आसपास ही रहता था। धीरे धीरे दोनो के बीच नजदीकी बढ़ी और एक दिन अचानक वह इसके साथ फरार हो गई।

# दीपू चौरसिया बने झामुमो व्यवसाय प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** दीपू चौरसिया को झारखंड मुक्ति मोर्चा व्यवसाय प्रकोष्ठ का पलामू जिला अध्यक्ष बनाया गया। अध्यक्ष बनने के साथ उन्होंने झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक शिबू सोरेन व शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन के बेहतर स्वास्थ्य की कामना करते हुए मंदिर में प्रसाद चढाएं। इस क्रम में व्यवसायियों ने उन्हें फूल माला से सम्मानित किया। इस अवसर पर दीपू चौरसिया ने कहा कि पार्टी ने उन्हें जिम्मेदारी दी है उसे पर खरा उरेंगे। उन्हें जिम्मेवारी सौंपने के लिए हेमंत सोरेन, पार्टी के केंद्रीय पदाधिकारी व पलामू जिला अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद सिन्हा के आभारी हैं। इनके आशीर्वाद से उन्हें दोबारा व्यवसाय मोर्चा का अध्यक्ष बनाया गया। वे अपने व्यवसायी भाइयों के सुख- दुख में कदम से कदम मिलाकर अपनी जिम्मेवारी निभाएंगे। मौके पर उपाध्यक्ष आरफीन अली, व्यवसायी कमल जायसवाल, पंकज शर्मा, गुड्डु मुरारका, लड्डु खान, अशोक गुप्ता, संजय चंद्रवंशी, छोटू, अरुण गुप्ता, कुंदन गुप्ता, सुरेश कुमार, गोलू, अमित आदि मौजूद थे।

# आईएसआई मार्क वाले हेलमेट ही होंगे मान्य, अन्यथा लगेगा जुर्माना

## हेलमेट लगाने के लिए चलेगा जागरूकता अभियान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** अब सौ या दो सौ रुपये वाले हेलमेट पहनकर बाइक चलाना आपको भारी पड़ सकता है। पटना के जिला परिवहन पदाधिकारी ने लोगों से अपील की है। साथ ही वाहन जांच चलाकर बिना आईएसआई मार्क वाले हेलमेट पहने वाले चालकों पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। जिला परिवहन पदाधिकारी (डीटीओ) उपेंद्र कुमार पाल ने कहा कि सड़क हादसों में सिर की गंभीर चोटें और मौतें रोकने के लिए हेलमेट पहनना अनिवार्य है। राज्य में अभी भी कई दोपहिया चालक इस नियम की अनदेखी कर रहे हैं। दोहपिया चालकों और सवारी की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय (मोर्थ) ने आईएसआई मार्क वाले गुणवत्तापूर्ण हेलमेट को अनिवार्य किया है। यह



नियम बिहार में भी लागू है। मोर्थ के अनुसार, दोपहिया वाहनों के हादसों में सिर की चोटें सबसे बड़ा खतरा हैं, गुणवत्तापूर्ण हेलमेट इन जोखिमों को काफी हद तक कम कर देता है। मोटर वाहन अधिनियम की धारा 129 के तहत बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाना दंडनीय अपराध है। पकड़े जाने पर एक हजार रुपये का जुमार्ना, वाहन जब्ती, ड्राइविंग लाइसेंस निलंबन और तीन महीने तक की सजा हो सकती है। इसके अलावा हेलमेट स्ट्रैप न बांधने पर धारा 194डी के तहत एक हजार रुपये का चालान काटा जा सकता है। यह नियम चालक के साथ-साथ पीछे बैठे व्यक्ति पर भी लागू है। वहीं बिना आईएसआई मार्क वाला हेलमेट पहनने पर हजार रुपये का जुमार्ना लगेगा।

जिला परिवहन पदाधिकारी उपेंद्र कुमार पाल ने कहा कि प्रदेश में ट्रैफिक नियमों का उलंघन करने वालों को पकड़ने के लिए ट्रैफिक पुलिस नियमित चेकिंग और जागरूकता अभियान चला रही है। परिवहन विभाग भी साथ मिलकर चौक-चौराहों पर पोस्टर, होर्डिंग्स, अनाउंसमेंट और सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए हेलमेट पहनने की अपील कर रही है। उन्होंने दोपहिया वाहन चालकों और सवारियों से आईएसआई मार्क वाले हेलमेट का उपयोग करने की अपील की।

# ग्रामीण चिकित्सक के अपहरण की कोशिश

## कार और मोबाइल बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेखपुरा।** जिले के आढ़ा रोड पर रविवार सुबह करीब आठ बजे एक बड़ी वारदात टल गई जब हथियारबंद अपहरणकताओं ने बाइक सवार एक ग्रामीण चिकित्सक को अगवा कर लिया, लेकिन कार के खराब हो जाने और राहगीरों की सतर्कता से डॉक्टर को बचा लिया गया। घटना अरियरी मीडिल स्कूल के समीप हुई जब गोहदा गांव के ग्रामीण चिकित्सक डॉ. मनोज रजक को चार हथियारबंद बदमाशों ने कार में अगवा कर लिया। अपहरणकताओं की कार जैसे ही पनसल्ला के पास पहुंची, वह अचानक बंद हो गई। उसी समय बाइक पर गुजर रहे एक दंपति ने कार के भीतर मारपीट होते देख हस्तक्षेप किया। जैसे ही दंपत्ति कार के पास पहुंचे, बदमाश डॉक्टर और कार छोड़कर पैदल पंधर खंधा की ओर फरार हो गए।

घायल चिकित्सक डॉ. मनोज रजक को पुलिस ने इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया। उन्होंने बताया कि रविवार सुबह वे अपने गांव गोहदा से अरियरी क्लिनिक जा रहे थे, तभी रास्ते में पेट्रोल पंप पूछने के बहाने बदमाशों ने उन्हें रोका, फिर पिस्तौल की बट से वार कर बाइक से गिरा दिया और कार में खींचकर मारपीट करते हुए अपहरण कर लिया। डॉ. मनोज ने बताया कि वे कार चालक को पहचानते हैं, लेकिन अन्य बदमाशों के चेहरे ढके हुए थे, जिससे उनकी पहचान नहीं हो सकी। डॉक्टर का मानना है कि यह घटना उनकी लोकप्रियता और पेशे में प्रतिस्पर्धा की वजह से किसी दुश्मनी के तहत अंजाम दी गई हो सकती है।

एसपी ने घटना पर जानकारी देते हुए बताया कि प्रारंभिक जांच में यह मामला आपसी रंजिश का प्रतीत हो रहा है। डॉक्टर के बयान के अनुसार, मारपीट के दौरान एक बदमाश ने कहा था कि तुम्हारे कारण मेरे परिवार की जान गई है। इससे संकेत मिलता है कि यह घटना किसी पुराने इलाज से जुड़े विवाद के चलते हुई हो सकती है। पुलिस ने पनसल्ला के पास से अपहरण में इस्तेमाल की गई टाटा इंडिगो कार को बरामद कर लिया है। कार का रजिस्ट्रेशन झारखंड के मुकेश नामक व्यक्ति के नाम पर है।


कार से डॉ. मनोज का मोबाइल फोन और एक देसी शराब का पाउच भी बरामद किया गया है। फिलहाल महुली थाना में पांच अज्ञात बदमाशों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस की टेक्निकल टीम घटनास्थल के मोबाइल नेटवर्क डेटा की जांच कर रही है और बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

# महंथ की हत्या, नदी के किनारे कीचड़ में सना मिला शव

## लोगों में रोष, पुलिस कर रही मामले की छानबीन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर।** जिले के मीनापुर प्रखंड अंतर्गत पानापुर थाना क्षेत्र में रविवार की सुबह एक सनसनीखेज वारदात सामने आई। बहादुरपुर मठ के महंत रामबाबू सिंह की निर्मम हत्या कर दी गई और उनका शव बूढ़ी गंडक नदी के किनारे कीचड़ में सना हुआ मिला। इस घटना से इलाके में दहशत और आक्रोश का माहौल है। बताया जा रहा है कि महंत शनिवार रात से ही लापता थे। रविवार सुबह ग्रामीण जब शौच के लिए नदी किनारे गए, तो उन्हें एक शव दिखा। पास जाकर देखने पर पहचान हुई कि वह शव बहादुरपुर मठ के महंत रामबाबू सिंह का है। शव को मठ से करीब तीन किलोमीटर दूर बूढ़ी गंडक नदी के किनारे फेंका गया था।



घटना की खबर फैलते ही मठ परिसर में हजारों की संख्या में लोग जमा हो गए। वहीं मृतक महंत के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। स्थानीय लोगों ने बताया कि महंत मठ में अपने एक सेवक के साथ ही रहते थे और शनिवार रात भोजन के बाद सोने चले गए थे।

सूचना मिलते ही पानापुर ओपी पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस घटना के कारणों की जांच कर रही है और महंत के करीबी लोगों से पूछताछ की जा रही है। फिलहाल हत्या की वजह स्पष्ट नहीं हो पाई है। पुलिस मामले की हर पहलु से जांच कर रही है। मठ से लेकर ग्रामीण क्षेत्र तक इस निर्मम हत्या को लेकर गहरी नाराजगी देखी जा रही है। स्थानीय लोगों ने हत्या की निष्पक्ष जांच और दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है।

# वायरल वीडियो के आधार पर दारोगा हुआ निलंबित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हथुआ (गोपालगंज)।** हथुआ थाना में पदस्थापित एक दारोगा व थाने के चालक का पैसे के लेनदेन करने का ऑडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हुआ है।

यह ऑडियो वायरल होने के बाद रविवार को एसपी अवधेश दीक्षित ने दारोगा को निलंबित कर दिया है।

ऑडियो में प्राथमिकी कराने को लेकर वादी की तरफ से दिए गए पैसे की लेनदेन की बात बताई जा रही है। हालांकि, इंटनरेट मीडिया पर प्रसारित ऑडियो की सत्यता की पुष्टि ***नवबिहार टाइम्स*** नहीं करता है।

जानकारी के मुताबिक, रतनचक गांव के सुजीत साह व सत्येंद्र मांझी के बीच हुए विवाद के मामले में प्राथमिकी कराने को लेकर हथुआ थाना में पदस्थापित दारोगा राधिका रमण व थाने में तैनात एक निजी चालक के बीच लेनदेन का आरोप सामने आया था।

प्रसारित ऑडियो में हथुआ थाना में सरकारी वाहन चलाने के लिए स्थानीय निजी चालक बताया जाता है। आरोप है कि निजी चालक ने दारोगा से जुड़े एक ऑडियो को इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित कर दिया।

इसमें रुपये के लेनदेन की बात कही जा रही है। प्रसारित ऑडियो के आधार पर एसपी अवधेश दीक्षित ने दारोगा को निलंबित कर दिया है। इस संबंध में उच्चस्तरीय जांच शुरू कर दी गई है।

## सम्मान समारोह 31 को

**अररिया।** ऑल इंडिया प्राइवेट कोचिंग एसोसिएशन की एक बैठक रुंगटा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट फारबिसगंज के मीटिंग हॉल में आइपका के अध्यक्ष राशिद जुनैद की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें आगामी 31 अगस्त को प्रतिभा सम्मान सह शिक्षक सम्मान समारोह के आयोजन पर सहमति बनी। बैठक में विभिन्न जिले व प्रखंडों के कोचिंग संचालक शामिल होंगे।

# हथियारों की तस्करी में पंजाब के रिटायर्ड सैनिक समेत तीन गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुंगेर।** कोतवाली और नया रामनगर थाने की पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए एक होटल से शनिवार की देर शाम दो पिस्टल, 14 कारतूस, चार मैगजीन, एटीएम कार्ड और मोबाइल के साथ तीन तस्कर को गिरफ्तार किया।

गिरफ्तार तस्कर में एक सेवानिवत्र आर्मी जवान भी है। रिटायर आर्मी जवान प्रगट सिंह पंजाब के गुरदासपुर जिला स्थित शेखवा थाना के खान प्यारा का रहने वाला है। इसके साथ पकड़ा गया दूसरा तस्कर मनजोत सिंह थाना शेखवा के मुंडी का रहने वाला है।

रविवार को प्रेस वार्ता में एसडीपीओ अभिषेक आनंद ने बताया कि कोतवाली थानाध्यक्ष को सूचना मिली थी कि शहर के एक होटल में कुछ लोग हथियार की खरीद बिक्री के लिए एकत्र हुए हैं। इसकी सूचना पुलिस अधीक्षक इमरान को दी गई। पुलिस



अधीक्षक के निर्देश पर एसडीपीओ अभिषेक आंनद के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया।

टीम में पूरबसराय कोतवाली थाना और जिला आसूचना इकाई के सहयोग से होटल में छापेमारी की गई। होटल के कमरे से दो पिस्टल, 14 कारतूस, चार मैगजीन, मोबाइल व आठ एटीएम मिले। एसडीपीओ ने बताया कि पूछताछ में सेवानिवृत आर्मी जवान की निशानदेही पर रविवार को नया रामनगर थानाध्यक्ष तारकेश्वर कुमार के सहयोग से नौवागढ़ी मस्जिद मोड़ से मोहम्मद आलम को गिरफ्तार किया गया।

पूछताछ में आलम ने स्वीकार किया कि सेवानिवृत जवान को हथियार बेची थी।

रिटायर जवान ने बताया कि वह 28 जुलाई को ट्रेन से मुंगेर पहुंचा था। उसके बाद जहां-तहां रह रहा था। एसडीपीओ ने बताया गिरफ्तार आरोपित का आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है।

# लूट कांडों में शामिल आधा दर्जन गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डेहरी ऑन सोन।** अनुमंडल के तिलौथू थाना क्षेत्र में तीन लूट कांडों में शामिल आधे दर्जन अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। लूटे गए रुपये, हथियार और मोटरसाइकिल बरामद किया गया है। एसपी रौशन कुमार के अनुसार गया के व्यवसायी विकास कुमार लोहानी से तिलौथू थाना क्षेत्र में गत 24 नवंबर को आधे दर्जन अपराधियों ने हथियार का भय दिखाकर नगद रुपया व मोबाइल फोन छीन लिया था।

इनके साथ लूट की यह दूसरी घटना घटी थी। इस कांड के उद्भेदन के लिए एससीडीपीओ दो वंदना के नेतृत्व में एक पुलिस टीम का गठन किया गया था। जिसमें थाना अध्यक्ष तिलौथू के अलावा जिला आसूचना इकाई को भी शामिल किया गया था।

गठित टीम द्वारा सीसीटीवी फुटेज, वादी का लूट गया मोबाइल आदि के तकनीकी विश्लेषण उपरांत 1 अगस्त को इस कांड में संदिग्ध डेहरी नगर थाना के न्यू डीलिया निवासी अभिषेक कुमार को डेहरी और तिलौथू थाना क्षेत्र के बराडीह निवासी गौतम कुमार को तिलौथू के राधा शांता कॉलेज के पास गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अपराधियों ने व्यवसायी से दो बार लूट की घटना के अलावा तिलौथू थाना क्षेत्र में प्रतिवेदित एक अन्य लूट के घटनाओं का खुलासा किया गया। गया के व्यवसाय के अलावा गत 31 जनवरी को इस थाना क्षेत्र के सेरुआ मोड़ के पास सीएसपी संचालक से लूट को स्वीकार किया।

उन्होंने बताया कि गिरोह का सरगना तिलौथू थाना क्षेत्र के पथरा निवासी अभिषेक कुमार है, जो एक मामले में सासाराम जेल में बंद है। इन लोगों ने लूट में शामिल अन्य अपराधियों की भी जानकारी दी। बताया कि अगरेर थाना क्षेत्र के विसैनीखुर्द निवासी दरोगा कुमार, डेहरी के न्यू डीलिया निवासी करण कुमार भी शामिल थे। उन्होंने बताया कि दरोगा कुमार को तिलौथू बाजार से और करण कुमार को डेहरी नगर थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है।

# राजगीर में 'रग्बी टूर्नामेंट' 9 से

## एशियाई देशों की टॉप 8 टीमें लेंगी हिस्सा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**राजगीर।** राजगीर है तैयार दुनिया फिर देखने आ रही है बिहार! जी हां, सेपकटेकरा गेम के बाद बिहार के साथ रग्बी का भी नाम जुड़ने जा रहा है। खेलों के इतिहास में बिहार के नाम एक और नया अध्याय जुड़ने जा रहा है। अब बिहार केवल कहने के लिए ही ऐशिया टॉप नहीं रहा! यहां एशिया के शीर्ष रग्बी देश आ रहे हैं। ये सब बिहार के प्राचीन और ऐतिहासिक शहर राजगीर में होने जा रहा है।

बताते चलें कि 9 और 10 अगस्त को यहां आयोजित होगी एशिया रग्बी अंडर-20 सेवेन्स चैंपियनशिप 2025 का आयोजन होगा। यह आयोजन वैश्विक पटल पर बिहार के साथ रग्बी के आयोजन को दर्ज करा देगा। इस भव्य टूनामेंट में 8 पुरुष और 8 महिला टीमें हिस्सा लेंगी। आयोजन में भारत, हांगकांग, चीन, यूएई, उज्बेकिस्तान, कजाकिस्तान, श्रीलंका, मलेशिया (केवल पुरुष) और नेपाल (केवल महिला) जैसे एशिया के शीर्ष रग्बी देश अपनी जोर आजमाइश करेंगे।



बिहार के राजगीर में होने वाले इस आयोजन को लेकर पूर्व रग्बी खिलाड़ी और फिल्म अभिनेता राहुल बोस ने खुशी जाहिर की है। उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रशंसा करते हुए कहा 'बिहार की खेल यह यात्रा में यह मील का पत्थर साबित होने वाला है।

अब तक खेल को लेकर बिहार की चर्चा कभी नहीं होती थी। मगर हाल के दिनों में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विजन के नतीजा है कि बिहार में रग्बी जैसे खेल के लिए भी माहौल तैयार किया जा रहा है।'

9 और 10 अगस्त को होने वाले इस अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के लिए 7 अगस्त से ही टीम राजगीर पहुंचने लगेंगी। राजगीर में बिहार की परंपरागत ह्यअतिथि देवो भवःह्न की भावना से स्वागत होगा। इसके बाद 8 अगस्त को राजगीर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के कबड्डी हॉल में रंगारंग उद्घाटन समारोह आयोजित होगा, जो बिहार के सांस्कृतिक वैभव और खेल भावना का अनूठा संगम होगा।

यह कोई साधारण टूनामेंट नहीं है। एशिया के 32 रग्बी खेलने वाले देशों में से केवल शीर्ष 8 रैंकिंग वाली टीमें ही इस प्रतिष्ठित चैंपियनशिप में भाग लेती हैं। इसका मतलब साफ है, राजगीर में एशिया के सबसे बेहतरीन युवा रग्बी खिलाड़ी आमने-सामने होंगे। जहां बिहार न केवल अपना दम दिखाएगा बल्कि आतिथ्य भी दिखाएगा।

यह आयोजन बिहार के लिए इसलिए भी खास है, क्योंकि रग्बी यहां 14 प्राथमिकता वाले खेलों में शामिल है। हाल ही में नेशनल गेम्स में बिहार की महिला टीम ने रजत पदक जीता था। जबकि स्कूल गेम्स में बालक और बालिका टीमों ने जूनियर, सब-जूनियर और सीनियर वर्ग में चैंपियनशिप अपने नाम किया। इस टूनामेंट में भी भारतीय टीम में बिहार के खिलाड़ी मैदान में नजर आएंगे, जो राज्य के युवाओं के लिए प्रेरणा बनेंगे।

# किशन के अंडर 19 में चयन से इलाके में खुशी का माहौल



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कहलगांव।** कहलगांव प्रखंड के नंदलालपुर पंचायत के किशन कुमार का अंडर 19 भारतीय क्रिकेट टीम में चयन हुआ है। उनके चयन से इलाके में खुशी का माहौल है।

किशन (18 वर्ष) 21 सितंबर से शुरू होने वाले भारत-आस्ट्रेलिया के बीच शुरू होने वाले मैंच में भाग लेने टीम के साथ आस्ट्रेलिया दौरे पर जाएंगे।

आयुष महात्रे की कप्तानी में 17 सदस्यीय टीम की घोषणा शुक्रवार को की गई। किशन के चयन की खबर सुनते ही उनके परिवार और दोस्तों में खुशी की लहर दौड़ गई है। अब सभी को ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टेस्ट क्रिकेट का बेसब्री से इंतजार है। इस टीम में आईपीएल के प्रसिद्ध बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी भी शामिल हैं। किशन के रोल माडल बेन स्टोक और आशीष नेहरा हैं।

किशन ने आशीष नेहरा क्रिकेट अकादमी से प्रशिक्षण लिया है। नैनी स्थित डीपीएस मैदान पर चलने वाली इस अकादमी की प्रशिक्षक स्वाति सिंह ने बताया कि किशन बायें हाथ के तेज गेंदबाज हैं और क्रिकेट करियर की शुरूआत से ही एएनसीए के प्रशिक्षु रहे हैं।

किशन वर्तमान में नोएडा में चल रहे इंडिया अंडर-19 टीम के हाई परफार्मेंस कैंप में भाग ले रहे हैं। उनके चाचा पूर्व मुखिया उपेंद्र सिंह ने बताया कि किशन की प्रारंभिक शिक्षा सेंट जोसफ स्कूल में हुई थी। भारतीय टीम में उसका चयन होने पर उनके स्वजन व दोस्तों ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

CMYK

# ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए सबसे उपयुक्त है सहकारिता : डॉ प्रेम

## राज्य सहकारी बैंक की 76वीं वार्षिक आमसभा संपन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** राजधानी के होटल सीपी पैलेस में रविवार को बिहार राज्य सहकारी बैंक की 76वीं वार्षिक आमसभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री सह वित्त मंत्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री सह कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा और सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने सहकारिता की ताकत को ग्रामीण विकास का सबसे मजबूत आधार बताया। बैठक की अध्यक्षता बैंक अध्यक्ष रमेश चंद्र चौबे ने की। आमसभा में विधायक जितेन्द्र कुमार, विनय कुमार, बिस्कोमान अध्यक्ष विशाल सिंह, निबंधक अंशुल अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में प्रतिनिधि शामिल हुए। सम्राट चौधरी ने कहा कि फिलहाल राज्य में सहकारिता के माध्यम से केवल 24 लाख लोग ही जुड़े हैं, इसे बढ़ाकर कम से कम एक करोड़ तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि मत्स्य पालन के क्षेत्र में बिहार के पास अपार संभावनाएं हैं। झारखंड जैसे राज्य में अब भी मछली के मामले में 70 फीसदी घाटा है जिसे बिहार अवसर के रूप में देख सकता है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सहकारी बैंकों को मजबूत करने और सरकारी राशि उनके माध्यम से खर्च करवाने की दिशा में वित्त विभाग हरसंभव पहल करेगा। विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि राज्य की 76 प्रतिशत आबादी खेती पर निर्भर है और कृषि के समग्र विकास में सहकारी संस्थाओं की भूमिका बेहद अहम है। उन्होंने महिला सशक्तिकरण की जरूरत पर बल देते हुए कहा कि कृषि, पशुपालन और सहकारिता- इन तीनों क्षेत्रों को एक साथ जोड़कर विकास की नई इबारत लिखी जा सकती है। सहकारिता मंत्री प्रेम कुमार ने कहा कि मधुमक्खी पालन, मत्स्य पालन और दुग्ध उत्पादन से जुड़ी समितियों को आय दो गुना करने की दिशा में ठोस कार्य योजना के तहत आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने सहकारिता को भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग बताते हुए कहा कि इसका विकेन्द्रीकृत ढांचा और जमीनी जुड़ाव इसे ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए सबसे उपयुक्त माध्यम बनाता है। बैंक के अध्यक्ष रमेश चौबे ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में बैंक ने 78 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया है। वहीं निबंधक अंशुल अग्रवाल ने जानकारी दी कि बैंक ने बैंकिपुर शाखा में गोल्ड लोन योजना और डिजिटल पेमेंट गेटवे की शुरुआत की है, जिससे लेन-देन और आसान होगा। बिस्कोमान अध्यक्ष विशाल सिंह ने मांग की कि मिट्टी जांच की प्रक्रिया में सहकारी बैंकों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए और सरकारी योजनाओं की राशि सहकारी बैंकों के माध्यम से वितरित हो। विधायक जितेन्द्र कुमार और विनय कुमार ने केसीसी पर ब्याज दर घटाने, सीएमआर की तिथि बढ़ाने और ओटीएस मद में छूट का बजट प्रावधान सुनिश्चित करने की मांग की। कार्यक्रम में सहकारिता विभाग के अपर सचिव अभय कुमार सिंह, बैंक के प्रबंध निदेशक मनोज कुमार सिंह, निदेशक मंडल और अंशधारक मौजूद थे।

## एनटीपीसी की कहलगांव ताप विद्युत परियोजना के नये प्रमुख बने रवीन्द्र पटेल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**भागलपुर।** जिले के कहलगांव स्थित एनटीपीसी के ताप विद्युत परियोजना के नये प्रमुख के रूप में रवीन्द्र पटेल ने आज पदभार ग्रहण किया। वे इसी परियोजना में महाप्रबंधक (ऑपरेशन) के पद पर कार्यरत थे। कहलगांव एनटीपीसी के परियोजना प्रमुख के लिए प्रोन्नत श्री पटेल ने रविवार को निवर्तमान प्रमुख संदीप नायक से औपचारिक रूप से पदभार ग्रहण किया। उन्होंने एनटीपीसी में अपने कैरियर की शुरुआत कहलगांव विद्युत परियोजना से की और फिर यहां से प्रोन्नत होकर एनटीपीसी के विंध्याचल, फरक्का, पतरातु आदि जैसे प्रमुख विद्युत परियोजनाओं में विभिन्न पदों पर काम करते हुए पुनः महाप्रबंधक के रूप में कहलगांव परियोजना में आये। उनके लंबे अनुभव एवं कार्यकुशलता को देखते हुए एनटीपीसी प्रबंधन ने इसी परियोजना (कहलगांव) का प्रमुख बनाया है। पदभार ग्रहण करने के उपरांत नये परियोजना प्रमुख ने कहा कि समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सहयोग से एक टीम भावना के साथ काम करेंगे। सुरक्षा, संरक्षा एवं श्रमिक हित का पूरा ख्याल रखा जाएगा। इधर कहलगांव एनटीपीसी के सभी यूनियन, एसोसिएशन एवं कर्मचारियों ने श्री पटेल को बधाईयां दी है।

## सहकारिता से जुड़ी योजनाओं की जानकारी सुगम कॉल सेंटर पर

### हेल्पलाइन नंबर पर किसान दर्ज करा सकते हैं अपनी शिकायतें

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार सरकार का सहकारिता विभाग किसानों की सुविधा और उनके कल्याण के लिए लगातार काम कर रहा है। विभाग का आइवीआरएस (इंटरैक्टिव वॉयस रिस्पॉन्स सिस्टम) कॉल सेंटर (सुगम कॉल सेंटर) हर दिन किसानों की मदद कर रहा है। यह किसानों को सहकारिता विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देता है। सुगम कॉल सेंटर किसानों को योजनाओं की जानकारियां देने के साथ ही उनकी समस्याओं का समाधान भी कर रहा है। विभाग ने इस कॉल सेंटर के लिए मुफ्त टॉल-फ्री हेल्पलाइन नंबर 18001800110 जारी किया है जिसके माध्य से सेवाएं प्रदान की जाती हैं। यह सेवा सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक उपलब्ध रहती हैं। इस आइवीआरएस कॉल सेंटर का मुख्य उद्देश्य किसानों को सहकारिता विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी देना, उनके सवालों के जवाब देना और समस्याओं का समाधान करना है।

# बिहार का पांच वर्षों में 23,968 मेगावाट अक्षय ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्य

## विभाग ने छह हजार 100 मेगावाट बिजली भंडारण का भी लक्ष्य निर्धारित किया

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार सरकार ने आगामी पांच वर्ष यानी 2029-30 तक राज्य में 23 हजार 968 मेगावाट अक्षय ऊर्जा के उत्पादन का लक्ष्य रखा है। साथ ही 6 हजार 100 मेगावाट घंटा ऊर्जा के भंडारण का भी लक्ष्य निर्धारित किया है। इसका उद्देश्य राज्य को स्वच्छ ऊर्जा का हब बनाना है। वर्ष 2070 तक देश के शून्य कार्बन उत्सर्जन के लक्ष्य में अहम योगदान देना भी है। इसके लिए पिछले सप्ताह पटना में बिहार नई और अक्षय ऊर्जा स्रोत प्रोत्साहन नीति 2025 और बिहार पंप्ड स्टोरेज परियोजना प्रोत्साहन नीति 2025 के लिए एक विशेष समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया गया।

**सौर, वायु और बॉयोमास से बनेगी बिजली**

राज्य में सौर, वायु और बॉयोमास से अक्षय ऊर्जा बनाने की योजना है। इस योजना के तहत सबसे ज्यादा 18 हजार 448 मेगावाट बिजली जमीन पर स्थापित सौर परियोजनाओं से उत्पादित की जाएगी। इसके अलावा 900 मेगावाट बिजली सौर पार्कों (20 मेगावाट से बड़े), 495 मेगावाट फ्लोटिंग सौर संयंत्रों और 400 मेगावाट तालाबों पर ऊंचे सौर संयंत्रों को स्थापित कर बिजली पैदा होगी। साथ ही खेती के साथ एग्री वोल्टिक, वायु ऊर्जा, कचरे से बिजली और बायोमास परियोजनाएं भी शामिल हैं। इसके अलावा 1 हजार 975 मेगावाट ऑन ग्रिड अक्षय ऊर्जा, 340 मेगावाट ऑफ ग्रिड ऊर्जा, 500 मेगावाट छतों पर सौर पैनल और 250 मेगावाट छोटे जलविद्युत संयंत्रों से बिजली मिलेगी। ऊर्जा भंडारण के लिए 6 हजार 100 मेगावाट घंटा की क्षमता में 1 हजार 600 मेगावाट पंप्ड स्टोरेज और 4 हजार 500 मेगावाट बैट्री भंडारण शामिल हैं।

**चार बड़ी कंपनियों के साथ 5,337 करोड़ का निवेश**

इस दूरगामी लक्ष्य को पूरा करने के लिए सरकार ने चार बड़ी कंपनियों के साथ एमओयू किया है। इनमें एलएंडटी, एनटीपीसी, अवाडा ग्रुप और सोलर एनर्जी कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एसइसीआई) शामिल हैं जिनके साथ 2 हजार 357 मेगावाट बिजली उत्पादन के लिए 5 हजार 337 करोड़ रुपये का समझौता हुआ है। बिहार अक्षय ऊर्जा विकास एजेंसी (ब्रेडा) को जलविद्युत और पंप्ड स्टोरेज को छोड़कर इस नीति को लागू करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

**निवेशकों के लिए दी जा रही छूट**

ऊर्जा मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव ने कहा कि बिहार ने हाल के वर्षों में अच्छी प्रगति की है। यह नीति हमें अक्षय ऊर्जा में अग्रणी बनाएगी और निवेश व रोजगार के नए अवसर खोलेगी। वहीं, विभाग के सचिव मनोज कुमार सिंह ने बताया कि इस योजना में निवेशकों को लुभाने के लिए ढेरों प्रोत्साहन दिए गए हैं। इनमें औद्योगिक जमीन पर 100 प्रतिशत स्टांप शुल्क और पंजीकरण शुल्क में छूट, जमीन के उपयोग में बदलाव शुल्क माफ, ट्रांसमिशन और व्हीलिंग शुल्क में राहत, बिजली शुल्क से छूट, सिंगल-विंडो क्लीयरेंस, ऊर्जा बैंकिंग, फीड इन टैरिफ, ग्रीन टैरिफ, रूफटॉप सौर के लिए छूट और कार्बन क्रेडिट जैसे लाभ शामिल हैं।

## शिक्षण और प्रशिक्षण से रोजगार ही नहीं, जीवन संवरता है : प्रो अरुण कुमार सिंह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** शिक्षण और प्रशिक्षण की उपयोगिता तभी है जब इसे अपने जीवन में समाज के उत्थान के लिए प्रयोग में लाया जा सके। ए एन कॉलेज के प्राचार्य प्रो अरुण कुमार सिंह ने ये विचार भारतीय प्रशिक्षण एवं विकास सोसायटी (आई एस टी डी) के पटना चैप्टर के उदघाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि व्यक्त किया। ए एन कॉलेज सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर कर्नल कामेश कुमार, मुख्य वक्ता के तौर पर सोसायटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अतुल शाह और पटना चैप्टर के नवनियुक्त अध्यक्ष आनंद कुमार गिरि भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रोफेसर अरुण कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि बिहार में ट्रेनिंग से जुड़ी अच्छी संस्थाओं की बेहद कमी है और आई एस टी डी के पटना चैप्टर के गठन से छात्रों को रोजगार में भी काफी मदद मिलेगी। कर्नल कामेश कुमार ने कहा कि जीवन में प्रशिक्षण की आवश्यकता बनी रहती है और यह इंसान को हमेशा कुछ नया करने की प्रेरणा देता रहता है। अपने संबोधन में अतुल शाह ने संस्था के इतिहास के बारे में अवगत कराया और कहा कि 1970 में स्थापित इस संस्था का बिहार में आगमन सुखद संयोग है।

## आइकॉनिक क्लॉक टावर बनेगा डाकबंगला चौराहे की पहचान, मंत्री ने किया लोकार्पण

### रोटरी क्लब ऑफ पाटलिपुत्रा ने स्वर्ण जयंती वर्ष पर दी राजधानी को सौगात

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** रोटरी क्लब ऑफ पाटलिपुत्रा ने अपनी स्वर्ण जयंती वर्ष में राजधानी पटना को एक अनमोल सौगात दी है। रविवार को शहर के हृदयस्थल डाकबंगला चौराहे पर आइकॉनिक रोटरी क्लॉक टावर का लोकार्पण नगर विकास एवं आवास मंत्री जीवेश कुमार ने किया। यह टावर न केवल समय की सटीक जानकारी देगा बल्कि रोटरी की सेवाभावना और सामाजिक प्रतिबद्धता का भी प्रतीक बनेगा। इंग्लैंड में निर्मित टॉवर की घड़ियां जीपीएस आधारित तकनीक से संचालित हैं और 24 घंटे सटीक समय बताएंगी। इस पहल से न सिर्फ डाकबंगला चौराहा और अधिक आकर्षक हो गया है बल्कि शहर को एक नई पहचान भी मिली है। इसकी परिकल्पना और संचालन क्लब के पास्ट प्रेसिडेंट एवं प्रोजेक्ट चेयरमैन रोटेरियन नवीन गुप्ता के नेतृत्व में हुआ। उन्होंने स्वागत भाषण में इस आइडिया की उत्पत्ति से लेकर इसके मूर्त रूप तक की यात्रा को बताया। क्लब की इमिडिएट पास्ट प्रेसिडेंट स्वाति मोदी ने कहा कि यह क्लॉक टावर केवल स्थापत्य कला की एक कृति नहीं बल्कि रोटरी के मूल्यों, दृष्टिकोण और विचारधारा का सार्वजनिक प्रतिनिधित्व है। स्वाति मोदी ने बताया कि इस परियोजना को मूर्त रूप देने में पास्ट प्रेसिडेंट वीणा जैन, मुकेश जैन, रंजन मेरतिया, संदीप सराफ और अशोक अग्रवाल का महत्वपूर्ण योगदान रहा। क्लब प्रेसिडेंट रोटेरियन संजय भरतिया ने बताया कि यह बिहार-झारखंड का पहला रोटरी क्लॉक टावर है जिसमें यातायात पुलिस के लिए स्थायी व्यवस्था भी की गई है। कार्यक्रम में पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर बिपिन चाचन विशिष्ट अतिथि के रूप में मंच पर उपस्थित थे। रोटरी जोन 6 की रीजनल चेयर बिंदु सिंह की उपस्थिति ने समारोह को विशेष गरिमा प्रदान की। सभी अतिथियों ने रोटरी की इस अभिनव पहल की मुक्तकंठ से सराहना की। क्लब प्रेसिडेंट संजय भरतिया ने समापन भाषण में सभी अतिथियों, रोटरी सदस्यों और सहयोगियों के प्रति आभार प्रकट किया। एमपी जैन ने बताया कि कार्यक्रम में पास्ट प्रेसिडेंट सुबोध जैन, बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष सुभाष पटवारी, कुलदीप रोहतगी, सोमेश बाहरी, शंकरनाथ और विनोद चौधरी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## प्रोजेक्ट चहचहाहट के गौरैया स्टीकर का लोकार्पण



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** हमारी गौरैया तथा एनवायरनमेंट वॉरियर्स के संयुक्त तत्वावधान में गौरैया संरक्षण के लिए चलाए जा रहे प्रोजेक्ट चहचहाहट के अंतर्गत लोगों में गौरैया संरक्षण से संबंधित जानकारी को बढ़ावा देने के लिए गौरैया स्टीकर का लोकार्पण किया गया। इस मौके पर गौरैयाविद संजय कुमार ने कहा कि यह स्टीकर गौरैया संरक्षण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कदम है, यह आम लोगों को संरक्षण मुहिम में जुड़ने के लिए प्रोत्साहित करेगी। एनवायरनमेंट वॉरियर्स के निशांत रंजन ने बताया कि गौरैया संरक्षण में आम लोगों की भागीदारी बहुत महत्वपूर्ण है। हमारा प्रयास समाज के हर लोगों को इस मुहिम से जोड़ने का है। इस अवसर पर गौरैया संरक्षक आशा प्रसाद, डॉ अशोक प्रसाद, डॉ लीना, नीरज कुमार, विक्रम पाटिल, अभिरुद्ध सिन्हा, अंकित राज, दिग्विजय कुमार, देव कुमार, सभ्यता कुमारी, निश्चल कुमार, ऋषि कांत आर्य, आकाश राज, प्रियांशु रंजन आदि लोग मौजूद थे।

## रानीघाट से शक्तिधाम तक गूंजे जयकारे, फुलेश्वर महादेव का अभिषेक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बारिश के साथ ही शिवभक्तों की श्रद्धा से राजधानी पटना सराबोर रही। रविवार की सुबह रानीघाट से लेकर शक्तिधाम बैंक रोड तक बोल बम के जयकारों से गूंजता रहा। करीब 250 श्रद्धालुओं का कांवरिया दल गंगाजल लेकर पैदल यात्रा करते हुए फुलेश्वर महादेव मंदिर पहुंचा। वहां श्रद्धा, सेवा और समर्पण का अद्भुत संगम देखने को मिला। सुबह छह बजे रानीघाट पर कांवरियों ने गंगा मैया की विशेष आरती की। इसके बाद सभी ने अपने कांवर में पवित्र जल भरा और भक्ति भाव से ओतप्रोत बैंक रोड स्थित फुलेश्वर महादेव मंदिर की ओर चल पड़े। यात्रा के दौरान सावन का महीना आए, भोले तेरी याद सताए...जैसे भजन वातावरण को भक्ति रस से सराबोर करते रहे। करीब साढ़े नौ बजे यह पवित्र यात्रा शक्तिधाम पहुंची। फुलेश्वर महादेव मंदिर को विशेष रूप से सजाया गया था। मंदिर परिसर में कांवरियों का गर्मजोशी से स्वागत हुआ। सभी श्रद्धालुओं ने विधिपूर्वक भगवान शिव पर जल अर्पित किया। इसके बाद शुरू हुआ भजन-कीर्तन। जलाभिषेक और भजन के बाद भंडारा प्रसाद का आयोजन हुआ। इसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

## आइएसआइ मार्क हेलमेट का ही करें उपयोग : डीटीओ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** सड़क हादसों में सिर की गंभीर चोटें और मौतें रोकने के लिए हेलमेट पहनना अनिवार्य है। राज्य में अभी भी कई दोपहिया चालक इस नियम की अनदेखी कर रहे हैं। दोहपिया चालकों और सवारी की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय (मोर्थ) ने आइएसआइ मार्क वाले गुणवत्तापूर्ण हेलमेट को अनिवार्य किया है। यह नियम बिहार में भी लागू है। मोर्थ के अनुसार दोपहिया वाहनों के हादसों में सिर की चोटें सबसे बड़ा खतरा है। गुणवत्तापूर्ण हेलमेट इन जोखिमों को काफी हद तक कम कर देता है। प्रदेश में ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों को पकड़ने के लिए ट्रैफिक पुलिस नियमित चेकिंग और जागरूकता अभियान चला रही है। परिवहन विभाग भी साथ मिलकर चौक-चौराहों पर पोस्टर, होर्डिंग्स, अनाउंसमेंट और सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए हेलमेट पहनने की अपील कर रही है। जिला परिवहन पदाधिकारी उपेंद्र कुमार पाल ने हेलमेट को जीवन रक्षा के लिए बेहद महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि हेलमेट केवल चालान से बचने के लिए नहीं है, बल्कि यह दुर्घटना में सिर में चोट लगने से काफी बचाव करता है।

## 'कथा कहे सरंग' का लोकार्पण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** अखिल भारतीय प्रगतिशील लघुकथा मंच के तत्वावधान में रविवार को चर्चित कथा लेखिका रूबी भूषण द्वारा संपादित कहानी संग्रह 'कथा कहे सरंग' का लोकार्पण डॉ भगवती प्रसाद द्विवेदी, डॉ शिवनारायण, शशिभूषण सिंह, डॉ ध्रुव कुमार, चितरंजन भारती, सिद्धेश्वर, राम यतन यादव, डॉ अशोक प्रजापति ने समवेत रूप से किया। इस अवसर पर 'समकालीन कहानियां और कथा कहे सरंग' विषय पर आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ भगवती प्रसाद द्विवेदी ने कहा कि संग्रह में शामिल कहानियों में मध्यवर्गीय जीवन की विभिन्न समस्याएं मुखरित हुई हैं। इन कहानियों में स्त्री विमर्श, नैतिकता, समानता और प्रतिरोध के स्वर मजबूती से उभरते हैं। अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ साहित्यकार शिवनारायण ने कहा कि रूबी भूषण द्वारा संपादित कथा- संकलन 'कथा कहे सरंग' की कहानियां अपने समकालीन यथार्थ की पड़ताल करती हुईं युगीन संवेदना से रूबरू कराती हैं। ये ऐसी कहानियां हैं जो अपने समय एवं देश समाज की विरूपताओं पर अपना प्रतिरोध दर्ज करतीं हैं। इस संकलन के द्वारा रूबी भूषण एक बेहतर संपादक के रूप में उभरी हैं। संग्रह में शामिल उनकी उनकी कहानी 'मैं नरेश शुक्ला की बेटी नहीं हो सकती' स्त्री प्रतिरोध की अनूठी कहानी है।

## कैंसर से डरें नहीं, अब हर तरह के कैंसर का इलाज उपलब्ध : डॉ. संदीप

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**सीवान।** जयप्रभा मेदांता सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल, पटना की ओर से सीवान में आयोजित हेल्थ टॉक में हॉस्पिटल के सर्जरी अन्कोलॉजी विभाग के एसोसिएट डायरेक्टर डॉ. संदीप कुमार ने कैंसर पर अपने व्याख्यान में कहा कि अब कैंसर से डरने की जरूरत नहीं है, हर प्रकार के कैंसर का इलाज अब उपलब्ध है। एक बार कैंसर मुक्त हो जाने के बाद आदमी सामान्य जीवन जी सकता है। उन्होंने कहा कि शुरुआती दौर में कैंसर के पकड़ में आ जाने से यह बीमारी पूर्णरूप से ठीक हो सकती है। इसलिए हर महिला और पुरुष को उनके शरीर में हो रहे बदलाव पर ध्यान देने की जरूरत है। विभिन्न कैंसर के लक्षणों के बारे में चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि अगर गर्दन में सूजन हो, निगलने में परेशानी हो, मुंह में छाला बार-बार पड़े और ठीक न हो तो ये मुंह और गले के कैंसर के लक्षण माने गये हैं। खाना ठीक से न पचे, काफी गैस होता हो, पेट फूले, भूख न लगे तथा वजन घटता चला जाए तो यह पेट के कैंसर के लक्षण मान गये हैं। निपल से पानी निकले या खून निकले या कोई गांठ हो तो ये स्तन कैंसर के लक्षण हो सकते हैं। मैनापोज के बाद अगर किसी महिला को रक्तस्राव हो, बी.पी. हो, मधुमेह हो तथा मोटापा हो तो ये बच्चेदानी के कैंसर के लक्षण हो सकते हैं। खून मिश्रित डिस्चार्ज अगर बार-बार हो तथा दर्द भी हो तो ये सर्वाइकल कैंसर के लक्षण हो सकते हैं।

भूख कम लगना, पेट फूलना, अरूचि होना, पेट में दर्द होना अंडाशय के कैंसर के लक्षण हो सकते हैं। डॉ. संदीप ने कहा कि उपरोक्त लक्षणों वाले मरीजों को तत्काल विशेषज्ञ डॉक्टर से दिखाकर इलाज कराना चाहिए। उन्होंने कहा कि जयप्रभा मेदांता हॉस्पिटल, पटना में पीपी मोड पर गरीब कैंसर रोगियों का इलाज किया जाता है। रोगी बिहार का निवासी हो तथा उसकी आमदनी सलाना ढाई लाख रुपये से कम होना चाहिए।

## रोटरी क्लब ऑफ पटना मिलेनियम का इंस्टॉलेशन समारोह एवं 'सावन बाय द सी' का भव्य आयोजन




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** होटल चाणक्या, आर. ब्लॉक में रोटरी क्लब ऑफ पटना मिलेनियम द्वारा आयोजित इंस्टॉलेशन समारोह में क्लब के नव-निर्वाचित पदाधिकारियों ने औपचारिक रूप से कार्यभार ग्रहण किया। डॉ. अमिताभ बंका ने अध्यक्ष, अनुराधा सर्राफ ने सचिव तथा राजेश अग्रवाल ने कोषाध्यक्ष पद की शपथ ली। समारोह में रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3250 के वरिष्ठ पदाधिकारी, शहर की प्रतिष्ठित हस्तियां एवं समाजसेवी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बीते वर्ष की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया और आगामी सामाजिक प्रकल्पों की रूपरेखा प्रस्तुत की गई। विशेष रूप से इस वर्ष क्लब द्वारा एक सरकारी विद्यालय को गोद लेने की घोषणा की गई है जिसके अंतर्गत छात्रों को बेहतर शैक्षणिक संसाधन, डिजिटल लर्निंग, पुस्तकालय एवं स्वच्छता सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इंस्टॉलेशन के उपरांत 'सावन बाय द सी' नामक सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। मानसून थीम पर आधारित इस कार्यक्रम में संगीत, नृत्य एवं रंगारंग प्रस्तुतियों ने सभी को मोहित किया।

## 25 अगस्त को प्रदेश के किसान जुटेंगे पटना, सरकार के खिलाफ करेंगे प्रदर्शन




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** स्वामी सहजानंद सरस्वती आश्रम पटना में संयुक्त किसान मोर्चा, बिहार की रविवार को बैठक आयोजित की गई। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि भारतमाला प्रोजेक्ट के तहत बनारस से कोलकाता सड़क निर्माण किया जा रहा है जिसमें औरंगाबाद, रोहतास एवं कैमूर के किसानों को सरकार द्वारा बिना मुआवजे की जमीन हथियाने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं चौसा में सड़क निर्माण के नाम पर गांव को उजाड़ने की साजिश और अमौसी-दरभंगा सड़क निर्माण में किसानों की जमीन जबरन छीनने की कोशिश से अन्नदाता आक्रोशित हैं। वक्ताओं ने कहा कि 17 जुलाई को एडीजी कुंदन कृष्णन द्वारा किसानों को अपमानित किया गया है। इससे किसानों में आक्रोश है। एडीजी कुंदन कृष्णन के बयान के एक दिन बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसान आंदोलन की तीर्थस्थली चंपारण की धरती मोतिहारी पहुंचे और वोट के लिए किसानों को बरगलाने का हर संभव प्रयास किया, लेकिन एक शब्द भी एडीजी के खिलाफ नहीं बोला गया। वहीं मंच पर मौजूद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी एक शब्द अपने लाडले पुलिस अफसर के खिलाफ नहीं बोल पाए। जो यह साबित करता है कि ये नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार का किसानों के प्रति कितना नफरत है। कृषि प्रधान राज्य में किसानों को सरकार द्वारा सम्मानित करने के बजाय अपराधी घोषित किया जा रहा है। उन्हें तो मंच से ही घोषणा करना चाहिए था कि वैसे बददिमाग अफसर को हम बर्खास्त करेंगे, लेकिन ऐसा आज तक नहीं हुआ, यह शर्म की बात है। खाद की कालाबाजारी और धान अधिप्राप्ति में हो रहे लूट डबल इंजन की सरकार को दिखाई नहीं दे रहा है।

CMYK

## संपादकीय

# भारत पर दबाव की नीति से काम कर रहे ट्रंप

पिछले कुछ समय से अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जिस तरह अलग-अलग देशों पर शुल्क लगाने की बात कर रहे थे, उसे कई अर्थों में दबाव की रणनीति माना जा रहा था। मगर इस मसले पर अब उन्होंने जिस तरह के फैसले लेने शुरू कर दिए हैं, उससे साफ है कि मनमाने तरीके से शुल्क लगाने के फैसले का इस्तेमाल किसी देश की नीति को प्रभावित करने के लिए एक औजार के तौर पर किया जा रहा है। इस क्रम में ट्रंप बीते दिनों बार-बार यह कहते रहे कि वे भारत से आयात किए जाने वाले उत्पादों पर भारी शुल्क लगाएंगे। मगर उनके बयानों में जैसे उतार-चढ़ाव देखे गए, उसके मद्देनजर यह उम्मीद की जा रही थी कि वे अपनी जिद पर विचार करेंगे और भारत को लेकर उदार रुख अपनाएंगे। खासतौर पर इसलिए भी कि बीते कुछ वर्षों के दौरान भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय संबंधों के नए दरवाजे खुले थे और थोड़ी सक्रियता बढ़ी थी। गौरतलब है कि व्यापार वार्ता के संदर्भ में अमेरिका और भारत के बीच जारी बातचीत में कुछ गतिरोध के संकेत सामने आने के बाद डोनाल्ड ट्रंप ने भारत से आयात की जाने वाली वस्तुओं पर एक अगस्त से पच्चीस फीसद शुल्क और रूस से तेल खरीदने पर जुर्माना लगाने की घोषणा कर दी। हालांकि यह कोई अचानक हुआ फैसला नहीं लगता है और ट्रंप ने इस बार सत्ता में आने के बाद से ही आयात पर शुल्क लगाने की घोषणाओं पर कुछ जगहों पर अमल करना शुरू कर दिया है। मसलन, कनाडा पर ट्रंप ने पैंतीस फीसद शुल्क लगाने की घोषणा कर दी थी, जबकि उस समय व्यापार वार्ता जारी थी और एक समझौता होने की उम्मीद थी। भारत पर भी पच्चीस फीसद शुल्क तब लगाने की बात कही गई, जब अमेरिका के साथ द्विपक्षीय अंतरिम व्यापार समझौते को लेकर अंतिम दौर की कोशिशें जारी थीं। उल्लेखनीय है कि अमेरिका के वार्ताकारों का एक समूह पच्चीस अगस्त को भारत के दौरे पर आने वाला है जो प्रस्तावित व्यापार समझौते पर बातचीत के अगले दौर में हिस्सा लेगा। सवाल है कि व्यापार वार्ता के प्रयास जारी रहने और उसके निष्कर्ष तक पहुंचने से पहले ही अमेरिकी राष्ट्रपति को शुल्क लगाने की घोषणा करने की जल्दबाजी करने की जरूरत क्यों लगी। क्या इस फैसले को व्यापार वार्ता में अपने हित में नीतिगत फैसले लेने के लिए दबाव बनाने की रणनीति नहीं माना जाएगा? एक दलील यह दी गई है कि भारत का शुल्क बहुत ज्यादा रहा है, इसलिए अमेरिका ने इसके साथ अपेक्षाकृत कम व्यापार किया है। अगर ऐसा है तो इस मसले पर पहले बातचीत के जरिए दोनों पक्षों के बीच सहमति के बिंदुओं तक पहुंचने की जरूरत थी, न कि सीधे भारी शुल्क लगाने की घोषणा के जरिए दबाव बनाने की। फिर इसी बीच पाकिस्तान के साथ मिल कर अमेरिका के 'तेल भंडारों को विकसित करने' के सौदे की खबर के क्या मायने हो सकते हैं?

**इस चुनाव में कम्युनिस्ट नेता सीताराम येचुरी भी भोपाल के सुंदर तालाब के किनारे पर बैठकर हिंदुत्व को मछली समझकर जाल डालकर बैठे हुए दिखे थे। उन्होंने भोपाल के ताल में एक नया शाब्दिक विष उँडेला था - 'हिंदू तो सदा से हिंसक रहा है'। अरे, दिग्विजय जी, येचुरी जी, सहित भगवा आतंकवाद शब्द के सभी कथित नेताओं सुनो; हिंदू सदा से सहिष्णु रहा है, इतना सहिष्णु कि कई अवसरों पर इसका भूगोल और इतिहास ही बदल गया और कई अवसरों पर इस 'हिंदू सहिष्णुता' ने हिंदूत्व के कुछ अध्यायों का समापन ही करवा दिया। यदि ऐसा नहीं होता तो, बाबर हजार मील दूर से भारत में आकर हमारे देश के आराध्य श्रीराम की जन्मभूमि पर बने मंदिर को नेस्तनाबूद कर बाबरी मस्जिद का निर्माण नहीं कर पाता। और, न ही दुर्दांत मुस्लिम शासक तैमुरलंग दिल्ली से हरिद्वार के समूचे मार्ग में हिंदू नरमुंड बिछा पाता, हिंदू हिंसक होता तो बख्तियार खिलजी भारतीय ज्ञान के प्रतीक, नालंदा को यूं आग के हवाले न कर पाता, न ही औरंगजेब काशी विश्वनाथ का मंदिर तोड़ पाता और न ही लाखों भारतीय मातृशक्ति को जौहर करने को मजबूर होना पड़ता।**

# 'भगवा आतंकवाद' शब्द को गढ़ने वाले अब क्षमा मांगें

(प्रवीण गुगनानी)

साध्वी प्रज्ञा जी ठाकुर को गंभीर स्थिति के कैंसर की स्थिति में भी कारावास में रखा गया, उन्हें अमानवीय यातनाएं दी गईं। क्या इस पीड़ा के लिए कोई जिम्मेदार ठहराया जाएगा? क्या झूठे मुक़दमों के लिए जांच एजेंसियों की जवाबदेही तय होगी?

जब भगवा आतंकवाद जैसा शब्द जबरन गढ़ दिया गया था तब मैंने मेरी 'कांग्रेस मुक्त भारत की अवधारणा' पुस्तक में लिखा था कि 'भगवा आतंकवाद' जैसा कोई शब्द या टर्म हो ही नहीं सकता, यह एक 'अशब्द' है जिसे हमें बोलचाल, लेखन व विमर्श से निकला फेंकना होगा। इस शब्द को मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंग, केंद्र में एकाधिक विभागों के मंत्री रहे पी. चिदंबरम, तत्कालीन गृहमंत्री सुशील शिंदे और कांग्रेस ने केवल मोहरा बनकर गढ़ा था। इस शब्द के पीछे वस्तुतः तो वामपंथी छुपे हुए हैं जो प्रेत बनकर वेताल यानि कांग्रेस की पीठ पर अब भी सवार है। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनावों में जब भोपाल से साध्वी प्रज्ञा जी के विरुद्ध दिग्विजय सिंह चुनाव में उतरे थे तब उन्होंने समूचे चुनाव को 'भगवा आतंकवाद' को केंद्र में रखकर चुनाव लड़ा था। इस चुनाव के मध्य समाचार पत्रों में मेरा एक आलेख भी प्रकाशित हुआ था, जिसका शीर्षक था - 'भगवा आतंकवाद शब्द की अंत्येष्टि का सटीक समय'। इस चुनाव में जानता ने दिग्विजय सिंह को 'भगवा आतंकवाद' जैसा शब्द गढ़ने का यथोचित दंड दे दिया था। इस चुनाव में कम्युनिस्ट नेता सीताराम येचुरी भी भोपाल के सुंदर तालाब के किनारे पर बैठकर हिंदुत्व को मछली समझकर जाल डालकर बैठे हुए दिखे थे। उन्होंने भोपाल के ताल में एक नया शाब्दिक विष उँडेला था - 'हिंदू तो सदा से हिंसक रहा है'। अरे, दिग्विजय जी, येचुरी जी, सहित भगवा आतंकवाद शब्द के सभी कथित नेताओं सुनो; हिंदू सदा से सहिष्णु रहा है, इतना सहिष्णु कि कई अवसरों पर इसका भूगोल और इतिहास ही बदल गया और कई अवसरों पर इस 'हिंदू सहिष्णुता' ने हिंदूत्व के कुछ अध्यायों का समापन ही करवा दिया। यदि ऐसा नहीं होता तो, बाबर हजार मील दूर से भारत में आकर हमारे देश के आराध्य श्रीराम की जन्मभूमि पर बने मंदिर को नेस्तनाबूद कर बाबरी मस्जिद का निर्माण नहीं कर पाता। और, न ही दुर्दांत मुस्लिम शासक तैमुरलंग दिल्ली से हरिद्वार के समूचे मार्ग में हिंदू नरमुंड बिछा पाता, हिंदू हिंसक होता तो बख्तियार खिलजी भारतीय ज्ञान के प्रतीक, नालंदा को यूं आग के हवाले न कर पाता, न ही औरंगजेब काशी विश्वनाथ का मंदिर तोड़ पाता और न ही लाखों भारतीय मातृशक्ति को जौहर करने को मजबूर होना पड़ता। यदि हिंदू हिंसक होता तो गुरु गोविन्द सिंह के दोनों पुत्रों को जीवित दीवार में चुनकर मार डालने जैसी दुर्दांत घटना न हुई होती और न ही, मोहम्मद गजनवी श्रीकृष्ण जन्म स्थान को मथुरा में ध्वस्त कर कब्जा पाता। मालेगांव मामले में आए हुए निर्णय का मर्म यही है कि यदि हिंदू सहिष्णुता और उस पर हुए अत्याचारों का इतिहास और पढ़ना हो तो वे संत मतिदास को पढ़ लें, गुरु तेगबहादुर को पढ़ लें, जलियांवाला बाग़ पढ़ लें, भगतसिंह के बम फेंकने की मानवीय शैली पढ़ लें, भारत का धर्म आधारित विभाजन और उसके बाद यहां की भूमि पर मुस्लिमों की बसाहट व पाकिस्तान से हिन्दूओं का मारकाट भरा निर्वासन पढ़ लें, वे सोहरावरदी पढ़ लें, मोपला काण्ड पढ़ लें। और यदि पुराना इतिहास न पढ़ना हो 'भगवा आतंकवाद' की माला जपने वाले नेताओं को हाल ही का 'रामसेतु विध्वंस' 'भगवान राम को काल्पनिक कहने का शपथपत्र' और 'ऐन दीवाली की रात्रि पूज्य शंकराचार्य जी की गिरफ्तारी का तालिबानी आदेश' पढ़ लेना चाहिए। इन घटनाओं सहित लाखों अन्य इतिहास सिद्ध घटनाओं ने यह ब्रह्मसत्य स्थापित किया है कि हिंदू हिंसक नहीं सहिष्णु रहा है, क्षमाशील रहा है, सर्वसमावेश को, सर्वस्पर्श को आतुर व उत्सुक समाज रहा है! मालेगांव के संदर्भ में कांग्रेसी नेताओं द्वारा यह भी कहा गया था कि आतंकवादी घटनाओं में मुस्लिमों से अधिक हिंदू सम्मिलित रहते हैं। 2008 के बाद, विशेषकर 26/11 के मुंबई हमले से ठीक पहले, मालेगांव केस को आधार बनाकर कम्युनिस्ट रिमोटेड कांग्रेस्टिस्टों ने एक ऐसा नैरेटिव खड़ा किया था कि भारत में आतंकवाद को हिंदू संगठन बढ़ा रहें हैं। लेकिन यह एक वैचारिक आगजनी वाला झूठ था ङ्क राजनीतिक लाभ के लिए रचा गया नैरेटिव, जिसकी कीमत निर्दोष हिंदुत्व के मासूम संतों, सैनिकों व नागरिकों ने चुकाई है। लेफ्ट-लिबरल मीडिया, कुछ स्वघोषित बुद्धिजीवी और वामपंथी इतिहासकारों ने इस नैरेटिव को खुलकर समर्थन दिया। प्रज्ञा ठाकुर, कर्नल श्रीकांत पुरोहित, स्वामी असीमानंद जैसे लोग, जो राष्ट्रवादी विचारधारा से जुड़े थे, उन्हें 'आतंकवादी' की तरह पेश किया गया, मीडिया ट्रायल चला, और तथाकथित सेकुलर ताकतों ने उनकी छवि को नष्ट-भ्रष्ट करने के प्रयास किए।



Source: Sadhvi Pragya Twitter

साध्वी प्रज्ञा जी ठाकुर को गंभीर स्थिति के कैंसर की स्थिति में भी कारावास में रखा गया, उन्हें अमानवीय यातनाएं दी गईं। क्या इस पीड़ा के लिए कोई जिम्मेदार ठहराया जाएगा? क्या झूठे मुक़दमों के लिए जांच एजेंसियों की जवाबदेही तय होगी?

अब जब सच्चाई सामने आ चुकी है, तो वे चुप हैं- कोई आत्मचिंतन नहीं, कोई क्षमा नहीं। यह उनकी नैतिकता की हार है और इस देश के विवेक के लिए एक चेतावनी भी। आज की आवश्यकता है कि वे हिंदू समाज से उनके द्वारा गढ़े गए छद्म शब्दों के लिए क्षमा मांगे और उनका उत्तरदायित्व हमारा समाज तय करे। कांग्रेस नेतृत्व को अपने इस झूठे नरैटिव गढ़ने के दोष हेतु देश से क्षमा माँगनी चाहिए। मालेगांव 2008, बम विस्फोट केस में कोर्ट द्वारा सभी आरोपियों को बाइज़्ज़त बरी कर देना एक बहुत बड़ा न्यायिक पड़ाव है - न केवल उन निर्दोषों के लिए, जिन्होंने वर्षों तक अपमान, पीड़ा और मानसिक प्रताड़ना को भोगा, बल्कि यह भारत की लोकतांत्रिक चेतना के लिए भी एक महत्वपूर्ण मोड़ है। न्यायालय ने स्पष्ट कहा कि अभियोजन पक्ष आरोपों को साबित करने में असफल रहा।

अब जब न्यायपालिका ने अपना निर्णय सुना दिया है, तब समय आ गया है कि इस केस के जरिए रची गई उस सुनियोजित 'राजनीतिक कथा' का गहराई से विश्लेषण किया जाए - जिसे 'हिंदू आतंकवाद' कहा गया था। इस अभियान का मकसद स्पष्ट था – 'जिहादी आतंकवाद' से ध्यान हटाना और राष्ट्रवादी शक्तियों को कठघरे में खड़ा करना। उस समय पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद, विशेषकर मुंबई हमलों, संसद हमले, और कंधार कांड जैसे मामलों ने कांग्रेस सरकार की अंतरराष्ट्रीय छवि को प्रभावित किया था। ऐसे में उन्होंने एक नया नैरेटिव गढ़ा, जिसमें कुछ राष्ट्रवादी चेहरों को आतंकवादी घोषित करके यह दिखाया जाए कि भारत में आतंकवाद केवल एक समुदाय तक सीमित नहीं है। सोलह वर्षों तक झूठे मुक़दमों का सामना करने के बाद जब आरोपी बरी हो गए, तब न्यायालय ने यह भी स्पष्ट किया कि मामले में कोई प्रत्यक्ष सबूत नहीं था। अब प्रश्न यह है कि क्या यह सब केवल भूल थी, या किसी बड़ी राजनीतिक साजिश का हिस्सा? (लेखक विदेश मंत्रालय, भारत सरकार में सलाहकार, राजभाषा है। (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# शशि की दृष्टि, प्रकाश की नीति-उत्तर प्रदेश प्रशासन में सुशासन की नई गति

(प्रणय विक्रम सिंह)

उत्तर प्रदेश के प्रशासनिक परिदृश्य में मुख्य सचिव शशि प्रकाश गोयल के रूप में एक नई संयमित सजगता का आगमन हुआ है। यह नियुक्ति मात्र वरिष्ठता की स्वीकृति नहीं, बल्कि सुशासन के सूत्रों को संयोजन से संचालन और दृष्टिकोण से निष्पादन तक पहुंचाने की एक जिम्मेदारीपूर्ण पहल है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की कार्यशैली तेजस्विता, तीव्रता, तथ्यता और तत्परता के चतुर्भुज पर आधारित है। एक ऐसी शासन-धारा, जो केवल योजनाओं की घोषणा पर नहीं, धरातल पर दिखने वाले परिणामों पर विश्वास करती है। इसी शासन-शैली को अब गोयल को गति और गहराई देनी है।

शशि प्रकाश गोयल, 1989 बैच के वरिष्ठ भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी हैं। उनकी गिनती तकनीक पसंद अफसरों में होती है। गोयल ने अपने तीन दशकों से अधिक के प्रशासनिक जीवन में राजस्व, नगर विकास, गृह, पथ निर्माण, औद्योगिक विकास जैसे विभागों में निर्णायक भूमिका निभाई है। वे मुख्यमंत्री कार्यालय के अपर मुख्य सचिव के रूप में शासन के सबसे महत्वपूर्ण बिंदु पर क्रियाशील रहे हैं, जहां निर्णय केवल लिए नहीं जाते, उन्हें मूल्यांकन, मार्गदर्शन और मॉनिटरिंग के संतुलन से आगे बढ़ाया जाता है। उनकी प्रशासनिक शैली में संयम, संकल्प और संरचना का त्रिवेणी संगम देखा गया है।

गोयल की कार्यशैली में मौन में मिशन, संकल्प में समर्पण और फाइल में फलितार्थ की वह शैली है, जो उत्तर प्रदेश जैसे विराट प्रदेश की जटिलता को संयमित संकल्पना और संरचित संप्रेषण से साध सकती है। उनकी दक्षता नीति के पृष्ठों से आगे जाकर जनता के पलकों तक पहुंची है। यही कारण है कि वे मुख्यमंत्री के सबसे भरोसेमंद अधिकारियों में सम्मिलित रहे हैं।

गोयल, मनोज कुमार सिंह का स्थान ले रहे हैं, जिन्होंने दुर्गाशंकर मिश्रा के पश्चात यह पद ग्रहण किया था। मनोज सिंह ने अपने सीमित कार्यकाल में ग्राम्य विकास की गहराई और फील्ड की तत्परता को शासन में समाहित किया। अब शासन की अपेक्षा एक ऐसे नेतृत्व की है, जो गति में गरिमा, दृष्टि में दीर्घता और निष्पादन में नयापन ला सके।

वर्तमान समय में मुख्य सचिव के समक्ष जो कार्य-सूची है, वह केवल योजनाओं की निगरानी नहीं, जनजीवन में योजनाओं की उपस्थिति सुनिश्चित करने की चुनौती है। जीबीसी-5 के तहत ?5.06 लाख करोड़ की 5600 से अधिक परियोजनाएं, नकलमुक्त परीक्षाएं, भर्तियों में पारदर्शिता, खनन और भू-माफियाओं पर नियंत्रण, शहरी संयोजन से लेकर ग्राम्य सशक्तिकरण तक सभी मोर्चों पर परिणाम दिखाना अब केवल विभागों की जिम्मेदारी नहीं, मुख्य सचिव की न्याययुक्त निगरानी और निष्पादन-शक्ति की परीक्षा है।

इसके साथ ही जेवर एयरपोर्ट और गंगा एक्सप्रेस-वे जैसी बहुप्रतीक्षित परियोजनाएं इस साल पूरी होनी हैं, वहीं पंचायत चुनावों की तैयारियां भी शासन को सहज और सशक्त नेतृत्व की ओर देख रही हैं। इन सभी लक्ष्यों की डोर अब एसपी गोयल के हाथों में है।

गोयल का पिछला कार्यकाल इस परीक्षा के लिए तैयारी की तरह रहा है। मुख्यमंत्री कार्यालय में रहते हुए उन्होंने सीएम डैशबोर्ड, जीबीसी संचालन, डिजिटल निगरानी प्रणाली, और जनपदीय रिपोर्टिंग तंत्र को सुदृढ़ बनाया। उनके नेतृत्व में विकास को वाक्य नहीं, व्यावहारिकता की भाषा मिली। अब यही अनुभव पूरे शासनतंत्र को गति और गंभीरता देने में सहायक हो सकता है।

उत्तरदायित्व की उत्तरायण यात्रा

अब यह कुर्सी केवल कागजों की कलमकारी नहीं, बल्कि परिणामों की पारदर्शिता का प्रतीक बन चुकी है। मुख्य सचिव शशि प्रकाश गोयल के समक्ष उत्तर प्रदेश को परियोजनाओं की परिकल्पना से निकालकर जनजीवन की जागरूकता तक पहुंचाने की चुनौती है। यह कार्य केवल नियमों की निगरानी नहीं, बल्कि न्यायसंगत निष्पादन की पुनःस्थापना है।

संक्षेप में कहें तो, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन को धरातल पर उतारना ही मुख्य सचिव शशि प्रकाश गोयल की सफलता की वास्तविक कसौटी होगी। जहां केवल योजनाओं की गति नहीं, बल्कि उनका जनजीवन पर पड़ने वाला प्रभाव ही उनके प्रशासनिक नेतृत्व की प्रामाणिकता सिद्ध करेगा।

और इसमें किंचित भी संशय नहीं कि शशि प्रकाश की कार्यशैली में, उनके नाम के अनुरूप ही, चंद्रमा की शीतल दृष्टि और प्रकाश की प्रखर दिशा का संतुलित समागम है- न शोर, न प्रदर्शन केवल शांति में साधना और प्रक्रिया में परिणाम। यही सौम्यता और संकल्पशीलता उन्हें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अपेक्षाओं के अनुरूप स्थिरता, संरचना और सिद्धि के संगम तक ले जाने में समर्थ बनाती है।

यह कहना समीचीन होगा कि मुख्य सचिव के रूप में उनका कार्यकाल नीतियों के अनुपालन से आगे बढ़कर, जनजीवन में सुशासन की सजीव अनुभूति का आधार बनेगा- एक ऐसा उजास, जो 'शशि' की तरह सहज हो और 'प्रकाश' की तरह स्पष्ट। ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।

# हिन्दू कभी आतंकवादी नहीं हो सकता

**गृहमंत्री ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधते हुए कहा कि वोट बैंक की राजनीति के लिए उसने भगवा आतंकवाद का झूठा सिद्धान्त बनाया। कांग्रेस ने बहुसंख्यक समुदाय को बदनाम करने की कोशिश की, लेकिन भारत की जनता ने इस झूठ को नकार दिया। शाह के इस ब्यान के बाद चर्चा छिड़ी है कि उन्होंने आखिर ऐसा दावा कैसे कर दिया कि हिन्दू कभी आतंकी नहीं हो सकता? पूछा जा रहा है कि उन्होंने भावावेश में आकर अतकथनी कर दी या हिन्दू अस्मिता के प्रेम में फंस कर ये दावा कर दिया? अमित शाह का उक्त कथन उन लोगों के तो गले बिल्कुल नहीं उतर रहा जो अभी तक इसी विमर्श को पल्लवित-पोषित करते आ रहे हैं कि 'आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता', तो फिर कैसे हिन्दुओं को इस मामले में एकतरफा चरित्र प्रमाणपत्र दिया जा रहा है?**

(राकेश सैन)

कांग्रेस ने बहुसंख्यक समुदाय को बदनाम करने की कोशिश की, लेकिन भारत की जनता ने इस झूठ को नकार दिया। शाह के इस ब्यान के बाद चर्चा छिड़ी है कि उन्होंने आखिर ऐसा दावा कैसे कर दिया कि हिन्दू कभी आतंकी नहीं हो सकता? आपरेशन सिन्दूर पर संसद में हुई चर्चा में हिस्सा लेते हुए केन्द्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह ने राज्यसभा में कहा कि 'मैं गर्व से कह सकता हूं कि कोई भी हिन्दू कभी आतंकवादी नहीं हो सकता।' गृहमंत्री ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधते हुए कहा कि वोट बैंक की राजनीति के लिए उसने भगवा आतंकवाद का झूठा सिद्धान्त बनाया। कांग्रेस ने बहुसंख्यक समुदाय को बदनाम करने की कोशिश की, लेकिन भारत की जनता ने इस झूठ को नकार दिया। शाह के इस ब्यान के बाद चर्चा छिड़ी है कि उन्होंने आखिर ऐसा दावा कैसे कर दिया कि हिन्दू कभी आतंकी नहीं हो सकता? पूछा जा रहा है कि उन्होंने भावावेश में आकर अतकथनी कर दी या हिन्दू अस्मिता के प्रेम में फंस कर ये दावा कर दिया? अमित शाह का उक्त कथन उन लोगों के तो गले बिल्कुल नहीं उतर रहा जो अभी तक इसी विमर्श को पल्लवित-पोषित करते आ रहे हैं कि 'आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता', तो फिर कैसे हिन्दुओं को इस मामले में एकतरफा चरित्र प्रमाणपत्र दिया जा रहा है? निष्पक्ष हो कर अमित शाह के ब्यान को जांचा-परखा जाए तो सामने आता है कि इसमें न तो अतिरंजना है न मनोवेश या अतिश्योक्ति, बल्कि यह एतिहासिक सत्य, भारत-भूमि पर पनपा प्रमाणिक हिमालयी तथ्य है कि हिन्दू कभी आतंकवादी नहीं हो सकता। आओ सबसे पहले जानें कि आतंकवाद आता कहां से है, इसका वीर्य क्या है? असल में विश्व में ईश्वर को लेकर दो तरह की अवधारणाएं या मार्ग हैं, एक सनातन व दूसरा सेमेस्टिक या सामी। सभी मार्ग सम्मानित हैं, पर इनमें मौलिक अन्तर हैं। सेमेस्टिक मजहब में ईश्वर का एक निश्चित संदेशवाहक या पैगम्बर या दूत, एक ही धर्म ग्रन्थ रहता है-जैसे इस्लाम, ईसाई व यहूदी मजहब। उक्त सभी मजहब अपने-अपने पैगम्बर को ईश्वर का अंतिम दूत और अपने-अपने धर्म ग्रन्थों में वर्णित बातों को ही ईश्वर का अंतिम सन्देश मानते हैं। सामी मजहब वाले केवल ऐसा मानते ही नहीं बल्कि अपने पैगम्बर व ग्रन्थों की बातों को दूसरे से श्रेष्ठ मानते हुए उन पर थोपने का प्रयास भी करते हैं। धीरे-धीरे इनके अनुयायियों में श्रेष्ठता की यही ग्रन्थी केवल मजहबी उन्माद तक ही सीमित नहीं रहती बल्कि रहन-सहन, खान-पीन, भाषा-वाणी अर्थात जीवन के हर क्षेत्र को संक्रमित कर देती है। दूसरे को हीन समझ उस पर अपने विचार व आस्था लादने के लिए कोई क्रूसेड करता है तो कोई जिहाद। दुनिया में ईसाईयत व इस्लाम के नाम पर जो अत्याचार, हिंसा, खूनखराबा हुआ सभी इसी श्रेष्ठा की ग्रन्थी के संक्रमण के चलते हुआ। दूसरे की आस्था के प्रति असम्मान, हिकारत, तिरस्कार में ही आतंकवाद के बीज छिपे रहते हैं। मध्ययुग में ईसाईयत के नाम पर आतंकवाद फैला परन्तु पश्चिमी समाज में आई नवचेतना के चलते इसने रूप बदल कर सेवा व लालच का ले लिया परन्तु इस्लाम के प्रचार-प्रसार का अमानवीय ढंग निरंतर जारी रहा, जिसे आज इस्लामिक आतंकवाद कहा जाने लगा है। आज ईसाई मिशनरीज़ सेवा व लालच के बल पर धर्मपरिवर्तन करते हैं और जिहादी बंदूक की नोक पर, दोनों का लक्ष्य एक ही है कि अपने-अपने मजहबों की संख्या बढ़ाना चाहे साधन अलग-अलग हैं। इस्लामिक जिहाद की तरह अगर ईसाईयों की सेवा व प्रलोभन के प्रपंचों को भी आतंकवाद का नाम दे दिया जाए तो कोई विषयभटकाव नहीं होगा।



सामी मजहबों के विपरीत दूसरी विचारधारा है सनातन, जिसे हिन्दू धर्म भी कहते हैं। 'श्री अरविन्द की दृष्टि में हिन्दू धर्म और सामी मजहब' पुस्तक में महर्षि अरविन्द कहते हैं-''जिस धार्मिक संस्कृति को हम आज हिन्दू धर्म के नाम से पुकारते हैं उसने अपना कोई नाम नहीं रखा, क्योंकि उसने स्वयं अपनी कोई साम्प्रदायिक सीमा नहीं बांधी। उसने सारे संसार को अपना अनुयायी बनाने का कोई दावा नहीं किया, किसी एकमात्र निर्दोष सिद्धांत की प्रस्थापना नहीं की, मुक्ति का कोई एक ही संकीर्ण पथ या द्वार निश्चित नहीं किया। वह कोई मत या पन्थ की अपेक्षा कहीं अधिक मानवआत्मा के ईश्वरोन्मुख प्रयास की एक सतत् विकासशील परम्परा है।'' सनातन का विचार है 'एकम सत विप्रा बहुधा वदन्ति' अर्थात सत्य एक है जिसे विद्वान उसे विभिन्न नामों से बुलाते हैं।

'अयं निज- परो वेति गणना लघुचेतसाम।
उदारचरितानां तु वसुधैव कुटुम्बकम।।

अर्थात तेरे-मेरे की भावना छोटे मन का प्रतीक है, उदारचित्त वालों के लिए तो सारी पृथ्वी ही एक परिवार है। सनातन धर्म मानता है तेरा धर्म तुझे मुबारक और मेरी आस्था मुझे। दोनों की मार्ग श्रेष्ठ हैं। मार्ग अलग-अलग हैं परन्तु सभी की मंजिल एक है, जैसे सभी नदियां अंततः एक समुद्र में विलीन हो जाती हैं उसी तरह सभी पथ उसी एक मंजिल पर ही मिलते हैं। यही भावना है जो हिन्दू को आतंकवादी बनने से रोकती है। इतिहास साक्षी है कभी भारत ने तलवार के जोर पर न तो किसी के भू-भाग को कब्जाया और न ही दूसरे पर अपना धर्म या विचार थोपा। इसी सर्वसमावेशी व सर्वपन्थ समादर भाव वाली जीवन शैली के आधार पर ही अमित शाह ने राज्यसभा में डंके की चोट पर दावा किया कि हिन्दू कभी आतंकवादी नहीं हो सकता।

## संक्षिप्त समाचार

### 12 मामलों की हुई सुनवाई, 6 का हुआ निस्तारण

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिलाधिकारी अमन समीर की अध्यक्षता में लोक शिकायत निवारण अधिनियम, 2015 के तहत द्वितीय अपीलों की सुनवाई की गई। इस दौरान कुल 12 मामलों की सुनवाई हुई, जिनमें से 6 मामलों में अंतिम आदेश पारित कर निस्तारण कर दिया गया जबकि शेष 6 मामलों में अगली तिथि पर रिपोर्ट के साथ संबंधित अधिकारियों को उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया। डीएम ने कहा कि लोक शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निवारण प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी पदाधिकारियों को सजग, संवेदनशील व सक्रिय रहकर कार्य करना होगा।

### पंजाब में युवक की असामयिक मौत से गांव में शोक

**इसुआपुर (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के हंकारपुर गांव निवासी बालेश्वर राय के पुत्र सोनू कुमार राय (22) की पंजाब के जालंधर में सांप काटने से मृत्यु हो गई। वह एक निजी कारखाने में कार्यरत था और परिवार का एकमात्र कमाऊं सदस्य था। सोनू के निधन की खबर से गांव में मातम छा गया। शव पहुंचते ही स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मृतक अविवाहित था और दो भाइयों में बड़ा था। परिजनों को सांत्वना देने वालों में पूर्व विधायक मुंद्रिका प्रसाद राय, प्रखंड प्रमुख मितेंद्र यादव, मुखिया धनंजय पांडेय, राजेश राय, विजय राय, अजय राय, मिथिलेश राय, पन्नालाल राय, सुरेंद्र राम, सूरज सिन्हा व अशोक राय शामिल थे।

### अखंड अष्टयाम व रुद्राभिषेक के लिए निकली जलभरी यात्रा

**इसुआपुर (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महावीर मंदिर परिसर में शुक्रवार को अखंड अष्टयाम सह रुद्राभिषेक की शुरूआत जलभरी यात्रा से हुई। यह जलभरी लाल दास मठिया परिसर स्थित कुएं से की गई, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु कलश व महावीर पताका लेकर जयघोष करते हुए शामिल हुए। घोड़े, बैंड-बाजे के साथ श्रद्धालु पूरे बाजार की परिक्रमा कर यज्ञ स्थल पहुंचे। वहां पंडित धीरज चतुर्वेदी, अशोक तिवारी, लकी चतुर्वेदी, अभिजीत चतुर्वेदी, सुदामा तिवारी, किरण चतुर्वेदी और पुजारी मोहन पांडेय के वैदिक मंत्रोच्चार से विधिवत पूजन शुरू हुआ। मुख्य यजमान मुन्ना कुमार व उनकी पत्नी मीरा कुमारी रहीं। शनिवार को अष्टयाम समाप्ति के बाद राम विवाह का आयोजन किया जाएगा। जलयात्रा का नेतृत्व विधायक जनक सिंह, डब्लू ओझा, अमरनाथ प्रसाद, दिलीप चौरसिया, महादेव साह, उपेंद्र भक्त, शारदानंद सोनी, राजेश सिंह कुशवाहा, नागेश्वर सिंह, ढोलन सिंह, बलिराम सिंह, अर्जुन सिंह, सत्यदेव प्रसाद व अन्य ने किया।

### शिव रुद्राभिषेक हेतु निकाली गई भव्य कलश यात्रा

**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना परिसर के पास स्थित राम जानकी शिव मंदिर में शिव रुद्राभिषेक व लखराव पार्थिव पूजन की शुरूआत कलश यात्रा से हुई। यात्रा मंदिर से निकलकर बाजार भ्रमण करते हुए घोघाड़ी नदी घाट पहुंची, जहां यजमान कमलेश सिंह व उनकी धर्मपत्नी रिंकू देवी ने वैदिक विधि से जल बोझी कराई। आचार्य अरविंद पांडेय व पुजारी टुन्ना बाबा ने मंत्रोच्चार किया। मौके पर चंद्रमा सिंह, ओमप्रकाश सिंह, हेमंत सिंह, घनश्याम रस्तोगी, दारा भगत, मदन रस्तोगी, राजू रस्तोगी, अभिषेक रस्तोगी समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। पुजारी टुन्ना बाबा ने बताया कि सावन में शिव को जलाभिषेक करना पुण्यदायी होता है, और पार्थिव पूजन से महापुण्य की प्राप्ति होती है।

### 501 कन्याओं के साथ निकली कलशयात्रा

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के राजपुर मठिया गांव में शनिवार को हनुमान मंदिर में प्रतिमा स्थापना के एक वर्ष पूरा होने पर कलश शोभायात्रा निकाली गई। कलश शोभायात्रा में 501 कन्याओं के साथ महिला पुरुष श्रद्धालु भी शामिल रहे। कलश यात्रा हनुमान मंदिर प्रांगण से निकलकर मठिया भगवती माई स्थान होते हुए राजपुर, बरईटोला, सोनासती समेत पंचायत के अन्य गांव का भ्रमण करते हुए पंड़ई नदी घाट पर पहुंचीं। जहां आचार्य कृष्ण कुमार चौबे उर्फ नन्हे चौबे एवं प्रियांशु पांडेय द्वारा यजमान अनिल चौबे,रूबी देवी समेत कन्यायों को वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश में जल भराई की गई। इसके बाद कलशयात्रा पुनः सोनासती होते हुए मठिया हनुमान मंदिर प्रांगण में पहुंचीं। इसके पश्चात आचार्य द्वारा पूजन किया गया और पूजन के उपरांत नेपाल के तुलसी बरवा से आये हनुमान आराधना मंडली द्वारा आराधना पाठ किया गया। आराधना पाठ के समाप्ति के उपरांत पूजा कमेटी द्वारा महाप्रसाद का वितरण किया गया। पूजा कमेटी के मनीष कुमार, आर्यन मिश्रा, सिक्कू तिवारी, शानू मिश्रा, रवि कुमार मिश्रा,बलिंद्र शर्मा, बिक्कू चौबे आदि ने बताया कि समस्त ग्रामीणों के सहयोग से यह आयोजन किया गया हैं।

### लौरिया के डुमरा का उपडाकघर तीन माह से बंद

**लौरिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड की गोनौली पंचायत के वार्ड संख्या एक स्थित डुमरा गांव का उप डाक घर करीब तीन माह से बंद है। इस कारण पोषक क्षेत्र के लोगों में काफी आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है कि तीन माह से यहां कोई कर्मी को हम लोग नहीं देखें हैं। बता दें कि प्रखंड मुख्यालय से करीब आठ किलोमीटर दूर गोनौली डुमरा पंचायत है। इसी पंचायत के डुमरा गांव के पंचायत भवन में उप डाकघर चलता है। इस संबंध में डुमरा गांव के वार्ड संख्या एक के ग्रामीण रामजी राव, कपील राव,फागु यादव, आदि ने बताया कि तीन माह से इस पोस्ट आफिस में कोई कर्मी नहीं आया है। वहीं ग्रामीण रामजी राव जिनके पास इस पंचायत भवन का चाबी रहता है उन्होंने बताया कि तीन माह पहले जिला से कोई पदाधिकारी आऐ थे उसी समय एक महिला डाक कर्मी आई हुई थी। उसके बाद आज तक यहां कोई महिला नजर नही आया है। हमलोगों का घर इसी पंचायत भवन के आस-पास है। डुमरा गांव के डाकबाबू समृद्धि सिंह ने बताया कि मैं रेगुलर जाती हूं। सुबह दस बजे से तीन बजे तक प्रतिदिन डाकघर चलता है। शनिवार को भी वहां गई थी। ऑफिस में बैठने के लिए टेबुल कुर्सी नहीं है। और ना ही शौचालय का कोई व्यवस्था है। वहीं गोनौली डुमरा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सुमन ठाकुर ने बताया कि मैं जब भी पंचायत भवन में जाता हूं। परन्तु डाक विभाग के कोई कर्मी को हमने नहीं देखा है। इस संबंध में डाक अधीक्षक पश्चिमी चंपारण बेतिया के शंभू कुमार सिंह ने बताया कि मामला मेरे संज्ञान में आया है जांच कर कार्रवाई की जाएगी

### पुल में अनियंत्रित होकर बाइक जा गिरी,दो युवक घायल

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मझौलिया प्रखंड के नानोसती-मझौलिया मुख्य मार्ग पर स्थित पचपन पुल आरडी के समीप एक बड़ी सड़क दुर्घटना हो गई। बाइक सवार दो युवक अनियंत्रित होकर बेलघाटी नहर पुल में जा गिरे,जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।प्राप्त जानकारी के अनुसार, नानोसती गांव निवासी स्वर्गीय राजेन्द्र यादव के पुत्र विक्की कुमार एवं महेश यादव के पुत्र लड्डु कुमार मझौलिया बाजार सामान खरीदने जा रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार में चल रही बाइक असंतुलित होकर सीधे नहर पुल में जा घुसी।हादसे के तुरंत बाद मौके पर ग्रामीण एकत्र हुए और दोनों घायलों को बाहर निकालकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, मझौलिया पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेतिया स्थित जीएमसीएच रेफर कर दिया।फिलहाल दोनों युवकों का इलाज जीएमसीएच में चल रहा है।पुलिस ने घटना की जानकारी लेकर आगे की जांच शुरू कर दी है

### भड़काउ पोस्ट डालने पर युवक के खिलाफ एफआईआर

**बगहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सोशल मीडिया पर संप्रदायिक द्वेष फैलाने के उद्देश्य से भड़काऊ पोस्ट डालने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक युवक पर प्राथमिकी दर्ज की है।साइबर थाने में दर्ज मामले में कार्रवाई करते हुए नगर थाने की पुलिस ने थाना क्षेत्र के छटकी पट्टी निवासी सूरज कुमार पर प्राथमिकी दर्ज हुई है। एसपी सुशांत कुमार सरोज ने बताया कि नगर थाने के कंट्रोल रूम से खबर मिली की थी कि कुछ लोगों के द्वारा सोशल मीडिया पर सांप्रदायिक द्वेश भड़काने एवं आपत्तिजनक पोस्ट किया जा रहे हैं। जिसकी आलोक में मामले में छानबीन की गई एवं साइबर थाने में एफआईआर दर्ज कराया गया। इसके बाद पुलिस के सोशल मीडिया यूनिट के द्वारा युवक की पहचान नगर थाने के छोटकी पट्टी निवासी सूरज कुमार साहू के रूप में की गई। पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया।एसपी ने लोगों से सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट नहीं करने की अपील की है। अगर किसी के द्वारा सांप्रदायिक या फिर भड़काऊ पोस्ट किया जाता है तो मामले में संबंधित लोगों को चिन्हित करने पर कार्रवाई की जाएगी। ऐसे में उन्होंने लोगों से सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट नहीं डालने की अपील की है।

---

### जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गिरिडीह की पहल, अधिनियम की दी जानकारी

# पॉक्सो एक्ट 2012 एवं मोटर वाहन दुर्घटना वाद के सभी स्टेकहोल्डर्स के साथ एक दिवसीय वर्कशॉप का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**गिरिडीह।** माननीय झालसा, रांची के निर्देशानुसार एवं माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह, मार्तंड प्रताप मिश्रा मिश्रा के मार्गदर्शन में आज जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह की ओर से पॉक्सो एक्ट एवं मोटर वाहन दुर्घटना वाद से संबंधित मामलों के लिए एक दिवसीय वर्कशॉप का आयोजन व्यवहार न्यायालय परिसर गिरिडीह में किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष महोदय, जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह मार्तंड प्रताप मिश्रा, उपायुक्त-सह-उपाध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह रामनिवास यादव, प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय, धनंजय कुमार, जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश प्रथम श्री मनोज कुमार झा, पुलिस अधीक्षक डॉ विमल कुमार, जिला अधिवक्ता संघ सचिव, चुन्नू कांत के पावन कर कमलों द्वारा संयुक्त रूप दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष ने कहा कि पॉक्सो एक्ट एवं मोटर वाहन दुर्घटना वाद में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के द्वारा महत्त्वपूर्ण दिशा-निर्देश सभी स्टेकहोल्डर के लिए प्रदान किया गया है। इन दिशा निर्देशों का अनुपालन विभिन्न स्तरों पर किए जाने से पॉक्सो एक्ट एवं मोटर वाहन दुर्घटना वाद से संबंधित पीड़ितों को त्वरित न्याय उपलब्ध कराया जा सकता है माननीय उपायुक्त सह उपाध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह, रामनिवास यादव ने कहा कि आज का वर्कशॉप सभी स्टेकहोल्डर के लिए जैसे पुलिस पदाधिकारियों, चिकित्सकों, अधिवक्ताओं के लिए अत्यंत ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी से अपील किया कि आज के इस वर्कशॉप के तकनीकी सत्र में विद्वान न्यायिक पदाधिकारियों एवं रिसोर्स पर्सन के द्वारा बताए जा रहे दिशानिर्देशों का अनुपालन पॉक्सो एक्ट एवं मोटर वाहन दुर्घटना वाद से संबंधित मामलों में करें, ताकि इन मामलों के पीड़ितों को त्वरित एवं सुलभ न्याय प्रदान किया जा सके कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गिरिडीह के पुलिस अधीक्षक डॉ बिमल कुमार ने मोटर वाहन दुर्घटना वाद तथा पॉक्सो मामलों में पुलिस पदाधिकारियों, डॉक्टर की संवेदनशीलता एवं उनके कर्तव्यों के बारे में उन्हें जागरूक किया जिला अधिवक्ता संघ के सचिव श्री चुन्नूकांत के द्वारा इस वर्कशॉप को कराने के लिए प्रधान जिला जज गिरिडीह एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। उन्होंने अधिवक्ता संघ के प्रतिनिधियों को इस वर्कशॉप में मोटर वाहन दुर्घटना वाद से संबंधित प्रावधानों को बारीकी पूर्वक समझने का सुझाव दिया।कार्यक्रम के तकनीकी सत्र में जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश नवम श्री राजेश कुमार बग्गा एवं जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश चतुर्थ श्री हरिओम कुमार ने मोटर वाहन दुर्घटना वाद के विभिन्न प्रावधानों के ऊपर विस्तार पूर्वक बतलाते हुए इसमें न्यायिक पदाधिकारियों की भूमिका, पुलिस पदाधिकारियों की भूमिका, बीमा कंपनियों की भूमिका इत्यादि विषयों पर प्रतिभागियों को जानकारी प्रदान किया। इसके उपरांत पुलिस उपाधीक्षक मो कौसर अली ने हिट एंड रन केस में परिवहन विभाग के माध्यम से मिलने वाले मुआवजा तथा वाद के अनुसंधान की प्रक्रियाओं के बारे में विस्तारपूर्वक बतलाया साथ ही जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश दशम श्री विशाल कुमार तथा न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी सुश्री रीमा कुमारी ने प्रतिभागियों को पॉक्सो के मामलों में पदाधिकारियों के भूमिका, पीड़ित के प्रति संवेदनशील बर्ताव आदि के बारे में जरूरी पहलुओं पर जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम का संचालन न्यायिक दंडाधिकारी सुश्री स्मृति त्रिपाठी ने किया। कार्यक्रम में न्यायिक पदाधिकारी गण, गिरिडीह, कार्यपालक पदाधिकारीगण, जिले के विभिन्न थाना से पुलिस पदाधिकारी, गिरिडीह न्याय मंडल के सभी विद्वान मध्यस्थगण, लोक अभियोजकगण, लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के सभी विद्वान अधिवक्तागण, जिला अधिवक्ता संघ के विद्वान अधिवक्तागण सहित न्यायालय के कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## हार्ट हॉस्पीटल में अमेरिका के प्रसिद्ध इन्टरभेन्शनल कार्डियोलोजिस्ट की कार्यशाला




**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अमेरिका में भारतीय मूल के प्रख्यात चिकित्सक डा. श्रीपाल बंगलोर, न्यूयार्क के न्यूयार्क स्कूल ऑफ मेडिसन में मेडिसीन के प्रोफेसर और इन्टरभेन्शनल कार्डियोलोजिस्ट के पद पर कार्यरत हैं। 31 जुलाई को हार्ट हास्पीटल, पटना में 1 दिवसीय कार्यशाला में डा. श्रीपाल 3 मरीजों का जटिल सी.टी.ओ. एन्ज्योप्लास्टी किया। क्रोनिक टोटल ओक्ल्यूजन या उळड में कोरोनरी धमनी 100% ब्लोकेज से अवरूद्ध रहता है। विशेष प्रकार के केथेटर की सहायता से स्टेन्ट या रिंग अवरूद्ध धमनी में डालकर सी.टी.ओ. एन्ज्योप्लास्टी किया जाता है। कार्यशाला में डा. श्रीपाल के साथ हार्ट हास्पीटल के वरीय हृदय रोग विशेषज्ञ डा. आशीष झा, डा. विनीत कुमार, डा. आशीष रंजन, डा. अभिनव भगत एवं डा. शिशिर ने भाग लिया। अस्पताल के प्रबंध निदेशक, के अनुसार डा. श्रीपाल कार्यशाला के अलावा कुछ विषयों पर व्याख्यान की प्रस्तुति की। हार्ट हास्पीटल के इन्टरभेन्शनल कार्डियोलोजिस्ट ने पिछले 2 दिनों में कार्यशाला के अलावा 7 प्राइमरी और सामान्य एन्ज्योप्लास्टी भी किया।

## सालूजा गोल्ड स्कूल में प्रेरणादायक पर्यावरण जागरूकता कार्यशाला का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**गिरिडीह।** इनरव्हील क्लब ऑफ गिरिडीह सनशाइन द्वारा सालूजा गोल्ड स्कूल में एक प्रेरणादायक पर्यावरण जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य छात्रों को पर्यावरण संरक्षण की दिशा में जागरूक करना और उन्हें छोटे-छोटे कदमों से बड़ा परिवर्तन लाने के लिए प्रेरित करना था इस कार्यशाला के दौरान छात्रों को सीड बॉल्स बनाने की विधि सिखाई गई, जिससे वे अपने आसपास हरियाली बढ़ाने में सहयोग कर सकें। साथ ही, कचरा प्रबंधन और कचरा छँटाई के बारे में जानकारी दी गई — कि कैसे सूखा व गीला कचरा अलग-अलग डस्टबिन (हरे और नीले) में डालना चाहिए। इसके अलावा, बच्चों के बीच एक ज्ञानवर्धक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। सभी बच्चों ने इसमें पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। विशेष रूप से दो विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट उत्तर देकर सभी को प्रभावित किया, जिन्हें क्लब की ओर से पुरस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान सालूजा गोल्ड स्कूल के छात्रों ने "पर्यावरण को कैसे बचाएं " और "पेड़ों को कैसे बचाएं " विषयों पर एक संक्षिप्त लेकिन प्रभावशाली नाटक प्रस्तुत किया, जिसने सभी दर्शकों को सोचने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में लगभग 200 छात्रों ने भाग लिया और पूरे जोश के साथ इस आयोजन का आनंद उठाया। कार्यक्रम के अंत में सभी छात्रों ने एक संकल्प लिया कि:- "हम आज से, बल्कि अभी से गिरिडीह को सुरक्षित, स्वच्छ और हरा-भरा बनाएंगे। यह सिर्फ एक वादा नहीं, बल्कि हमारी वास्तविकता होगी।" हमें गिरिडीह को स्वर्ग तो नहीं लेकिन रहने योग्य अवश्य बनाना है इसके अतिरिक्त, स्कूल के विद्यार्थियों ने रिड्यूस, रीसाइकिल और पुनः उपयोग पर एक सुंदर मॉडल बनाकर उसे बहुत अच्छे ढंग से समझाया। इस कार्यशाला में बच्चों को पुनः उपयोग के तहत कार्टन से ट्रैवल बैग्स के टैग बनाने की विधि बताई गई वह टैग सिर्फ टैग नहीं है बल्कि उसके बीच में छोटे-छोटे सीड्स को रखकर उसे इस्तेमाल करने के लिए भी प्रेरित किया गया। यह देखकर क्लब के लोग अत्यंत प्रसन्न हुए कि आज की पीढ़ी पर्यावरण की दिशा में न केवल जागरूक है, बल्कि जिम्मेदारी से कार्य भी कर रही है साथ ही क्लब के मेंबर्स में एक छोटा सा नृत्य प्रस्तुत किया और पेड़ ना काटने का संदेश दिया। साथ ही कुछ पेड़ स्कूल में लगाए साथ ही उन्हें रक्षा सूत्र पहनकर रक्षाबंधन किया गया और यह संदेश दिया गया कि पेड़ लगाना ही काफी नहीं है बल्कि उसकी सुरक्षा करना हमारा कर्तव्य है हम उसकी सुरक्षा करेंगे तो वह हमें सुरक्षा देगा मौके के दौरान क्लब के सदस्यों ने एक नृत्य प्रस्तुत किया जिसके जरिए उन्होंने पेड़ न काटने का संदेश दिया। इस कार्यक्रम की सफलता का श्रेय स्कूल प्रबंधन और छात्रों के सक्रिय सहयोग को जाता है। कार्यक्रम में क्लब की पीडीसी पूनम सहाय, जो पिछले 25 वर्षों से पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में कार्यरत हैं। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में क्लब की पीडीसी पूनम सहाय क्लब की अध्यक्ष कविता राजगढ़िया, सचिव स्मृति आनंद, सदस्या तनुजा भूषण एवं अन्य सदस्य भी इस अवसर पर उपस्थित थे। इनरव्हील क्लब ऑफ गिरिडीह सनशाइन पिछले 5 वर्षों से लगातार सामाजिक व पर्यावरणीय गतिविधियों के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का कार्य कर रहा है। क्लब ने भविष्य में भी इस तरह की कार्यशालाएं आयोजित करने की प्रतिबद्धता जताई।

## सेवा और संघर्ष के पर्याय थे शक्ति प्रसाद : चुन्नू कांत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**गिरिडीह।** पांचवीं पुण्यतिथि पर धरचांची में आयोजित हुआ कार्यक्रम।जिला अधिवक्ता संघ के महासचिव व प्रदेश कार्य समिति के सदस्य चुन्नू कांत ने कहा शक्तिकांत सेवा और संघर्ष के पर्याय थे ।आजीवन उन्होंने दुखियारों का आंसू पहुंचने का काम किया है। श्रीकांत रविवार को यहां धर चाचीं स्थित है मां शक्ति फ्यूल पेट्रोल पंप पर आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। इसके पूर्व उन्होंने शक्तिकांत के जीवन और आदर्श पर चर्चा करते हुए कहा कि वह अपने आदर्श के पक्के थे ,और पीड़ितों के लिए हमेशा करने वाले व्यक्ति निर्भीकता उनके भीतर कूट-कूट कर पड़े थे गलती करने वाला कितना ही मजबूत देखा क्यों ना वह डटकर उसका विरोध करते थे क्षेत्र में है सेवा कार्य अतुल्य घंटा बाबा कॉलेज के सेवानिवृत्ति प्राचार्य प्रोफेसर प्रमोद कुमार सिन्हा ने भी शक्तिकांत की जमकर तारीफ की और कहा की जिसका संस्कृति को उन्होंने इस क्षेत्र में आरंभ किया था उसे उनके परिजनों ने मजबूती के साथ आगे बढ़ने का काम किया है इस मौके पर जिला भाजपा के नेता नागेश्वर दास ने कहा की भक्तों ने जिस तरह से उनके कार्य संस्कृति की तारीफ की है उसे यह प्रमाणित हो जाता है कि सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में भी सामाजिक कार्य में मजबूती के साथ आगे बढ़कर काम करने वाले लोगों की श्रृंखला में शक्ति कम प्रसाद जी का भी नाम था है कार्यक्रम में अन्य लोगों के अलावा मुखिया दशरथ दास मुखिया प्रतिनिधि सदानंद राय उप मुखिया जुमदालिस शेख अधिवक्ता केदारनाथ सिंह सेवानिवृत्ति विपणन अधिकारी संतोष कुमार सिंह आदि ने भी अपने विचार व्यक्त की और शक्तिकांत की जीवन और आदर्शों की प्रशंसा की कार्यक्रम में आयोजिकों की ओर से लोगों के बीच बरसाती का वितरण किया गया इसके अलावे आगंतु अतिथियों को सॉल्व अंग वस्त्र आदि देकर उनका स्वागत किया गया कार्यक्रम में मंच संचालन मोहम्मद सरताज और धन्यवाद ज्ञापन राजीव कांत ने किया।

### संघ के सदस्यों ने बैडमिंटन संघ के जिलाध्यक्ष के विरुद्ध मोर्चा खोला

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष भरत जायसवाल के विरुद्ध कार्यकारिणी के सदस्यों ने मोर्चा खोल दिया है। दोनों पर वित्तीय अनियमितता व राशि गबन का आरोप लगाते राज्य बैडमिंटन संघ को पत्र लिखा है। अध्यक्ष को बर्खास्त करने की मांग की है। पत्र में कहा गया है कि गैरकानूनी ढंग से सक्रिय सदस्यों को निष्कासित करने का प्रयास करने, एवं बिना राज्य संघ के किसी लिखित निर्देश के पूर्व से संघ द्वारा नामित एवं अपनी अध्यक्ष की उपस्थिति में अनुमोदित सदस्यों के स्थान पर बाहरी व्यक्तियों को अवैध ढंग से इकट्ठा कर अवैध चुनाव कराने का प्रयास करना। बैठक की कार्यवाही पंजी में अध्यक्ष का हस्ताक्षर युक्त कार्यवाही का प्रतिवेदन संलग्न। सभी बिंदुओं पर विचार करते हुए भ्रष्टाचारी, स्वेच्छाचारी, खिलाड़ियों एवं सदस्यों का भवदीय के नाम का धौंस दिखाकर शोषण एवं भयादोहन करने वाले अध्यक्ष पश्चिम चंपारण जिला बैडमिंटन संघ भारत जायसवाल को पद से तत्काल बर्खास्त करते हुए जिले के बैडमिंटन के भविष्य को बचाने की बात कही गई है।

## रोटरी क्लब ऑफ गिरिडीह कपल क्लब का 12वां स्थापना दिवस मनाया गया




**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रोटरी क्लब ऑफ गिरिडीह कपल क्लब का 12वां स्थापना दिवस शनिवार को होटल अशोका इंटरनेशनल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमे अध्यक्ष के रूप में हरिंदर मोंगिया व सचिव के रूप में अंनित खंडेलवाल का चयन किया गया इस अवसर पर क्लब में नये नेतृत्व का स्वागत किया गया तथा सामाजिक परियोजनाओं की जानकारी दी गयी। मुख्य अतिथि के रूप में डीजीई रोटेरियन अनु नारंग तथा विशिष्ट अतिथि के तौर पर एजी जोन-8 रोटेरियन डॉक्टर आजाद समारोह में शामिल हुए। पूर्व अध्यक्ष सिद्धार्थ गौरीसरिया ने क्लब कॉलर अध्यक्ष हरिंदर सिंह मोंगिया को सौंपकर नये नेतृत्व को शुभकामना दी। अध्यक्ष हरिंदर मोंगिया व सचिव अंनित खंडेलवाल ने अपने संबोधन में सामाजिक जिम्मेदारियों को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता दोहरायी और रोटरी वर्ष 2025-26 के विजन का अनावरण किया। मौके पर डॉ गुणवंत सिंह मोंगिया, सतविंदर सिंह सलूजा, मुकेश जालान, चरणजीत सिंह, देवेंद्र सिंह, वैभव शाहबादी, डॉ सुमन कुमार, अमित अग्रवाल, अभिषेक बगेड़िया, स्वाति बगेड़िया, विजय सिंह आदि उपस्थित थे।

## प्रेमचंद स्मृति व्याख्यान और काव्य पाठ का आयोजन


नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**गिरिडीह।** जन संस्कृति मंच, गिरिडीह द्वारा 'प्रेमचंद स्मृति व्याख्यान' के तहत 'हिंदी-उर्दू लेखन ( संदर्भ : प्रेमचंद) एवं कवि गोष्ठी' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम दो सत्रों में था। पहला सत्र व्याख्यान एवं दूसरा सत्र काव्य गोष्ठी का था ।व्याख्यान सत्र के मुख्य वक्ता थे डॉ. गुलाम समदानी और डॉ. शैलेन्द्र कुमार शुक्ल। डॉ. समदानी ने कहा कि प्रेमचंद भारतीय जीवन के कथाकार थे और उनकी ख्याति अंतरराष्ट्रीय है। प्रेमचंद की रचनाशीलता के केंद्र में थी आजादी और उनकी कोशिश मानव हृदय में जड़ जमाई हर तरह की गुलामी को निकाल बाहर करना था। इसके लिए उन्होंने आम अवाम की भाषा को अपनाया। हिंदी-उर्दू के माध्यम से उन्होंने किसानों, मजदूरों, बच्चों , दलितों और महिलाओं के जीवन की वास्तविक तस्वीर प्रस्तुत की। डॉ. शैलेन्द्र कुमार शुक्ल ने कहा कि सांप्रदायिकता कभी धर्म को तो कभी भाषा को आधार बनाती है। उन्होंने प्रथम प्रधान मंत्री जवाहर लाल नेहरू के उस वक्तव्य का जिक्र किया जिसमें उन्होंने लेखन के लिए आम आदमी की समझ की भाषा को जरूरी बताया था। शैलेन्द्र ने प्रेमचंद की भाषा को भारतीय समाज की भाषा कहा और बताया कि भाषा उनके लिए माध्यम है। वे हिंदी को ज्यादा हिंदी और उर्दू को ज्यादा उर्दू बनाने के पक्ष में बिल्कुल नहीं थे। डॉ. अंजर हुसैन ने कहा कि हिंदी और उर्दू दोनों हिंदुस्तान की भाषा है। उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान की जितनी भाषाएं हैं, सबका संबंध हिंदी-उर्दू से है। कार्यक्रम की अध्यक्षता गांडेय जिला परिषद के सदस्य मुफ्ती सईद आलम ने की। उन्होंने कहा कि प्रेमचंद अपने समय में केवल अपने समय के लिए ही नहीं लिख रहे थे। उनसे हम आज भी अपने समय को समझने में मदद लेते हैं। व्याख्यान सत्र का संचालन जन संस्कृति मंच के राष्ट्रीय परिषद के सदस्य महेश सिंह ने किया कार्यक्रम का दूसरा सत्र सम्मान और काव्य गोष्ठी का था। इस अवसर पर जन संस्कृति, मंच, गिरिडीह की तरफ से उर्दू के शायर कलीम साज़िद को हिंदी-उर्दू लेखन सम्मान से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कवि को अंगवस्त्र और प्रतीक चिन्ह सम्मान स्वरूप भेंट किया गया। सम्मानित कवि के बारे में डॉ. बलभद्र ने कहा कि कलीम साज़िद की गजलों में हमारे समय और समाज का यथार्थ दर्ज हुआ है। वे बेहद सहज भाषा में अपनी बात कहते हैं। सम्मान के बाद काव्य पाठ में शहर के हिंदी उर्दू के कई कवियों और शायरों ने अपनी अपनी रचनाओं के पाठ किए। सरफराज चांद ने सुनाया कि 'हमारे देश की मिट्टी में है खुशबू मुहब्बत की।' सलीम परवाज ने फूलों के ख्वाब के साथ फूलों के प्यार की बात की। छोटू प्रसाद चंद्रप्रभ, प्रदीप कुमार गुप्ता, हलीम असद, क्रांति कुमार शर्मा, जावेद हुसैन जावेद, मशकूर मयकश, महेश सिंह आदि ने काव्य पाठ किए। कवि गोष्ठी के अध्यक्ष सम्मानित कवि कलीम साज़िद ने भी अपनी कविताएं सुनाई। गोष्ठी का संचालन जसम के राष्ट्रीय पार्षद शंकर पाण्डेय ने किया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. प्रभात कृष्ण ने किया। कार्यक्रम में हीरा लाल मंडल, दिवाकर रविदास, विशाल, अजय, मनी, राजू, प्रदीप, ऋषि, साजन कुमार पाठक, विशाल की सक्रिय उपस्थिति एवं सहयोग रहा।

## रेखा झुनझुनवाना ने नाज़ारा टेक्नोलॉजीज से बेचा अपना पूरा हिस्सा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रेखा झुनझुनवाला ने नाज़ारा टेक्नोलॉजीज में अपना पूरा हिस्सा बेच दिया है। एक समय में उनकी कंपनी में 10.82 प्रतिशत हिस्सेदारी थी। पिछले 3 साल में कंपनी के शेयरों की कीमतों में 111 प्रतिशत से अधिक की तेजी देखने को मिली है। इस कंपनी में मधुसूदन केला और नितिन कामथ का निवेश है। मार्च 2025 की शेयरहोल्डिंग



के अनुसार नाज़ारा टेक्नोलॉजीज में रेखा झुनझुनवाला की हिस्सेदारी 7.06 प्रतिशत थी। उनके पास कंपनी के 61,83,620 शेयर थे। इकनॉमिक्स टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार कंपनी के जून की शेयरहोल्डिंग में रेखा झुनझुनवाला का नाम नहीं है। उन्होंने अपनी पूरी हिस्सा बेच दिया है।

**कितने रुपये के हिसाब से उन्होंने शेयर बेचे-** 13 जून को रेखा झुनझुनवाला ने नाज़ारा टेक्नोलॉजीज के 13 लाख शेयर बीएसई में और 14 लाख शेयर एनएसई में बेचा था। उन्होंने 1225.19 रुपये और 1225.63 रुपये प्रति शेयर के हिसाब से शेयर बेचे थे। यह पूरी डील 334 करोड़ रुपये के है। रेखा झुनझुनवाला ने भले ही अपना हिस्सा बेच दिया है।

## 900 प्रतिशत का रिटर्न देने वाले स्टॉक ने किया तिमाही नतीजों का ऐलान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मल्टीबैगर स्टॉक पीसी ज्वैलर्स ने तिमाही नतीजों का ऐलान कर दिया है। कंपनी की तरफ से दी जानकारी के अनुसार अप्रैल से जून 2025 के दौरान नेट प्रॉफिट 144 करोड़ रुपये रहा है। एक साल पहले इसी तिमाही में पीसी ज्वैलर्स का नेट प्रॉफिट 65 करोड़ रुपये रहा था। कंपनी के सेल्स में भी तेज इजाफा हुआ है। अप्रैल से जून के दौरान कंपनी का सेल्स 725 करोड़ रुपये रहा है। बीते वित्त वर्ष की इसी तिमाही में कंपनी की सेल्स 401 करोड़ रुपये रहा था। अब इस रिजल्ट के सामने आने के बाद कंपनी के शेयर सोमवार को फोकस में रहेंगे। कंपनी ने तिमाही नतीजों का ऐलान शनिवार की शाम को किया है।

पीजी ज्वैलर्स का 136 प्रतिशत की बढ़ोतरी के बाद 210 करोड़ रुपये रहा है। पिछले वित्त वर्ष में यह 89 करोड़ रुपये रहा था। वहीं, प्रॉफिट (टैक्स भुगतान के बाद) 164 करोड़ रुपये रहा है। पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में यह 83 करोड़ रुपये रहा था।

**शेयरों का भाव 20 रुपये से कम-** शुक्रवार को पीसी ज्वैलर्स के शेयरों का भाव 3.84 प्रतिशत की गिरावट के बाद 15.02 रुपये के लेवल पर बंद हुआ था। बीते 3 महीने के दौरान कंपनी के शेयरों की कीमतों में 22 प्रतिशत से अधिक की तेजी देखने को मिली है। वहीं, एक साल में कंपनी के शेयरों का भाव 60 प्रतिशत से अधिक बढ़ा है। जबकि इस पीरियड में सेंसेक्स इंडेक्स में 1.55 प्रतिशत की गिरावट आई है। पीसी ज्वैलर्स के शेयरों में 2 साल में 427 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है। वहीं, 5 साल में कंपनी के शेयरों का भाव 914 प्रतिशत बढ़ा है।

**हो चुका है कंपनी के शेयरों का बंटवारा-** 2024 में पीसी ज्वैलर्स के शेयरों का बंटवारा हुआ था। तब कंपनी के शेयरों का बंटवारा 10 हिस्सों में हुआ था। वहीं, 2017 में कंपनी ने बोनस शेयर भी दिया था।

# रूसी तेल से दूरी भारत को पड़ सकती है भारी

## विशेषज्ञ बोले- आयात बिल में होगी 11 अरब डॉलर तक की बढ़ोतरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका ने रूस से तेल खरीदना जारी रखने पर भारत को जुर्माना भुगतने की धमकी दी है। जुर्माने की धमकी के चलते अगर भारत रूसी तेल को खरीदना बंद करता है तो उसे भारी नुकसान झेलना पड़ सकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि रूस से तेल आयात बंद करने के बाद भारत का वार्षिक तेल आयात बिल 9-11 अरब डॉलर तक बढ़ सकता है। हालांकि भारत अमेरिका के दबाव के आगे झुकता नहीं दिख रहा है।

**रूस, दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा कच्चे तेल का उत्पादक-** रूस, कच्चे तेल का दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक देश है, जिसका रोजाना का तेल उत्पादन करीब 9.5 मिलियन बैरल/प्रतिदिन है। यह वैश्विक मांग का करीब 10 प्रतिशत है। रूस, दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा निर्यातक देश भी है, जो लगभग 4.5 मिलियन बैरल प्रति दिन कच्चा तेल और 2.3 मिलियन बैरल प्रति दिन परिष्कृत उत्पादों का निर्यात करता है। साल 2022 में रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद रूसी तेल के बाजार से बाहर होने की आशंका थी, जिससे वैश्विक स्तर पर तेल की कीमतें बढ़ने की आशंका पैदा हो गई। भारत ने इसे अच्छा मौका समझा और इसे लपक लिया।

**इन कंपनियों के लिए चुनौती-** पिछले वित्त वर्ष में भारत ने कच्चे तेल के आयात पर 137 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक खर्च किए। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड और नायरा एनर्जी जैसे रिफाइनरों के लिए चुनौती गंभीर है। नायरा को रूसी तेल कंपनी रोसनेफ्ट का समर्थन प्राप्त है और पिछले महीने यूरोपीय संघ ने उस पर प्रतिबंध लगा दिया है। जबकि रिलायंस भी यूरोप के लिए एक बड़ी ईंधन निर्यातक रही है।

केपलर के अनुसार दुनिया के सबसे बड़े डीजल निर्यातकों में से एक होने के नाते रिलायंस ने पिछले दो वर्षों में रिफाइनिंग मार्जिन को बढ़ाने के लिए रियायती रूसी कच्चे तेल का बड़े पैमाने पर उपयोग किया है। अब रिलायंस को या तो रूसी फीडस्टॉक के अपने सेवन को कम करना होगा। इससे लागत प्रतिस्पर्धात्मकता प्रभावित होगी या रूस से जुड़े उत्पादों को गैर-यूरोपीय संघ के बाजारों में भेजना होगा। केप्लर के प्रमुख अनुसंधान विश्लेषक सुमित रिटोलिया ने कहा कि डीजल निर्यात को दक्षिण-पूर्व एशिया, अफ्रीका या लैटिन अमेरिका की ओर भेजा जाना चाहिए। लेकिन इससे मार्जिन कम होगा। यात्रा समय अधिक लगेगा



### भारत को मिला है काफी फायदा

फरवरी, 2022 के शुरू में भारत के कच्चे तेल आयात में रूस की हिस्सेदारी केवल 0.2 प्रतिशत थी। यूरोपीय बाजारों के दरवाजे बंद होने के बाद रूस से भारत को समुद्री निर्यात बढ़ने लगा। अब रूस से भारत कच्चे तेल का 35-40 प्रतिशत आयात कर रहा है। इससे भारत को खुदरा ईंधन की कीमतों को नियंत्रण में रखने और मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने में मदद मिलती है।

### अब रिफाइनरियों पर पड़ सकती है दोहरी मार

ट्रंप के टैरिफ, रूस से तेल खरीदने पर जुर्माना लगने और यूरोपीय संघ के रूसी मूल के कच्चे तेल से बने परिष्कृत उत्पादों के आयात पर प्रतिबंध लगाने से भारतीय रिफाइनरियों के लिए दोहरी मार पड़ सकती है। केप्लर के प्रमुख अनुसंधान विश्लेषक सुमित रिटोलिया इसे दोनों ओर से दबाव बताते हैं। उन्होंने कहा कि यूरोपीय संघ के प्रतिबंध जनवरी 2026 से प्रभावी होंगे। इससे भारतीय रिफाइनरों को कच्चे तेल का उपयोग करने से मजबूर किया जा सकता है। साथ ही अमेरिकी टैरिफ से भारत के रूसी तेल व्यापार को आधार देने वाली शिपिंग, बीमा और वित्तपोषण जीवन रेखा प्रभावित होगी। ये सभी उपाय भारत के कच्चे तेल की खरीद के लचीलेपन को तेजी से कम करते हैं। जोखिम को बढ़ाते हैं तथा महत्वपूर्ण लागत अनिश्चितता पैदा करते हैं।

### रूसी तेल के आयात में गिरावट

केप्लर के आंकड़ों के मुताबिक जुलाई में भारत के रूसी कच्चे तेल के आयात में उल्लेखनीय गिरावट आई है। यह जून में 21 लाख बैरल प्रतिदिन की तुलना में 18 लाख बैरल प्रतिदिन हो गई है। यह गिरावट सरकारी रिफाइनरियों में ज्यादा हुई है। इसके अलावा निजी रिफाइनरियों ने भी जोखिम कम करना शुरू कर दिया है। अमेरिकी प्रतिबंधों को लेकर नए खरीद विविधीकरण की प्रक्रिया शुरू हो गई है। रिटेलिया ने कहा कि यहां जोखिम केवल आपूर्ति का नहीं, बल्कि लाभ का भी है। रिफाइनरों को फीडस्टॉक की उच्च लागत का सामना करना पड़ेगा और मार्जिन पर भी दबाव होगा।

### ऐसे हो सकता है भारत को नुकसान

भविष्य को लेकर केप्लर का मानना है कि भारत के जटिल निजी रिफाइनर मध्य पूर्व, पश्चिम अफ्रीका, लैटिन अमेरिका या यहां तक कि अमेरिका से गैर-रूसी बैरल की ओर रुख करेंगे। हालांकि रूसी बैरल को पूरी तरह से बदलना कोई आसान काम नहीं है। यह आर्थिक रूप से कष्टदायक और भू-राजनीतिक रूप से जोखिम भरा है। मान लें कि 18 लाख बैरल प्रतिदिन पर 5 डॉलर प्रति बैरल की छूट का नुकसान होता है, तो भारत का आयात बिल सालाना 9-11 अरब डॉलर तक बढ़ सकता है। अगर रूसी उपलब्धता कम होने के कारण वैश्विक स्थिर कीमतें और बढ़ती हैं तो लागत और भी बढ़ सकती है। इससे राजकोषीय दबाव बढ़ेगा। खासकर अगर सरकार खुदरा ईंधन की कीमतों को स्थिर करने के लिए कदम उठाती है।

## पूर्वी भारत में खाद्य क्षेत्र के विस्तार की बड़ी संभावना

### आइसक्रीम बाजार पर टिकी निगाहें

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उद्योग जगत के लीडर्स का मानना है कि पूर्वी भारत में खाद्य उद्योग क्षेत्र में विकास की अपार संभावनाएं हैं। यह टिप्पणी शनिवार को इंटरनेशनल कोलकाता फूडटेक 2025 के उद्घाटन सत्र में की गई। साथ ही उन्होंने इस क्षेत्र में मौजूदा चुनौतियों का भी जिक्र किया।

**बेकरी क्षेत्र के लिए अपार अवसर -** लीडर्स के अनुसार बेकरी क्षेत्र में पूर्वी भारत अग्रणी है, लेकिन आइसक्रीम की श्रेणी में यह अभी भी पीछे है। ड्रीम बेक की सीईओ नेमिशा घिया ने टिकाऊ



पैकेजिंग को अपनाने का आह्वान किया। साथ ही हितधारकों से अपील किया कि वे इस बात का पता लगाएं कि यह क्षेत्र किस प्रकार उद्योग में अग्रणी स्थान प्राप्त कर सकता है।

**विनिर्माण केंद्र बनने की जरूरत-** भीखाराम चांदमल के निदेशक आशीष अग्रवाल ने कहा कि भले ही पूर्वी भारत मिठाई और नमकीन का एक प्रमुख उपभोक्ता है, फिर भी यह अभी तक विनिर्माण केंद्र के रूप में उभर नहीं पाया है।

**आइसक्रीम बाजार में उल्लेखनीय वृद्धि की संभावना-** भारतीय आइसक्रीम निर्माता संघ के उपाध्यक्ष अनुव्रत पबराय ने कहा कि इस क्षेत्र में आइसक्रीम बाजार में उल्लेखनीय वृद्धि की संभावना है। उन्होंने कहा कि हालांकि वर्तमान में इस क्षेत्र में देश की कुल आइसक्रीम खपत का केवल 15 प्रतिशत हिस्सा है। वहीं पश्चिम में 35 प्रतिशत और उत्तर व दक्षिण में 25-25 प्रतिशत है। लेकिन कम आधार को तेजी से विस्तार के एक बड़े अवसर के रूप में देखा जा रहा है।

## भारतीय वाहन-टायर उद्योग को एशियाई देशों से ज्यादा नुकसान, वाहन कलपुर्जा निर्यात में यूएस हिस्सेदारी 27 प्रतिशत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रेटिंग एजेंसी इक्रा ने शनिवार को कहा कि भारतीय निर्यात पर 25 प्रतिशत अमेरिकी टैरिफ घरेलू वाहन कलपुर्जा उद्योग और टायर विनिर्माताओं को जापान, वियतनाम और इंडोनेशिया जैसे एशियाई समकक्षों की तुलना में अधिक नुकसान पहुंचाने वाला है। इक्रा ने कहा कि भारत के वाहन कलपुर्जा निर्यात में अमेरिका की हिस्सेदारी 27 प्रतिशत और टायर निर्यात में 17 प्रतिशत है। इसलिए टैरिफ में बढ़ोतरी से भारतीय विनिर्माताओं को जापान, वियतनाम और इंडोनेशिया जैसे एशियाई समकक्षों की तुलना में नुकसान होगा, जहां कम या तरजीही शुल्क लागू हैं। इसमें कहा



गया है कि खासकर ऑफ-हाइवे और सिर्फ टायर खंड में, और विभिन्न वाहन कलपुर्जा में शुल्क में बढ़ोतरी से भारतीय आपूर्तिकर्ताओं की प्रतिस्पर्धात्मकता प्रभावित हो सकती है। हालांकि, पहले भारतीय टायर निर्यातकों को चीनी प्रतिस्पर्धियों पर मामूली बढ़त हासिल थी लेकिन अब अन्य दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों को दी जाने वाली कम शुल्क दरों से यह बढ़त कम हो सकती है। वाहन कलपुर्जा उद्योग ने पिछले वित्त वर्ष (2024-25) के लिए 80.2 अरब डॉलर (6.73 लाख करोड़ रुपये) का कारोबार दर्ज किया, जो वित्त वर्ष 2023-24 की तुलना में लगभग 10 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।

# अमेरिकी टैरिफ के दबाव से एफपीआई का रुख बदला, जुलाई में बाजार से निकाले 17741 करोड़ रुपये

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) ने जुलाई में भारतीय बाजारों से कुल 17,741 करोड़ रुपये निकाले। इसी के साथ वे इक्विटी बाजार में शुद्ध विक्रेता बन गए हैं। एनएसडीएल के आंकड़ों से यह जानकारी मिली।

अप्रैल, मई और जून के दौरान लगातार तीन महीनों के सकारात्मक निवेश के बाद यह एफपीआई द्वारा नकारात्मक निवेश का पहला महीना है। जुलाई के आखिरी हफ्ते में अचानाक हुई बिकवाली के चलते धारणा में यह भारी बदलाव आया। 28 जुलाई से 1 अगस्त के बीच, विदेशी निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजारों से 17,390.6 करोड़ रुपये निकाले। इससे कुल मासिक आंकड़ों पर गहरा असर पड़ा और जुलाई का निवेश नकारात्मक दायरे में चला गया।

**एफपीआई ने 2025 में अब तक 1,10,795 करोड़ रुपये निकाले-** यह बिकवाली दबाव मुख्य रूप से अमेरिका की ओर से लगाए गए ने टैरिफ शुल्कों के कारण है। इसका असर कई अन्य देशों के साथ भारत पर भी भारी पड़ा। जुलाई में हुई हालिया बिकवाली के साथ, कैलेंडर वर्ष 2025 में एफपीआई द्वारा कुल शुद्ध बहिर्वाह अब 1,01,795 करोड़ रुपये को पार कर गया है।



**मई में एफपीआई का प्रदर्शन अब तक सबसे अधिक रहा-** आंकड़ों से यह भी पता चला कि मई में 2025 में अब तक सबसे अधिक एफपीआई प्रवाह देखा गया। वहीं जनवरी में सबसे बड़ी बिकवाली देखी गई। इसमें 78,027 करोड़ रुपये की शुद्धि बिक्री हुई।

**टैरिफ और भू-राजनीतिक तनाव का पड़ेगा असर-** एफपीआई के रुझान में बदलाव से भारतीय इक्विटी बाजार के लिए चिंताएं बढ़ गई हैं। इसे पिछले महीनों में विदेशी निवेशकों से मजबूत समर्थन मिल रहा था।

### पिछले महीनों का प्रदर्शन

पिछले महीने जून में, एफपीआई ने भारतीय बाजार में 14,590 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया था। मई में, विदेशी निवेशकों ने 19,860 करोड़ रुपये का निवेश किया। इससे एफपीआई प्रवाह के लिहाज से यह साल का अब तक का सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाला महीना बन गया। हालांकि, इस साल की शुरुआत में, एफपीआई ने भारतीय शेयर बाजारों से अच्छी-खासी रकम निकाली थी। उन्होंने मार्च में 3,973 करोड़ रुपये, जबकि जनवरी में 78,027 करोड़ रुपये और फरवरी में 34,574 करोड़ रुपये के शेयर बेचे थे।

## पुणे के विकास में सबसे बड़ी बाधा बन चुकी है उद्योगों पर दादागिरी, सीएम फडणवीस ने दी चेतावनी


**नई दिल्ली, एजेंसी।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा है कि पुणे में कुछ तत्वों द्वारा उद्योगों पर खास लोगों को नौकरी देने या ठेके दिलाने का दबाव बनाया जा रहा है। उन्होंने इसे दादागिरी करार देते हुए कहा कि यह प्रवृत्ति शहर के विकास की राह में सबसे बड़ी रुकावट बनती जा रही है। यह निवेशकों की व्यवहार्य और किफायती विकल्प चुनने की स्वतंत्रता को सीमित करती है। फडणवीस ने शुक्रवार को पुणे मेट्रोपॉलिटन रीजन ग्रोथ हब की शुरुआत के दौरान यह बयान दिया। मुख्यमंत्री ने चेतावनी दी कि अगर इस मानसिकता को खत्म नहीं किया गया तो राज्य का दूसरा बड़ा शहर और देश के प्रमुख आर्थिक केंद्रों में एक पुणें अपनी वास्तविक विकास क्षमता को प्राप्त नहीं कर पाएगा।



**केवल सरकारी स्तर पर बदलाव काफी नहीं-** उन्होंने जोर देकर कहा कि सिर्फ सरकारी स्तर पर परेशानी मुक्त माहौल सुनिश्चित करना ही काफी नहीं है। व्यापाक सामाजिक और राजनीतिक पारिस्थितिकी तंत्र भी व्यवसायों के लिए अनुकूल होना चाहिए।

**स्वतंत्र रूप से काम नहीं कर पाएंगे निवेशक-** मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि इस तरह के दबाव उद्योगपतियों की लागत और व्यावसायिक रणनीति को प्रभावित करते हैं, जिससे वे वैश्विक प्रतिस्पर्धा में टिक नहीं पाते।

## टाटा या अडानी, सोमवार को किस पावर शेयर में होगी हलचल



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पावर सेक्टर की दो बड़ी कंपनियां- टाटा पावर और अडानी पावर ने जून तिमाही के नतीजे जारी कर दिए हैं। बीते शुक्रवार को जारी तिमाही नतीजे में दोनों कंपनियों ने शानदार प्रदर्शन किया। अब सोमवार को अडानी पावर और टाटा पावर के शेयर फोकस में रहेंगे। आइए एक्सपर्ट से जानते हैं कि दोनों कंपनियों के शेयर में किस पर दांव लगाना सही है।

**आपको कौन सा शेयर खरीदना चाहिए?-** जून तिमाही के नतीजों की घोषणा के बाद कौन सा शेयर खरीदना चाहिए, इस पर मिंट से एसएमसी ग्लोबल की सीमा श्रीवास्तव ने कहा- लॉन्ग टर्म के आउटलुक से अडानी पावर अपनी हाई डेवलपमेंट कैपिसिटी और लगभग 10-15 के कम पी/ई रेश्यो के कारण ज्यादा आकर्षक प्रतीत होता है। वहीं, टाटा पावर का पूर्व पी/ई रेश्यो 0.4-4.5 प्रतिशत है।

### टाटा पावर के नतीजे

चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में टाटा पावर का मुनाफा 6 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 1,262 करोड़ रुपये रहा। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी का मुनाफा 1,189 करोड़ रुपये रहा था। जून तिमाही के दौरान कंपनी की आय बढ़कर 17,464 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले इसी अवधि में 16,810 करोड़ रुपये थी। कंपनी ने महाराष्ट्र के प्रमुख क्षेत्रों में अपने वितरण का विस्तार करने के लिए लाइसेंस के लिए आवेदन किया है। यह कंपनी के 2030 तक चार करोड़ ग्राहकों तक पहुंचने के लक्ष्य के अनुरूप है। जून तिमाही में अडानी पावर का मुनाफा 15.5 प्रतिशत घटकर ?3,305.13 करोड़ रह गया, जबकि पिछले वर्ष यह ?79 करोड़ था।

# कृषि-डेयरी क्षेत्रों के लिए अमेरिका को रियायत देने को तैयार नहीं भारत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत ने अमेरिका के साथ प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) में कृषि उत्पादों, डेयरी और जीएम खाद्य पदार्थों पर शुल्क रियायत बढ़ाने पर अपना रुख साफ कर दिया है। अमेरिका और भारत के साथ अभी तक कोई समझौता नहीं हुआ है और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को घोषणा की है कि 7 अगस्त से अमेरिकी बाजारों में प्रवेश करने वाले भारतीय सामानों पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त आयात शुल्क लगाया जाएगा। इससे पहले यह शुल्क एक अगस्त से लगाया जाना था। हालांकि, राष्ट्रपति ने यह भी नहीं बताया कि रूस से कच्चा तेल और सैन्य उपकरण खरीदने पर उन्होंने भारत पर कितना जुर्माना लगाने की घोषणा की है। भारत के रुख के पीछे के कारणों और श्रम-प्रधान क्षेत्रों पर अमेरिकी टैरिफ के प्रभाव को समझाने के लिए आइए जानते हैं कुछ अहम सवालों के जवाब।



भारत और अमेरिका ने मार्च 2025 में एक निष्पक्ष, संतुलित और पारस्परिक रूप से लाभकारी बीटीए के लिए वार्ता शुरू की, जिसका लक्ष्य 2025 के अक्तूबर-नवंबर तक समझौते के पहले चरण को पूरा करना है। अब तक पांच दौर की बातचीत पूरी हो चुकी है। अगले दौर के लिए, दक्षिण और मध्य एशिया के लिए सहायक अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि ब्रेंडन लिंच के नेतृत्व में अमेरिकी टीम 25 अगस्त से भारत दौरे पर आ रही है।

**बीटीए का मकसद क्या है?-** आमतौर पर किसी व्यापार समझौते में, दो व्यापारिक साझेदार अपने बीच व्यापार की जाने वाली अधिकतम वस्तुओं पर आयात शुल्क या तो काफी कम कर देते हैं या उसे पूरी तरह से समाप्त कर देते हैं। इसके अलावा, वे सेवाओं में व्यापार को बढ़ावा देने और दोतरफा निवेश बढ़ाने के लिए मानदंडों को आसान बनाते हैं। भारत-अमेरिका बीटीए का लक्ष्य द्विपक्षीय व्यापार को वर्तमान के 191 बिलियन अमेरिकी डॉलर से दोगुना करके 2030 तक 500 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचाना है।

**बीटीए में दोनों देशों की एक दूसरे से प्रमुख मांगें क्या हैं?-** अमेरिका कुछ औद्योगिक वस्तुओं, ऑटोमोबाइल, विशेषकर इलेक्ट्रिक वाहनों, वाइन, पेट्रोकेमिकल उत्पादों, कृषि वस्तुओं, डेयरी वस्तुओं, सेब, वृक्ष नट्स और आनुवंशिक रूप से संशोधित फसलों पर शुल्क रियायत चाहता है।

वहीं, भारत इस अतिरिक्त टैरिफ (वर्तमान में 25 प्रतिशत) को हटाने तथा इस्पात और एल्युमीनियम (50 प्रतिशत), ऑटो क्षेत्र (25 प्रतिशत), श्रम-प्रधान क्षेत्रों जैसे कपड़ा, रत्न एवं आभूषण, चमड़े के सामान, परिधान, प्लास्टिक, रसायन, झींगा, तिलहन, अंगूर और केले पर टैरिफ में कटौती की मांग कर रहा है।

### 25 प्रतिशत शुल्क कब से लागू होगा?

इस सप्ताह घोषित यह शुल्क 7 अगस्त (भारतीय समयानुसार सुबह 9:30 बजे) से लागू होगा। कार्यकारी आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि 5 अक्टूबर, पूर्वी डेलाइट समय (ईडीटी) के अनुसार रात 12:01 बजे या भारतीय समयानुसार सुबह 9:30 बजे तक पारगमन में मौजूद वस्तुओं पर 10 प्रतिशत शुल्क लगेगा, बशर्ते कि ऐसी वस्तुएं 7 अगस्त, पूर्वी डेलाइट समय के अनुसार रात 12:01 बजे से पहले पारगमन में प्रवेश कर गई हों। भारत डेयरी, कृषि और जीएम खाद्य पदार्थों पर शुल्क रियायत देने के लिए तैयार क्यों नहीं है?

**कृषि-** कृषि आजीविका दांव पर है। यह राजनीतिक और आर्थिक रूप से संवेदनशील क्षेत्र है क्योंकि भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था में 70 करोड़ से ज़्यादा लोग इस क्षेत्र पर निर्भर हैं। अगर भारत टैरिफ हटाता है, तो वैश्विक कीमतों में गिरावट के दौरान सस्ते, सब्सिडी वाले अमेरिकी अनाज भारतीय बाजारों में भर सकते हैं। अमेरिका के उलट, जहां कृषि का निगमीकरण हो चुका है, भारतीय खेती आजीविका से जुड़ा मसला है।

New page 9_page 12 29.05.2025.qxd 03-08-2025 21:32 Page 1



# मोती से चमक रही किसानों की किस्मत

- 50 रुपये खर्च कर 150 से ज्यादा की कमाई
- मैकेनिकल इंजीनियरिंग छोड़ बने मोती पालक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची।** झारखंड मीठे पानी वाले मोती उत्पादन केंद्र के रूप में तेजी से उभर रहा है। इसके लिए प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (पीएमएमएसवाइ) के तहत झारखंड सरकार के सहयोग से हजारीबाग को पहले मोती की खेती का क्लस्टर बनाने की योजना है। इसके लिए कुल 22 करोड़ रुपये खर्च होने हैं।

अब राज्य के ग्रामीण युवाओं और किसानों को इसका प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जो इनके लिए आजीविका साधन बना रहे है। राज्य में प्रतिवर्ष 77 हजार मोती का उत्पादन हो रहा है। जिसमें सबसे ज्यादा सरायकेला में 30 हजार मोती का उत्पादन किया जा रहा है। झारखंड में कुल 132 मोती पालक किसान हैं।

मोती का उत्पादन रांची, हजारीबाग, खूंटी, सरायकेला, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, देवघर और दुमका में किया जा रहा है। अब तक 842 किसानों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया है। रांची के प्रशिक्षण संस्थान से अभी 25 किसानों को प्रशिक्षित किया गया है।

मैकेनिकल इंजीनियर बुधन सिंह पूर्ति ने मोती पालन में कई नए आविष्कार किए हैं। लेकिन उनकी शुरूआत किसी दूसरी क्षेत्र से थी। चाईबासा के तंतनगर प्रखंड के दाड़िमा गांव के रहने वाले बुधन रांची में मेडिकल बायो वेस्ट का प्लांट लगाने का सपना लेकर रांची आए थे।

उन्होंने इसके लिए सात लाख रुपये खर्च भी किया, लेकिन कई तकनीकी दिक्कतों से प्लांट शुरू नहीं हो पाया। सारे पैसे खत्म होने के बाद उन्होंने कुछ नया करने की सोची और यूट्यूब पर मोती उत्पादन के बारे में जानकारी प्राप्त कर सीफा में प्रशिक्षण लिया।

वर्ष 2014 में इन्होंने रांची हेहल में मोती पालन करना शुरू किया। लेकिन पहले साल इन्हें ज्यादा मोती नहीं मिले, तो इन्होंने मोती के उत्पादन पर रिसर्च करना शुरू किया। अब उनकी कंपनी पूर्ति एग्रोटेस सालाना 32 लाख रुपये की कमाई कर रही है।

सेल के सीएसआर फंड का उपयोग प्रशिक्षण केंद्र बनाया है। जिससे राज्य के 132 से अधिक किसानों को मोती उत्पादन की तकनीकों का प्रशिक्षित पाया है। बधुन सिंह ने कहा कि हम गोल मोती उत्पादन पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं क्योंकि यह डिजाइनर मोतियों की तुलना में अधिक रिटर्न मिलता है।

बधुन सिंह के पास 1.7 लाख सीप हैं। 6.5 लाख रुपये के निवेश के बाद वह 32 लाख रुपये कमाने की उम्मीद कर रहे हैं।



बूधन सिंह पूर्ति ने 3,600 रुपये में स्वदेशी सर्जिकल उपकरण विकसित किए हैं, जबकि सीप में न्यूक्लियस प्लांट करने में इस्तेमाल होने वाले उपकरण की कीमत 25 हजार रुपये तक होती है।

बुधन सिंह पूर्ति से प्रशिक्षण प्राप्त कर रांची की रहने वाली रोहिणी गौतम ने बताया कि उन्होंने इस साल अपने घर के छत पर मोती उत्पादन करना प्रारंभ किया है। अपने छत पर पांच स्विमिंग पूल और 16 ड्रम में 1500 सीप डाला गया है।

जिसमें से गोल मोती और डिजाइनर मोती तैयार होगा। इसके लिए करीब 1.50 लाख रुपये की लागत आई है। रोहिणी गौतम भी मैकेनिकल इंजीनियर हैं। उन्होंने अपने पिता दिनेश्वर दयाल सिंह के कहने पर मोती पालन किया। कई जगह नौकरी की लेकिन उनका मन नहीं लगा।

कोरोना काल में वह अपने दो छोटे बच्चों के साथ बुधन पूर्ति के फार्म हाउस में प्रशिक्षण लिया। कहा कि निवेश के दस गुना से अधिक का लाभ मिलता है। इसकी खेती छोटी जगहों में की जा सकती है, जिससे छोटे किसानों और आजीविका की तलाश कर रहे युवाओं के लिए बेहतर अवसर प्रदान करता है।

एक मसल (सीप) को करीब ढाई साल तक पालने में 35-50 रुपये खर्च होते हैं। मोती की गुणवत्ता के आधार पर एक हजार से डेढ़ हजार रुपये तक में बिक्री होती है। लेकिन होल सेल में यह व्यापारियों को 150 रुपये से ज्यादा में दिया जाता है। ग्रेड के अनुसार मोती की कीमत बढ़ती है। पांच से छह लेयर से अधिक मोती को ए ग्रेड का माना जाता है। इसके लिए सीप में सर्जरी कर न्यूक्लियस डाला जाता है, जो तांबा का बना होता है।

# घुमाने की जिद करने पर पत्नी का गला रेता

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जमशेदपुर।** गोलमुरी थाना क्षेत्र नामदा बस्ती में दर्दनाक घटना सामने आई है। जहां, पति गुरप्रीत सिंह ने शुक्रवार मध्यरात पत्नी मनीषा कौर की गला रेतकर हत्या कर दी। मृतका के दो बच्चे हैं।

हत्या के कुछ घंटे बाद पुलिस ने मृतका के पति को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से गले की सांस नली को रेतने में प्रयुक्त धारदार हथियार बरामद किया है। पूछताछ में हत्या आरोपित ने बताया कि पत्नी से हमेशा उसका विवाद होता था। पत्नी हमेशा घुमाने के लिए कहती थी। जिसके कारण उसने पत्नी की आवेश में आकर गला रेत दी।

छटपटा-छटपटा कर पत्नी मर गई। उसकी मौत के बाद वह खूब रोया। गिरफ्तारी से बचने को वह अहले सुबह घर से भाग निकला, लेकिन पुलिस ने देर शाम उसे गिरफ्तार कर लिया। बता दें कि शनिवार सुबह मनीषा का शव कमरे में पलंग पर पड़ा मिला। गले के पास गहरे जख्म थे। काफी रक्तस्राव हो रहा था। पलंग और जमीन पर खून के छींटे दिख रहे थे। स्थानीय लोगों की सूचना के बाद गोलमुरी थाना की पुलिस मौके पर पहुंची थी।

शव को कब्जे में कर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मायके पक्ष को सूचना देने के बावजूद स्वजन उसे देखने तक नहीं आए। मायका पक्ष के लोग मनीषा के प्रेम विवाह किए जाने के कारण उससे रिश्ता तोड़ दिया था।

इधर, पुलिस को स्थानीय लोगों से जानकारी मिली कि मनीषा और गुरप्रीत सिंह ने नौ साल पहले प्रेम विवाह किया था। शादी के कुछ माह तक सबकुछ ठीक-ठाक चला जिसके बाद दोनों के बीच हमेशा विवाद होते रहता था। मनीषा के साथ हमेशा मारपीट करता था। वह नशे का आदी है। मृतका के मायके पक्ष की ओर से किसी के नहीं आने के कारण गोलमुरी थाना के पुलिस अधिकारी की शिकायत पर हत्या की प्राथमिकी दर्ज की गई है। वहीं, युवक की पक्ष की ओर से सिख समाज के कई लोग थाना पहुंचे थे।

# सड़क हादसे में दो कांवरियों की मौत

## एक अन्य गंभीर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गोड्डा।** गोड्डा-भागलपुर रोड में बांका जिला अंतर्गत रजौन थाना क्षेत्र के पुनसिया गांव के पास रविवार को सड़क हादसे में दो महिला कांवड़िया की मौत हो गई। वहीं, बाइक चालक रतन माझी गंभीर रूप से घायल है। मृतकों में 28 वर्षीय राधा देवी और 25 वर्षीय आरती देवी गोड्डा जिले के मोतिया ओपी क्षेत्र की रहने वाली थी। वहीं, घायल रतन मांझी मुफस्सिल थाना क्षेत्र के रेडी गांव के रहने वाले हैं। रतन माझी को गंभीर अवस्था में भागलपुर के मायागंज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनकी हालत चिंताजनक बनी हुई है।

जानकारी के अनुसार बाइक पर सवार तीन कांवड़िया सोमवारी पूजा को जल उठाने सुल्तानगंज जा रहे थे। तभी पुनसिया के निकट मेन रोड में बाइक सवार कांवड़ियों को एक हाईवा ने रौंद दिया। इससे मौके पर ही दो महिला की मौत हो गई।

मृतकों की पहचान गोड्डा जिले के मोतिया गांव निवासी



पीयूष माझी की पत्नी राधा देवी और सोनू माझी की आरती देवी के रूप में हुई है। दोनों अपने रिश्तेदार रतन माझी के साथ बाइक पर सवार होकर भागलपुर गंगा घाट से जल भरने जा रही थीं।

रतन माझी के भाई ने बताया कि उनका भाई अभी मायागंज अस्पताल में भर्ती है, उसकी स्थित गंभीर बनी हुई है। घटना स्थल पर बांका पुलिस पहुंच गई है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। कांवड़ियों को रौंदने वाले वाहन को जब्त कर लिया गया है।

# मानव तस्कर को आरपीएफ ने दबोचा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** झारखंड में मानव तस्करी का एक और गंभीर मामला सामने आया है। रांची के रहने वाले दो नाबालिग बच्चों को दिल्ली ले जाया जा रहा था, लेकिन डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) और स्थानीय पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में बच्चों को रेस्क्यू कर लिया गया। इस दौरान रांची के हुंडरू का रहने वाला तस्कर शर्मा बेदिया मौके से गिरफ्तार हुआ है। प्रारंभिक पूछताछ में तस्कर ने बच्चों को दिल्ली ले जाकर मजदूरी कराने की बात स्वीकार की है।

घटना शनिवार देर शाम की है जब एक ट्रेन में सफर कर रहे यात्री ने एक व्यक्ति की संदिग्ध गतिविधि देख आरपीएफ को सूचना दी। सूचना मिलते ही आरपीएफ ने डालटनगंज स्टेशन पर ट्रेन की घेराबंदी कर दी और दोनों नाबालिगों को सकुशल रेस्क्यू कर लिया। मौके से तस्कर शर्मा बेदिया को भी गिरफ्तार कर लिया गया।

पकड़े गए आरोपी से हुई पूछताछ में पता चला कि बच्चों को दिल्ली में एक व्यक्ति को सौंपा जाना था, जहां उनसे 6-6 हजार रुपये में मजदूरी कराई जानी थी। यह सौदा झारखंड के गरीब बच्चों को बहला-फुसलाकर बाहर भेजने की साजिश का हिस्सा था। आरोपी यह भी कबूल कर चुका है कि पहले भी वह इस तरह की गतिविधियों में शामिल रह चुका है।

आरपीएफ द्वारा दिए गए आवेदन के आधार पर एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट थाना पलामू में आरोपी के खिलाफ गंभीर धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है। आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

आहातू थाना प्रभारी रितेश लकड़ा ने बताया कि बच्चों को बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) के माध्यम से बालगृह में सुरक्षित रखा गया है। परिजनों को मामले की जानकारी दे दी गई है और आगे की जांच जारी है।

# दुर्लभ खनिजों की खोज करेगा आईएसएम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**धनबाद।** देश में दुर्लभ खनिजों का अदृश्य महाखजाना हैं, जो जमीन के नीचे कई सालों से दबा है। धरती में दबे इस दुर्लभ खनिजों की खोज अब आईआईटी आईएसएम करेगा।

आईएसएम न केवल इस दुर्लभ खजाने की खोज करेगा बल्कि रिसर्च से लेकर खनन, खनन से लेकर प्रोसेसिंग, प्रोसेसिंग से लेकर चुंबक बनाने और फिर उस चुंबक को अंतिम उत्पाद में इस्तेमाल करने तक की महत्वपूर्ण भूमिका भी निभाएगा।

दुर्लभ खनिजों की खोज के लिए आईआईटी आईएसएम को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस घोषित किया गया है। आईआईटी आईएसएम में दुर्लभ खनिजों के क्षेत्र में अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने पर काम किया जाएगा।

आईएसएम कंसोर्टियम मॉडल पर काम करेगा। यह मिशन 2024-25 से 2030-31 तक चलेगा। इसका उद्देश्य देश में दुर्लभ खनिजों के घरेलू उत्पादन को बढ़ाना, आयात पर निर्भरता कम करना और खनन को बढ़ावा देना है।

भारत करीब 95 फीसद दुर्लभ खनिज चुंबक का आयात करता है। बताते चले कि राष्ट्रीय दुर्लभ खनिज मिशन (एनसीएमएम) के तहत देश के सात प्रमुख शिक्षण




संस्थानों को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस घोषित किया है। इनमें चार आईआईटी आईआईटी बांम्बे, आईआईटी हैदराबाद, आईआईटी आईएसएम धनबाद और आईआइटी रुड़की शामिल हैं। इन संस्थानों में दुर्लभ खनिजों के क्षेत्र में अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए काम किया जाएगा। हर केंद्र एक कंसोर्टियम माडल पर काम करेगा। एनसीएमएम को इसी साल जनवरी में मंजूरी दी गई थी।

दुर्लभ खनिजों के एक्सपोलेरेशन, माइनिंग और प्रोसेसिंग में आईआईटी आईएसएम के साथ उनके विदेशी पार्टनर कर्टिन और कैंब्रिज यूनिवर्सिटी है। वहीं हिन्दुस्तान कॉपर लिमिटेड, टेक्समिन के अलावा आईआईटी बीएचयू, आईआईटी गांधीनगर भी हैं।

# भाजपा ने बनायी सरकार को घेरने की रणनीति

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची।** विधानसभा के मानसून सत्र में भाजपा सचेतकों की नई टीम के साथ उतर रही है। सोमवार को सत्र में अटल बिहारी वाजपेयी के नाम से चल रहे स्वास्थ्य केंद्र का नाम बदलकर मदर टेरेसा के नाम पर रखे जाने का जोरदार विरोध होने की संभावना है।

भाजपा विधायक दल के सचेतक राज सिन्हा ने बताया कि अटल बिहारी वाजपेयी का नाम बदलना कृतघ्नता है। झारखंड का निर्माण उन्हीं के प्रधानमंत्रित्व काल में हुआ है। जबकि पार्टी के मुख्य सचेतक नवीन जायसवाल नाम बदलने की इस कार्रवाई को मतांतरण से जोड़ते हैं।

राज सिन्हा ने बताया कि सदन में भ्रष्टाचार के मुद्दे पर सरकार से जवाब मांगा जाएगा। मानसून सत्र छोटा रखने को राज सिन्हा ने सवालों से भागने की कोशिश बताया और कहा कि इसके बाद भी भाजपा विधायक सरकार को घेरेंगे।

राज्य में विकास कार्य बंद रहने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि जनता के सवालों से सदन में सरकार को अवगत कराया जाएगा।

सदन में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, मुख्य सचेतक नवीन जायसवाल, सचेतक राज सिन्हा और नागेंद्र महतो ने विधायक दल की बैठक के अलावा भी सभी सदस्यों से बात की है। आमलोगों की समस्या को गंभीरता से सदन में उठाने के लिए भाजपा प्रदेश संगठन और विधायक दल की संयुक्त बैठक भी हुई है।

सरकार के छह महीने पूरे हो जाने के बाद भाजपा ने अब सड़क से लेकर सदन तक बदली हुई रणनीति के साथ विरोध की योजना बनाई है।

# रामायण पूजा एक धार्मिक अनुष्ठान ही नहीं बल्कि इसका सांस्कृतिक व सामाजिक महत्व : चंद्रशेखर सिंह छोटू

## गीत -संगीत पर रात भर झूमते रहे श्रोता

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** रामायण पूजा एक महत्वपूर्ण धार्मिक अनुष्ठान है, जो भगवान राम के जीवन व शिक्षा का स्मरण कराता है। यह पूजा आमतौर पर राम चरित मानस के पाठ के साथ की जाती है। यहां सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत दोगोला का आयोजन हो रहा है। यह बड़ी बात है। उक्त बातें आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव चंद्रशेखर सिंह छोटू ने कही। वे रेडमा ठाकुरबाड़ी के राधा कृष्ण मंदिर प्रांगण में लव कुमार आदर्श संकीर्तन रामायण मंडली के तत्वाधान में आयोजित रामायण पूजा महोत्सव कार्यक्रम में बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि रामायण पूजा से घर में सुख, शांति व समृद्धि आती है। यह नकारात्मक शक्तियों से भी



सुरक्षा प्रदान करती है। रामायण पूजा न केवल एक धार्मिक अनुष्ठान है बल्कि यह एक सांस्कृतिक व सामाजिक महत्व भी रखती है। यह लोगों को एक साथ लाता है व उन्हें भगवान राम के आदर्शों व शिक्षाओं से जोड़ता है। कहा कि आज के आधुनिक परिवेश में सामाजिक व संस्कृति को बचाने में यह कार्यक्रम मिल का पत्थर साबित होगा। इस तरह के आयोजन के लिए लव कुमार आदर्श संकीर्तन रामायण मंडली व बाहर से आए कलाकार का अभिनंदन करते हैं। यह वार्षिक रामायण पूजा व संगीत कार्यक्रम समाज में समरसता व संस्कृति की रक्षा के लिए कार्य कर रहा है। इसके पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया।

चंद्रशेखर सिंह छोटू, पूर्व मेयर अरुणा शंकर, समाजसेवी विजय तिवारी, पंकज श्रीवास्तव व मुक्तेश्वर पांडेय ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके पूर्व अरुणा शंकर ने कहा कि इस तरह के आयोजन से आध्यात्मिक विकास को बढ़ावा मिलता है। साथ ही भगवान राम की कृपा प्राप्त करने में मदद करता है। कहा कि सभी की इच्छा होती है कि राम जैसा उनका पुत्र व सीता जैसी बहू मिले। लेकिन जरूरत है अपने आचरण में बदलाव लाने की। कहा कि रेड़मा ठाकुरबाडी में इस तरह का आयोजन सामाजिक समरसता को आगे बढ़ाएगा।

मौके पर झारखंड बिहार के चार व्यासों ने रात भर सांस्कृतिक कार्यक्रम में एक से बढ़कर एक गीत व भजन गाए। कार्यक्रम का संचालन यशवंत तिवारी ने किया। मौके पर मंडली में प्रमोद ठाकुर, शिवकुमार चौधरी, अभिमन्यु तिवारी व शिशिर शुक्ला ने अपने गीत व संगीत से लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। मौके पर शीला श्रीवास्तव, सूबे के मुखिया प्रेम प्रकाश ठाकुर, वार्ड पार्षद विवेकानंद त्रिपाठी, शशि तिवारी, रिंकू तिवारी, शंकर तिवारी, बीजू मिश्रा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य मौजूद थे।

# रिटायर्ड कर्नल से ठगी करने वाला चढ़ा पुलिस के हत्थे

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची।** सीआईडी के अधीन संचालित साइबर अपराध थाने की पुलिस ने एक सेवानिवृत्त कर्नल से दो करोड़ 98 लाख 66 हजार 750 रुपये की ठगी करने वाले आरोपी को जमशेदपुर से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी दिनेश कुमार जायसवाल जमशेदपुर के कदमा थाना क्षेत्र के शास्त्री नगर का रहने वाला है। पुलिस ने उसके उक्त खाते को फ्रीज कराया है, जिसमें उसने राशि ट्रांसफर की थी।

दरअसल, रांची के रहने वाले एक रिटायर्ड कर्नल ने 28 जुलाई 2025 को साइबर अपराध थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। जिसमें बताया गया था कि टेलीग्राम पर संचालित ग्लोबल इंडिया साइट के लिंक को उन्होंने क्लिक किया था। इस लिंक पर क्लिक करने पर शिकागो बोर्ड ऑफ आप्शंस एक्सचेंज में एक आनलाइन खाता खोल दिया गया। इसके बाद उन्हें मेटल ट्रेडिंग में ऊंचे रिटर्न का लालच देकर साइबर ठगों ने अपने अलग-अलग खातों में कुल दो करोड़ 98 लाख 66 हजार 750 रुपये अवैध तरीके से हस्तांतरित कर लिया।

रुपयों के स्थानांतरण, लेन-देन का विश्लेषण कर साइबर अपराध थाने की पुलिस आरोपी दिनेश कुमार जायसवाल तक पहुंची और उसे गिरफ्तार किया। उसके एक खाते पर पहले से ही 3.29 करोड़ रुपये के एक अन्य निवेश व धोखाधड़ी मामले में उत्तर प्रदेश के नोएडा सेक्टर 36 पुलिस स्टेशन में केस दर्ज है। इसमें अंतरराज्यीय साइबर अपराध नेटवर्क से जुड़े अन्य बैंक खाते, संचालक व डिजिटल संपत्तियों की जानकारी जुटाई जा रही है।

पुलिस की छानबीन में यह जानकारी मिली है कि इस केस से जुड़े इंडसइंड बैंक के खाता नंबर 201034608570 में एक दिन में 1 करोड़ 15 लाख रुपये क्रेडिट हुए हैं।

# झारखण्ड से एक और निकला क्रिकेट का सितारा


## इंडिया अंडर-16 में चुने गए कृष्ण टाना भगत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गुमला।** झारखंड के गुमला जिले से एक बार फिर खेल प्रतिभा ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र के 14 वर्षीय छात्र कृष्ण टाना भगत का चयन भारतीय अंडर-16 क्रिकेट टीम में हुआ है। इस सफलता से न केवल उसके विद्यालय में खुशी की लहर है, बल्कि पूरे जिले में गर्व का माहौल है।

कृष्ण टाना भगत गुमला स्थित राजकीय विद्यालय में आठवीं कक्षा का छात्र है और मूल रूप से सिसई प्रखंड के नगर सिसकारी गांव का निवासी है। वर्तमान में वह गुमला के महुआडीपा में एक किराए के मकान में अपने दोस्त के साथ रहता है और प्रतिदिन बस से स्कूल आता-जाता है।

कृष्ण एक साधारण और गरीब परिवार से ताल्लुक रखता है। उसके पिता हिमाचल प्रदेश में वेल्डिंग का



काम करते हैं और मां सिलाई का कार्य करती हैं। परिवार वर्तमान में हिमाचल प्रदेश में ही रह रहा है, लेकिन कृष्ण खेल को लेकर गुमला में ही डटा हुआ है।

क्रिकेट के प्रति कृष्ण का लगाव बचपन से रहा है। उसके माता-पिता ने हमेशा उसे प्रोत्साहित किया। दिसंबर 2024 में उसे ट्रायल के लिए रांची बुलाया गया था, जहां बल्लेबाज के रूप में उसका चयन हुआ। फिलहाल वह परमवीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में कोच ज्ञान सर के निर्देशन में नियमित अभ्यास करता है। विद्यालय प्रशासन और स्थानीय लोगों ने उसके इस चयन पर प्रसन्नता जताई है। शिक्षक, सहपाठी और ग्रामीण लगातार कृष्ण को बधाई दे रहे हैं और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना कर रहे हैं।

रांची, खूंटी, सिमडेगा और गुमला जैसे जिलों में खेल प्रतिभा की कभी कमी नहीं रही है। यहां से कई खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर झारखंड का नाम रोशन कर चुके हैं। कृष्ण टाना भगत की यह उपलब्धि इसी कड़ी का हिस्सा है, जो साबित करता है कि संसाधनों की कमी के बावजूद मेहनत और लगन से सफलता संभव है।

# नक्सलियों के विस्फोट से ट्रैक मैन की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चक्रधरपुर।** चक्रधरपुर रेल मंडल के बिमलगढ़ रेलखंड पर शनिवार सुबह हुए माओवादी विस्फोट में एक ट्रैकमैन की मौत हो गई और एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया।

यह घटना ओडिशा-झारखंड सीमा क्षेत्र में उस समय घटी जब दो रेलकर्मी - एतवा ओराम (58) और बुधराम मुंडा - माओवादी बंद के दौरान रेलवे लाइन पर गश्त कर रहे थे। इसी दौरान माओवादियों द्वारा लगाया गया बम जोरदार धमाके के साथ फट गया।

दोनों को घायल अवस्था में बंडामुंडा रेलवे अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने एतवा ओराम को मृत घोषित कर दिया। बुधराम को बेहतर इलाज के लिए राउरकेला रेफर कर दिया गया है।

बताया जा रहा है कि नक्सलियों ने पहले ही लाल बैनर लगाकर इलाके में अपनी उपस्थिति दर्ज करा दी थी और सुबह एक और विस्फोट कर ट्रैक उड़ा दिया, इसके बावजूद आरपीएफ ने ट्रैक की ठीक से जांच किए बिना ही जवानों को गश्त पर भेज दिया।

# शिबू सोरेन व रामदास सोरेन के बेहतर स्वास्थ्य की कामना को ले झामुमो युवा मोर्चा ने किया भंडारा

## झामुमो जिला अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद सिन्हा व युवा मोर्चा अध्यक्ष सूरज कुमार के नेतृत्व में हुआ कार्यक्रम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** पलामू झामुमो युवा मोर्चा के तत्वावधान में रविवार को छह मुहान स्थित काली मंदिर परिसर में दिशोम गुरु शिबू सोरेन व शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना को ले भंडारे का आयोजन किया गया। पूरी श्रद्धा व सेवा भावना के साथ जगत कुटीर स्थित झामुमो कार्यालय से झामुमो जिला अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद सिन्हा व युवा मोर्चा अध्यक्ष सूरज कुमार के नेतृत्व में कार्यकर्ता एकत्र होकर काली मंदिर प्रांगण तक पहुंचे। नेताओं ने पूजा-अर्चना कर वरिष्ठ नेता शिबू सोरेन व शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन के बेहतर स्वास्थ्य के लिए सामूहिक प्रार्थना की गई। भंडारे में सैकड़ों की संख्या में आमजन, पार्टी कार्यकर्ता, पदाधिकारी व स्थानीय निवासी



उपस्थित थे।

प्रसाद वितरण के दौरान सामाजिक सौहार्द, एकता व सेवा भाव का बेहतर उदाहरण देखने को मिला। पलामू जिला अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद सिन्हा ने कहा कि दिशोम गुरु हमारे प्रेरणास्त्रोत हैं। उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना के साथ वे सभी भंडारे का आयोजन पूरी निष्ठा से किया है। कार्यक्रम में झामुमो के केंद्रीय समिति सदस्य सनू सिद्दीकी, पार्टी के जिला उपाध्यक्ष राकेश कुमार सिन्हा, संगठन सचिव देवानंद भारद्वाज, युवा मोर्चा सचिव कौशल किशोर, उपाध्यक्ष रिशु अग्रवाल, रजनीश सिंह, अरविंद चौधरी, संजय चंद्रवंशी, व्यवसाय मोर्चा अध्यक्ष दीपू चौरसिया, किसान मोर्चा अध्यक्ष वशिष्ठ सिंह, संतोष उपाध्याय सहित कमेटी के सदस्य सक्रियता से शामिल हुए।

CMYK




## एशिया कप, भारत-पाकिस्तान 14 सितंबर को दुबई में खेलेंगे

### फाइनल समेत सुपर-4 के एक मैच को छोड़कर सभी मैच यहीं होंगे; टूर्नामेंट 9 सितंबर से

नई दिल्ली, एजेंसी। एशियन क्रिकेट काउंसिल के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने शनिवार को मेंस एशिया कप के मुकाबलों के लिए वेन्यू का ऐलान कर दिया। हालांकि, शेड्यूल का ऐलान पहले ही किया जा चुका था। एशिया कप 9 से 28 सितंबर तक संयुक्त अरब अमीरात (श्व) में खेला जाएगा। टूर्नामेंट में भारत और पाकिस्तान के बीच ग्रुप मुकाबला रविवार (14 सितंबर) को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जाएगा। टूर्नामेंट में भारत और पाकिस्तान की टीमें एक ही ग्रुप में हैं। ऐसे में रविवार (21 सितंबर) को सुपर 4 मैच में फिर से उनके आमने-सामने होने की उम्मीद है।

## साइना नेहवाल ने तलाक का फैसला लिया वापस

### पति पारुपल्ली कश्यप के साथ रिश्ते को दिया एक और मौका



**नई दिल्ली, एजेंसी।** ओलंपिक ब्रॉन्ज मेडलिस्ट साइना नेहवाल ने 14 जुलाई, 2026 को अपने पति पारुपल्ली कश्यप से अलग होने का फैसला किया था, लेकिन अब इस कपल ने अपने फैसले को वापस ले लिया है. बैडमिंटन प्लेयरसाइना नेहवाल और पारुपल्ली कश्यप अपने रिश्ते को एक और मौका देना चाहते हैं. साइना नेहवाल ने आज शानिवार, 2 अगस्त को अपने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए इस बात की जानकारी शेयर की.

### साइना नेहवाल ने 19 दिन में बदला फैसला

साइना नेहवाल ने 19 दिन पहले 13 जुलाई की रात को इंस्टाग्राम स्टोरी शेयर करके अपने पति पारुपल्ली कश्यप से अलग होने का ऐलान किया था. साइना नेहवाल ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा था कि जिंदगी हमें कभी-कभी अलग-अलग रास्तों पर ले जाती है. बैडमिंटन प्लेयर ने आगे लिखा था कि मैंने और पारुपल्ली कश्यप ने काफी सोचने के बाद अलग होने का फैसला किया है. हम एक-दूसरे के लिए शांति, तरक्की और बेहतर जीवन चुनना चाहते हैं. मैं अब तक ही सभी यादों के लिए खुद को भाग्यशाली मानती हूं और इसके बदले में कुछ नहीं चाहती. साइना नेहवाल ने आगे लिखा था कि हमारी बात समझने के लिए शुक्रिया और हमारी प्राइवेसी का भी ध्यान रखिएगा.

साइना नेहवाल ने अपने इस पोस्ट के 19 दिन बाद ही पारुपल्ली कश्यप के साथ रिश्ते को एक और मौका दिया है. साइना ने इस पोस्ट में अपने पति के साथ फोटो शेयर की है. इस फोटो में वे पहाड़ों में घूमते नजर आ रहे हैं. इस तस्वीर के साथ साइना नेहवाल ने लिखा कि कभी-कभी दूरियां आपको लोगों की अहमियत बता देती हैं. यहां हम दोनों हैं और फिर एक बार कोशिश कर रहे हैं. इस पोस्ट को साइना नेहवाल ने पारुपल्ली कश्यप के साथ कोलैबोरेशन में शेयर किया है.

### यह शतक से कम नहीं...

# कप्तान गिल और अन्य ने आकाश दीप के अर्धशतक की अहमियत बताई



**लंदन (यूके), एजेंसी** आकाश दीप इंग्लैंड के खिलाफ ओवल में खेले जा रहे अंतिम टेस्ट मैच के दूसरे दिन देर रात चौथे नंबर पर नाइट वॉचमैन के तौर पर उतरे। बहुत कम लोगों को उम्मीद थी कि वह ज़्यादा देर तक टिकेंगे, लेकिन तीसरे दिन के अंत तक, इस तेज गेंदबाज ने 94 गेंदों पर 66 रनों की निर्णायक पारी खेली जिसका अहम योगदान भारत को 396 रनों का स्कोर बनाने में मदद कर सका। भारतीय क्रिकेट टीम ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर पोस्ट किया, जहां सभी ने आकाश की बल्लेबाजी पर अपने विचार साझा किए। आकाश ने बल्लेबाजी के लिए जाने से पहले अपनी मानसिकता की एक झलक साझा की। उन्होंने कहा, जब मैं कल रात सोने गया, तो मेरी मानसिकता यही थी कि मैं आउट नहीं होना चाहता। अगर गेंद मुझे आउट भी कर दे, तो भी मैं आउट नहीं होना चाहता। अगर गेंद शरीर पर भी लगे, तो भी मैं खेलना चाहता हूं। आकाश ने सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल के साथ 107 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी की, बेहतरीन बल्लेबाजी की और इंग्लिश आक्रमण को नाकाम कर दिया। उन्होंने कहा, जहां गेंद को खेलने की जरूरत थी, हमने जशू (यशस्वी जायसवाल) के साथ 100 रनों की साझेदारी की। इसलिए यह मेरे लिए बहुत खास है। अर्धशतक तो खास है ही, उससे भी ज्यादा खास है वो दो घंटे जो मैंने सुबह टीम के लिए खेले, वो। दूसरी तरफ से मुकाबला देख रहे जायसवाल ने अपने साथी की खूब तारीफ की। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि जिस तरह से उन्होंने बल्लेबाजी की वो कमाल की है। हम बीच में अच्छी बातचीत कर रहे थे। हां, मुझे उम्मीद है कि वो हमारे लिए ऐसा करते रहेंगे।

भारतीय कप्तान शुभमन गिल आकाश की पारी की तारीफ करते नहीं थक रहे थे। भारतीय कप्तान ने कहा, काफी समय से हम आपस में मजाक करते आ रहे हैं। बल्लेबाज गेंदबाजों को योगदान देने के लिए कहते रहते हैं। आज सुबह जब वह बल्लेबाजी करने गए, तो हमने उनसे एक बात कही, अगर कोई गेंद आपके रडार में है, तो उसका पूरा इस्तेमाल करने की कोशिश करो। मुझे लगता है कि उनके 66 रन किसी शतक से कम नहीं हैं।

## जेसन होल्डर की मदद से वेस्टइंडीज की पाकिस्तान पर रोमांचक जीत, सीरीज में बराबरी की



**लॉडरहिल (अमेरिका), एजेंसी।** जेसन होल्डर ने चार विकेट लिए और फिर मैच की अंतिम गेंद पर चौका जड़ा जिससे वेस्टइंडीज ने कुछ विषम पलों से गुजरते हुए दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में पाकिस्तान को 2 विकेट से हराकर तीन मैच की श्रृंखला 1-1 से बराबर की। अनुभवी ऑलराउंडर होल्डर ने शानदार गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में 19 रन देकर चार विकेट लिए और पहले बल्लेबाजी करने के लिए उतरे पाकिस्तान को 9 विकेट पर 133 रन पर रोकने में अहम भूमिका निभाई। पाकिस्तान के केवल तीन बल्लेबाज हसन नवाज (40), कप्तान सलमान आगा (38) और फखर जमा (20) ही दोहरे अंक में पहुंच पाए। वेस्टइंडीज की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही और एक समय उसका स्कोर 5 विकेट पर 70 रन था, लेकिन गुडाकेश मोती (28) और रोमारियो शेफर्ड (15) ने उसे मुकाबले में बनाए रखा। वेस्टइंडीज को जीत के लिए अंतिम गेंद पर तीन रन की जरूरत थी। होल्डर ने पाकिस्तान के प्रमुख तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी की गेंद को चार रन के लिए भेजकर वेस्टइंडीज का स्कोर आठ विकेट पर 135 रन पर पहुंचाया। होल्डर ने 10 गेंद पर नाबाद 16 रन बनाए। पाकिस्तान की तरफ से मोहम्मद नवाज ने तीन और सैम अयूब ने दो विकेट लिए। यह वेस्टइंडीज की सात टी20 मैचों में पहली जीत है। उसे पिछले महीने ऑस्ट्रेलिया ने पांच मैच की श्रृंखला में 5-0 से हराया था।

# रविंद्र जडेजा इंग्लैंड में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय की लिस्ट में नंबर 3 पर पहुंचे, गावस्कर-स्टीव वॉ का यह रिकॉर्ड तोड़ा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंग्लैंड के खिलाफ ओवल टेस्ट मैच की पहली पारी में रविंद्र जडेजा ने 9 रन बनाए, लेकिन दूसरी पारी में उन्होंने काफी अच्छी बैटिंग की और 77 गेंदों पर 5 चौकों के साथ 53 रन की अहम पारी खेली। इंग्लैंड के खिलाफ भारत ने दूसरी पारी में 396 रन बनाए जिसमें जडेजा का भी अहम योगदान रहा। जडेजा ने अपनी इस अर्धशतकीय पारी के दम पर कुछ शानदार रिकॉर्ड्स अपने नाम किए और वो अब इंग्लैंड में भारत की तरफ से टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर्स की लिस्ट में तीसरे नंबर पर आ गए और सुनील गावस्कर को पीछे छोड़ दिया साथ ही एक टेस्ट सीरीज में नंबर 6 या उससे नीचे बैटिंग करते हुए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर्स की लिस्ट में 5वें नंबर पर आ गए और स्टीव वॉ को पीछे छोड़ दिया।

### सुनील गावस्कर से आगे निकले जडेजा



रविंद्र जडेजा अब भारत की तरफ से इंग्लैंड की धरती पर सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय खिलाड़ियों की लिस्ट में तीसरे नंबर पर आ गए। जडेजा ने इंग्लैंड की धरती पर अब तक टेस्ट में 33 पारियों में 1158 रन बनाए हैं जबकि गावस्कर ने 28 पारियों में 1152 रन बनाए थे। इस लिस्ट में 1575 रन के साथ सचिन तेंदुलकर पहले स्थान पर हैं जिन्होंने ये रन 30 पारियों में बनाए थे।

### इंग्लैंड की धरती पर टेस्ट में भारत के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर्स

1575 रन - सचिन तेंदुलकर (30)
1376 रन - राहुल द्रविड़ (23)
1158 रन - रविंद्र जडेजा (33)
1152 रन - सुनील गावस्कर (28)
1146 रन - केएल राहुल (28)
1096 रन - विराट कोहली (33)
1035 रन - ऋषभ पंत (24)

### स्टीव वॉ से आगे निकले जडेजा

एक टेस्ट सीरीज में नंबर 6 या उससे नीचे बैटिंग करते हुए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर्स की लिस्ट में जडेजा अब 5वें नंबर पर आ गए और स्टीव वॉ को पीछे छोड़ दिया। जडेजा ने इस टेस्ट सीरीज में इंग्लैंड के खिलाफ 516 रन बनाते हुए वॉ को पीछे छोड़ा। वॉ ने 1989 में इंग्लैंड के खिलाफ ही एक टेस्ट सीरीज में नंबर 6 या उससे नीचे बैटिंग करते हुए 506 रन बनाए थे।

**एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन (नंबर 6 या उससे नीचे बैटिंग करते हुए)**
722 रन – गैरी सोबर्स बनाम इंग्लैंड, 1966
606 रन – डेनिस लिंडसे बनाम ऑस्ट्रेलिया, 1966
562 रन – शिवनारायण चंद्रपॉल बनाम भारत, 2002
517 रन – वसीम राजा बनाम वेस्टइंडीज, 1977
516 रन – रविंद्र जडेजा बनाम इंग्लैंड, 2025
506 रन – स्टीव वॉ बनाम इंग्लैंड, 1989

## पीसीबी का बड़ा फैसला, अब डब्ल्यूसीएल में नहीं खेलेगा पाकिस्तान

### भारत के न खेलने पर लगाया पूरी तरह से बैन; साउथ अफ्रीका चैंपियन बना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत ने पिछले सीजन पाकिस्तान को हराकर वर्ल्ड चैंपियंनशिप ऑफ लीजेंड्स का खिताब जीता था। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स में भविष्य में हिस्सा लेने पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया है। यह फैसला भारत और पाकिस्तान के बीच हुए विवाद के बाद लिया गया। भारतीय टीम ने डब्ल्यूसीएल 2025 में पाकिस्तान के खिलाफ दो मैच खेलने से इनकार कर दिया था। इसमें सेमीफाइनल और ग्रुप स्टेज का मुकाबला शामिल है। पीसीबी ने इसकी घोषणा रविवार को बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की 79वीं मीटिंग के बाद की। मीटिंग की अध्यक्षता मोहसिन नकवी ने की। पीसीबी ने बयान में कहा गया, इस दुर्भाग्यपूर्ण घटनाक्रम के मद्देनजर, जो बाहरी दबावों के स्पष्ट और असहनीय प्रभाव तथा खेल की निष्पक्षता के सिद्धांतों की अवहेलना को उजागर करता है, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को मजबूरी में कड़ा रुख अपनाना पड़ रहा है। पीसीबी अब ऐसे टूर्नामेंट में भाग लेने की अनुमति नहीं दे सकता, जहां निष्पक्ष खेल भावना और स्वतंत्र संचालन जैसे मूलभूत सिद्धांत बाहरी हस्तक्षेप के कारण समझौते की भेंट चढ़ जाएं।




### World Championship of Legends 2025:

# एबी डिविलियर्स के तूफान में उड़ा पाकिस्तान

### साउथ अफ्रीका बना चैंपियन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स 2025 के फाइनल मुकाबले में साउथ अफ्रीका चैंपियंस का सामना पाकिस्तान चैंपियंस के साथ एजबेस्टन, बर्मिंघम में हुआ। इस मैच में एबी डिविलियर्स की तूफानी नाबाद शतकीय पारी के दम पर प्रोटियाज ने पाकिस्तान को 9 विकेट से हरा दिया और वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स 2025 का खिताब अपने नाम किया। इस मैच में पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग का फैसला किया था और फिर 20 ओवर में 5 विकेट पर 195 रन बनाए। साउथ अफ्रीका को जीत के लिए 196 रन का टारगेट मिला था और इस टीम ने 16.5 ओवर में एक विकेट पर 197 रन बनाकर मैच जीत लिया। इस हार के साथ ही मोहम्मद हफीज की कप्तानी में पाकिस्तान का चैंपियन बनने का सपना टूट गया और इस टीम को उप-विजेता बनकर संतोष करना पड़ा।

**साउथ अफ्रीका की पारी, एबी ने 47 गेंदों पर लगाया शतक** - साउथ अफ्रीका के लिए ओपनर हाशिम अमला ने 18 रन बनाए। एबी डिविलियर्स ने पहले 24 गेंदों पर अर्धशतक लगाया और फिर उन्होंने 47 गेंदों पर शतक पूरा किया जो इस टूर्नामेंट में उनका तीसरा शतक भी रहा। एबी ने पाकिस्तान के खिलाफ इस मैच में 60 गेंदों पर 7 छक्के और 12 चौकों की मदद से नाबाद 120 रन की पारी खेली जबकि डुमिनी ने उनका पूरा साथ दिया और उन्होंने 28 गेंदों पर 2 छक्के और 4 चौकों की मदद से नाबाद 50 रन की पारी खेली। पाकिस्तान की तरफ से एकमात्र विकेट सईद अजमल को मिला।




**पाकिस्तान की पारी, शरजील खान ने खेली 76 रन की पारी** - पाकिस्तान की तरफ से ओपनर बल्लेबाज शरजील खान ने अपनी टीम के लिए सबसे बड़ी पारी खेली और उन्होंने 44 गेंदों पर 4 छक्के और 9 चौकों की मदद से 76 रन की पारी खेली। कामरान अकमल 2 रन पर आउट हुए जबकि कप्तान मोहम्मद हफीज ने 17 रन तो शोएब मलिक ने 20 रन बनाए। उमर अमीन ने 19 गेंदों पर नाबाद 36 रन की पारी खेली जबकि आसिफ अली ने 15 गेंदों पर 28 रन बनाए। आमिर यामीन 2 रन की पारी खेलकर नाबाद रहे। साउथ अफ्रीका के लिए पाकिस्तान के खिलाफ फाइनल में विल्जोएन और वेन पार्नेल ने 2-2 विकेट लिए जबकि ओलिवियर को एक सफलता मिली।

# नेशनल बैंक ओपन: विक्टोरिया एमबोको ने कोको गॉफ को हराकर किया उलटफेर, गत चैंपियन पोपिरिन क्वार्टर फाइनल में

**मांट्रियल, एजेंसी।** कजाखस्तान की नौंवी वरीय एलेना रिबाकिना ने यूक्रेन की डायना यास्त्रेमस्का को 5-7 6-2 7-5 से हराया। क्वार्टर फाइनल में कोस्तयुक और यास्त्रेमस्का आमने-सामने होंगी। कनाडा की युवा खिलाड़ी विक्टोरिया एमबोको ने शीर्ष वरीय कोको गॉफ को हराकर उलटफेर करते हुए शनिवार को यहां नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। दुनिया की 85वें नंबर की खिलाड़ी और 18 वर्षीय एमबोको ने एक घंटा और 22 मिनट में गॉफ को 6-1 6-4 से हराया। फ्रेंच ओपन जीतने के बाद से गॉफ की पांच मैच में यह तीसरी हार है। फ्रेंच ओपन का खिताब जीतने के बाद उन्हें बर्लिन और विंबलडन में पहले दौर में हार का सामना करना पड़ा। शनिवार को हुए मुकाबले में गॉफ ने पांच डबल फॉल्ट किए। उन्होंने पहले मैच में डेनियली कोलिन्स के खिलाफ 23 और वेरोनिका कुदरमेतोवा के खिलाफ 14 डबल फॉल्ट किए थे। मई में गॉफ ने रोम में एमकोबो के खिलाफ पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 3-6 6-2 6-1 से जीत दर्ज की थी। अन्य मुकाबलों में 24वीं वरीय यूक्रेन की मार्ता कोस्तयुक ने अमेरिका की मैकार्टनी केसलर को 5-7 6-3 6-3, जबकि कजाखस्तान की नौंवी वरीय एलेना रिबाकिना ने यूक्रेन की डायना यास्त्रेमस्का को 5-7 6-2 7-5 से हराया। क्वार्टर फाइनल में कोस्तयुक और यास्त्रेमस्का आमने-सामने होंगी।




**पोपिरिन नेशनल बैंक ओपन के क्वार्टर फाइनल में** - ऑस्ट्रेलिया के गत चैंपियन एलेक्सी पोपिरिन ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए तीन सेट तक चले मुकाबले में जीत दर्ज करके नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। अमेरिकी ओपन की तैयारी के सिलसिले में महत्वपूर्ण इस प्रतियोगिता में 18वीं वरीयता प्राप्त पोपिरिन ने डेनमार्क के पांचवीं वरीयता प्राप्त होल्गार रूण को 4-6, 6-2, 6-3 से हराया। अमेरिका के एलेक्स मिशेलसन भी क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं। उन्होंने हमवतन लर्नर टिएन को 6-3, 6-3 से हराया। मिशेलसन का अगला मुकाबला रूस के 11वीं वरीयता प्राप्त कारेन खाचानोव से होगा, जिन्होंने नॉर्वे के आठवीं वरीयता प्राप्त कैस्पर रूड को 6-4, 7-5 से पराजित किया।

### कोपा अमेरिका फैमिना:

## ब्राजील फुटबॉल टीम फिर चैंपियन, नौवीं बार जीता कोपा अमेरिका फेमिनिना का खिताब



क्विटो (इक्वाडोर), एजेंसी। छह बार विश्व की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रही मार्टा के शानदार प्रदर्शन की मदद से ब्राजील की महिला फुटबॉल टीम ने तीन बार पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए कोलंबिया को पेनल्टी शूटआउट में 5-4 से हराकर नौवां कोपा अमेरिका फेमिनिना खिताब जीता। दुनिया की सर्वश्रेष्ठ महिला फुटबॉलर 39 वर्षीय मार्टा ने 82वें मिनट में मैदान पर कदम रखा और इंजरी टाइम के छठे मिनट में गोल करके ब्राजील को 3-3 से बराबरी पर ला दिया। इसके बाद उन्होंने अतिरिक्त समय में भी गोल किया जिससे ब्राजील ने पहली बार मैच में बढ़त बनाई। लेसी सैंटोस ने 115वें मिनट में गोल करके कोलंबिया को 4-4 की बराबरी पर ला दिया और मैच पेनल्टी शूटआउट में चला गया। गोलकीपर लोरेना दा सिल्वा ने शूटआउट में दो पेनल्टी बचाकर ब्राजील को महाद्वीपीय चैंपियनशिप में लगातार पांचवां खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई। ब्राज़ील ने पिछले पांच फाइनल में चौथी बार कोलंबिया को हराया।

## संक्षिप्त समाचार

### रेप केस में गया था जेल, जमानत पर बाहर आते ही लड़की को मार दी गोली; दिल्ली से आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। यहां रेप केस में जेल में बंद आरोपी बाहर आया और पीड़िता को गोली मार दी। इस मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि महिला एक सैलून में हेड मैनेजर के रूप में काम करती है और आरोपियों ने उसके सीने में गोली मारी है। महिला को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस ने इस मामले में आरोपी अबुजैर सफी समेत उसके साथ अमन सुखला को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों पर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है। इस मामले की जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि मामला बुधवार का है। बुधवार को काले रंग की मोटरसाइकिल पर सवार दो लोगों ने महिला पर गोलीबारी की। पुलिस ने बताया कि सफी, जिसे पिछले साल महिला द्वारा दर्ज कराए गए रेप केस में जमानत मिली थी। जमानत पर बाहर आने के बाद ही आरोपी ने पीड़िता लड़की को गोली मार दी। पुलिस ने बताया कि महिला के बयान के आधार पर वसंत विहार पुलिस स्टेशन में भारतीय न्याय संहिता की धारा 109(1) के तहत हत्या के प्रयास और 3(5) के तहत मामला दर्ज किया गया है। इसके अलावा पुलिस ने दोनों पर शस्त्र अधिनियम के तहत भी मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी सफी से पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि वो पीड़िता द्वारा दर्ज करवाए गए केस को लेकर नाराज था और महिला से लगातार बात करने की कोशिश कर रहा था, लेकिन वो जवाब नहीं दे रही थी। कई बार संपर्क करने के बाद जब उसने बात नहीं की तो उसने गोली मार दी। पुलिस ने दोनों को पकड़ने के लिए सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी निगरानी और सोशल मीडिया का इस्तेमाल किया और इस घटना में इस्तेमाल की गई बाइक को भी बरामद कर लिया है।

### दिल्ली में दुकानदार को मारी गोली, दुकान खाली कराने को लेकर विवाद में गोलीबारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में एक दुकानदार को गोली मारने का मामला सामने आया है। घायल दुकानदार को ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। शुरुआती जांच में पता चला है कि दुकान खाली कराने को लेकर दो पक्षों में विवाद चल रहा था। दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के निजामुद्दीन इलाके में कुछ लोगों ने गोली मारकर एक दुकानदार को घायल कर दिया। पुलिस ने शनिवार को बताया कि निजामुद्दीन थाने को शुक्रवार रात 10 बजकर आठ मिनट पर पीसीआर कॉल के माध्यम से गोलीबारी की सूचना मिली। यह घटना किबला परफ्यूम्स नामक एक दुकान के बाहर हुई। इस दुकान को पीड़ित फुरकान और उसके दो भाई वसीम और अब्दुल खालिद चलाते हैं। पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया कि रात करीब 10 बजे उनका पूर्व किरायेदार एहसान कुछ लोगों के साथ दुकान पर आया और वसीम से झगड़ा करने लगा। इसी दौरान उनमें से एक ने पिस्तौल निकालकर तीन गोलियां चलाईं। इनमें से एक गोली फुरकान के पैर में लगी। उसे तुरंत एम्स ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया, जहां उसका इलाज किया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि उसने घटनास्थल से तीन खोखे और कारतूस बरामद किए हैं। अधिकारियों के अनुसार, पीड़ित और उसके भाइयों ने एहसान को करीब 15 दिन पहले उनकी किराए की दुकान खाली करने के लिए कहा था। इसी विवाद को लेकर यह घटना हुई। एक अधिकारी ने बताया कि आरोपियों की पहचान कर ली है और उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। दिल्ली के वसंत विहार में एक महिला को कथित तौर पर गोली मारने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि पीड़िता 2024 के एक आपराधिक मामले में शिकायतकर्ता है, जिसमें एक आरोपी भी शामिल है। आरोपियों की पहचान अबुजैर सफी और अमन सुखला के रूप में हुई है। ऑटो में सफर करते हुए किसी कॉल पर बात कर रही थी। पुलिस ने बताया कि काले रंग की मोटरसाइकिल पर सवार दो लोग पीछे से आए और अबुजैर ने कथित तौर पर गोली चला दी जो महिला के सीने में लगी। पुलिस मौके पर पहुंची तो देखा कि एक ऑटो वहां खड़ा था। ड्राइवर रंजीत यादव ने उन्हें बताया कि एक महिला यात्री को गोली लगी है।

# दिल्ली-एनसीआर में भारी बारिश से कई इलाकों में जलभराव

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

दिल्ली-एनसीआर के कई हिस्सों में रविवार तड़के हुई भारी बारिश ने लोगों को उमस से राहत दिलाई है। हालांकि, बारिश के चलते राजधानी समेत के कई इलाकों में जलभराव भी देखने को मिला। दिल्ली के विजय चौक, कनॉट प्लेस, मिंटो ब्रिज, सरोजिनी नगर, एम्स और पंचकुइयां मार्ग सहित कई इलाकों में तेज बारिश हुई। इस बीच, मौसम विभाग (आईएमडी) ने पहले ही गुरुवार सुबह दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में हल्की से मध्यम बारिश की भविष्यवाणी की थी। जनपथ, लाजपत नगर और मिंटो ब्रिज जैसे इलाकों में भी बारिश हुई, एक दिन पहले भारी बारिश से शहर के कई हिस्सों में जनजीवन प्रभावित हुआ था।

आईएमडी ने सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, एनसीआर (बहादुरगढ़, मानेसर) में हल्की से मध्यम बारिश के साथ हल्की गरज और बिजली गिरने की संभावना है। लोनी देहात, हिंडन वायुसेना स्टेशन, गाजियाबाद, इंदिरापुरम, छपरौला, नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गुरुग्राम, फरीदाबाद और बल्लभगढ़ सहित पूरे दिल्ली-एनसीआर में हल्की बारिश होने की संभावना है।

आईएमडी का अनुमान है कि रविवार को राजधानी में बादल छाए रहेंगे और हल्की बारिश हो सकती है। आईएमडी ने बताया कि शनिवार को दिल्ली में अधिकतम तापमान 33.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से 1.1 डिग्री कम है। न्यूनतम तापमान सामान्य से 1.4 डिग्री कम 25.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार, शनिवार शाम छह बजे दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 84 दर्ज किया गया जो कि ''संतोषजनक'' श्रेणी में आता है। गुरुग्राम में शनिवार रात 9 बजे से लगातार हो रही तेज बारिश ने शहर के लोगों के लिए एक बार फिर बड़ी मुसीबत खड़ी कर दी है। नए गुरुग्राम से लेकर पुराने गुरुग्राम तक सौ से अधिक स्थानों



पर बाढ़ जैसे हालात पैदा हो गए हैं। पानी निकासी के अधूरे इंतजामों और बरसाती नालों की सफाई न होने के कारण शहर के कई इलाकों में घुटनों तक पानी भर गया है, जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है।

फरीदाबाद में भी बारिश से शहर में अलग-अलग जगहों पर जलभराव हो गया। इससे लोगों को आवाजाही में परेशानी झेलनी पड़ी। कई जगह लोगों के वाहन भी बंद हो गए। इसके अलावा हाईवे की सर्विस रोड पर भी कई जगह जलभराव हुआ। एनएचएआई के टैंकर पानी निकालते हुए नजर आए। हाईवे के सोहना टी-पॉइंट, वाईएमसीए, बाटा, अजरौंदा चौक पर ज्यादा परेशानी रही। हालांकि बारिश बंद होने के बाद हाईवे के कुछ प्वाइंट पर तेजी से पानी निकल गया। वहीं शहर के अंदर सेक्टर-छह-सात डिवाइडिंग रोड, डबुआ, जवाहर कॉलोनी, बड़खल, सेक्टर-11 सहित कई इलाकों में जलभराव हो गया। उधर, बारिश की वजह से कई इलाकों में घंटों बिजली गुल रही।

आम आदमी पार्टी (आप) के मुखिया और दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने 29 जुलाई को राजधानी में लगातार जलभराव की समस्या को लेकर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार की आलोचना की थी। केजरीवाल ने कनॉट प्लेस में जलभराव का एक कथित वीडियो शेयर कर चार इंजन वाली सरकार के कामकाज पर सवाल उठाए थे। केजरीवाल ने सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में टिप्पणी की कि दिल्ली के दिल, कनॉट प्लेस की स्थिति पर विश्वास करना मुश्किल है। जब दिल्ली के दिल, कनॉट प्लेस का यह हाल है, तो बाकी दिल्ली की स्थिति की कल्पना करना मुश्किल नहीं है। सिर्फ 10 मिनट की बारिश और सड़कें तालाबों में बदल गईं। 5 महीनों में भाजपा ने दिल्ली को कहां पहुंचा दिया? क्या यही है 4 इंजन वाली सरकार की रफ्तार?

राजधानी में भारी बारिश के कारण व्यापक जलभराव हो गया है, जिससे निवासियों और कार्यालय जाने वालों, दोनों को असुविधा हो रही है।

उसी दिन, 'आप' नेता सौरभ भारद्वाज ने भी दिल्ली के उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना और पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश वर्मा पर जलभराव नियंत्रण के प्रभावी उपायों के उनके पहले के दावों को लेकर निशाना साधा। भारद्वाज ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में व्यंग्यात्मक टिप्पणी की, यह दिल्ली का आईटीओ है। 9 जुलाई को, एलजी साहब और पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश वर्मा यहां जलभराव के काम का निरीक्षण करने आए थे और एक-दूसरे को अच्छे काम के लिए बधाई दे रहे थे। आज, जब फिर से जलभराव हो गया है, तो कृपया मेरी भी बधाई स्वीकार करें।

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को आईटीओ क्षेत्र में जलभराव की स्थिति का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि प्रभावी जल निकासी व्यवस्था के लिए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं।

मुख्यमंत्री गुप्ता ने एक्स पर पोस्ट किया, आज आईटीओ में जलभराव की स्थिति का औचक निरीक्षण किया गया। स्थानीय लोगों से बातचीत कर वास्तविक स्थिति की जानकारी जुटाई गई। अधिकारियों को भारी बारिश के दौरान शीघ्र जल निकासी की उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा, दिल्ली सरकार राजधानी के उन सभी इलाकों की पहचान कर रही है जहां बारिश के दौरान बार-बार जलभराव होता है। इन जगहों पर स्थायी समाधान प्रदान करने के लिए आधुनिक जल निकासी व्यवस्था, वास्तविक समय निगरानी और त्वरित प्रतिक्रिया इकाइयों की योजना पर काम तेजी से चल रहा है।

## फर्जी राजदूत की बढ़ीं मुश्किलें, एफआईआर में कई और धाराएं बढ़ाई गईं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** गाजियाबाद के कविनगर में स्वयंभू देशों के फर्जी दूतावास चलाने वाले आरोपी हर्षवर्धन जैन से पूछताछ में महत्वपूर्ण जानकारियां मिली हैं। अब एसटीएफ सबूतों को जोड़ते हुए इस फर्जीवाड़े की गुत्थी सुलझाएगी। वहीं, एफआईआर में धाराएं बढ़ाई गई हैं। शनिवार को रिमांड खत्म होने के बाद आरोपी को डासना जेल भेज दिया गया।

एसटीएफ की नोएडा यूनिट के एडिशनल एसपी राजकुमार मिश्रा का कहना है कि पांच दिनों की पूछताछ के बाद शनिवार को हर्षवर्धन की मेडिकल जांच कराकर स्थानीय कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में डासना जेल भेज दिया गया।






सूत्र बताते हैं कि पांच दिन की पुलिस कस्टडी रिमांड (पीसीआर) के दौरान आरोपी हर्षवर्धन से विस्तृत पूछताछ की गई है, जिसमें कई महत्वपूर्ण सबूत व जानकारी हाथ लगी हैं। पुलिस इन जानकारियों को जोड़ते हुए इस गुत्थी को सुलझाने का प्रयास करेगी। सूत्रों का कहना है कि आरोपी हर्षवर्धन के अवैध दूतावास से पुलिस को कई महत्वपूर्ण दस्तावेज और डायरी मिली थी। अब इन दस्तावेजों और पूछताछ के दौरान मिली जानकारी को एक साथ जोड़कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। इससे पता चल सकता है कि आरोपी का विदेशों में कितना बड़ा नेटवर्क है। वहीं, पुलिस आरोपी के रिश्तेदारों से भी पूछताछ कर रही है, जिनसे कई जरूरी जानकारी मिली हैं। सूत्रों का कहना है कि पूछताछ के बाद आरोपी की एफआईआर में कई धाराएं बढ़ाई गई हैं।

बता दें कि आरोपी से विस्तृत पूछताछ के लिए पुलिस द्वारा स्थानीय कोर्ट में पांच दिन की पीसीआर की अर्जी दाखिल की गई थी। अर्जी पर बीते सोमवार को कोर्ट ने सुनवाई करते हुए पांच दिन की पीसीआर मंजूर कर ली थी। मंगलवार को पुलिस द्वारा हर्षवर्धन जैन को डासना जेल से लाकर पूछताछ की गई और उससे अवैध दूतावास एवं फर्जीवाड़े से संबंधित तमाम दस्तावेज बरामद किए गए थे। लंदन से एमबीए पास हर्षवर्धन जैन वर्ष 2012 से एंबेसडर बनकर घूम रहा था। वर्ष 2019 में दिल्ली में राजीव गांधी ग्लोबल एक्सीलेंस अवॉर्ड कार्यक्रम में कई हस्तियों को सम्मानित किया गया, जिनमें हर्षवर्धन जैन का नाम भी शामिल था।

## नाबालिग से शादी अवैध, रेप के आरोप से बचने के लिए ना हो इसका इस्तेमाल; हाईकोर्ट की दो-टूक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली हाईकोर्ट ने एक मामले में कहा है कि कानून के तहत नाबालिग से विवाह अमान्य है। ऐसे में नाबालिग से विवाह इस्तेमाल दुष्कर्म के आरोप से बचने के लिए नहीं किया जा सकता है। जस्टिस संजीव नरूला की अदालत ने कहा कि नाबालिग से विवाह भारतीय कानून के तहत अमान्य है। ऐसे में नाबालिग से विवाह का इस्तेमाल अपराध को वैधानिक रूप देने के लिए लागू नहीं किया जा सकता है। उम्र से कम है, तो वहां उसकी सहमति कोई मायने नहीं रखती। इसके साथ ही अदालत ने एक आरोपी की उस याचिका को खारिज कर दिया जिसमें उसने लगभग 16 साल की एक नाबालिग का बार-बार यौन उत्पीड़न करने के आरोप में दर्ज मामले में जमानत की मांग की थी। इस मामले में पीड़िता ने बाद में आत्महत्या कर ली थी। इसके बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म और पॉक्सो अधिनियम के तहत केस दर्ज किया था। मृतका की बहन के अनुसार, आरोपी ने कथित तौर पर नाबालिग को बहला-फुसलाकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। इतना ही नहीं बाद में वह उसे अपने साथ ले गया। आरोप है कि मृतका लगभग दो महीने की गर्भवती थी।






आरोपी उसका शारीरिक शोषण कर रहा था। यह भी आरोप है कि उसके आचरण के कारण मृतका ने अपनी जान दे दी। इस मामले में 34 साल के आरोपी ने मृतका के साथ अपने कथित संबंध को इस आधार पर जायज बताया था कि दुष्कर्म की घटना पीड़िता की सहमति से हुई थी। आरोपी का कहना था कि उनका संबंध विवाह के दायरे में था। उसने आगे यह भी दलील दी कि पीड़िता सहमति से गर्भावस्था में गई थी। इसलिए यह मामला दुष्कर्म का नहीं बनता है। अदालत ने आरोपी की इस दलील को खारिज कर दिया। अदालत ने कहा कि आरोपी की विवाह वाली दलील गलत है। पीड़िता नाबालिग थी ऐसे में उसकी सहमति मायने नहीं रखती है। अदालत ने यह भी कहा कि आरोपी की उम्र पीड़िता से दोगुनी से भी अधिक थी।

## आने दीजिए, हमारी परमाणु पनडुब्बियों की संख्या बहुत ज्यादा; अब रूसी सांसद की ट्रंप को चुनौती

**मॉस्को, एजेंसी।**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा परमाणु पनडुब्बियों को तैनात करने के आदेश पर रूस की ओर से तीखी प्रतिक्रिया सामने आई है। रूस की संसद डूमा के एक वरिष्ठ सदस्य विक्टर वोडोलात्स्की ने कहा है कि विश्व महासागरों में रूसी परमाणु पनडुब्बियों की संख्या अमेरिका की तुलना में कहीं अधिक है, और अमेरिकी पनडुब्बियां पहले से ही रूसी कंट्रोल रूम के रडार में हैं।

वोडोलात्स्की ने रूस की सरकारी समाचार एजेंसी टीएएसएस से कहा, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जिन पनडुब्बियों को उपयुक्त क्षेत्रों की ओर भेजने की बात कही है, वे पहले से ही हमारे नियंत्रण के अंतर्गत हैं। इसलिए रूसी संघ की ओर से कोई विशेष प्रतिक्रिया देने की आवश्यकता नहीं है।ट्रंप ने शुक्रवार को अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर पोस्ट करते हुए कहा था कि उन्होंने दो अमेरिकी परमाणु पनडुब्बियों को उन क्षेत्रों की ओर भेजने का आदेश दिया है, जहां उत्तेजक गतिविधियांबढ़ रही हैं। ट्रंप की यह प्रतिक्रिया रूस के पूर्व राष्ट्रपति और वर्तमान में सुरक्षा परिषद के उपाध्यक्ष दिमित्री मेदवेदेव के कथित भड़काऊ बयानों के बाद आई।

वोडोलात्स्की ने चुनौती भरे अंदाज में कहा, अमेरिका की दो पनडुब्बियों को आने दीजिए, वे पहले से ही हमारे निशाने पर हैं। अब जरूरत है कि रूस और अमेरिका के बीच एक मौलिक समझौता हो, जिससे दुनिया भर में तीसरे विश्व युद्ध को लेकर जारी अटकलें समाप्त हों।

## फिलिस्तीन की आजादी तक इजरायल से जंग रहेगी

**गाजा, एजेंसी।**

इजरायल और हमास के बीच चल रहे युद्ध में शांति के दरवाजे एक-एक करके बंद होते नजर आ रहे हैं। इजरायल की तरफ से 60 दिन के सीजफायर के दिए गए प्रस्ताव को हमास ने अस्वीकार कर दिया है। हमास की तरफ से कहा गया है कि जब तक वह स्वतंत्र फिलिस्तीनी राज्य की स्थापना नहीं कर लेते, तब तक हथियार नहीं छोड़ेंगे। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक हमास ने बयान जारी करके कहा , वह सशस्त्र प्रतिरोध के अधिकार को तब तक नहीं छोड़ सकता जब तक कि यरूशलेम को अपनी राजधानी के रूप में एक स्वतंत्र, पूर्ण संप्रभु फिलिस्तीनी राज्यन बन जाए।

हमास की तरफ से यह बयान ऐसे समय में सामने आया है, जबकि कतर, फ्रांस और मिस्त्र की मध्यस्थता में कुछ दिन पहले ही



शांति प्रस्ताव को लेकर अप्रत्यक्ष बातचीत समाप्त हुई है। इसमें प्रस्ताव रखा गया था कि इस क्षेत्र में दो-राष्ट्र सिद्धांत को अपनाया जाएगा और हमास अपने हथियारों को फिलिस्तीनी प्राधिकरण को सौंप देगा। अब, जबकि हमास ने इस प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया है, तो ऐसे में इसके भी ठंडे बस्ते में जाने की आशंका है।

आपको बता दें इजरायली सरकार का शांति प्रस्ताव को लेकर सबसे बड़ी शर्त यही रही है कि हमास को हथियार डालने होंगे। वहीं दूसरी हो हमास लगातार इस बात पर अड़ा रहा है कि वह हथियार नहीं छोड़ेगा। दोनों पक्षों के बीच चल रही इस हां और न के बीच इजरायल लगातार गाजा में बम बरसा रहा है, जिससे अभी तक हजारों लोगों की जान जा चुकी है और लाखों की संख्या में लोग भुखमरी की और बढ़ गए हैं।

गौरतलब है कि पिछले महीने इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने भविष्य में फिलिस्तीनी राज्य के विचार को भी खारिज कर दिया था। उन्होंने कहा था कि अगर यह बना तो यह इजरायल को नष्ट करने वाले एक मंच की तरह होगा। इतना ही नहीं उन्होंने फिलिस्तीनी राज्य को मान्यता देने वाले यूके और कनाडा समेत कई देशों की आलोचना भी की थी।

### दिल्ली में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल, 24 आईएएस और दानिक्स अफसरों के ट्रांसफर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली में शनिवार को बड़ा प्रशासनिक फेरबदल फेरबदल देखने को मिला ।दिल्ली सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) और दिल्ली, अंडमान-निकोबार द्वीप समूह, लक्षद्वीप, दमन एवं दीव तथा दादरा और नगर हवेली सिविल सेवा (दानिक्स) के करीब 24 अफसरों के इंटर डिपार्टमेंटल ट्रांसफर और पोस्टिंग की हैं। सरकार के सेवा विभाग द्वारा शनिवार को जारी आदेश के अनुसार, 1997 बैच के अरुणाचल प्रदेश-गोवा-मिजोरम और केंद्र शासित प्रदेश (एजीएमयूटी) कैडर के आईएएस अधिकारी संदीप कुमार को प्रमुख सचिव (आईटी) का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। वह पहले से ही सतर्कता, पर्यावरण और प्रशासनिक सुधार विभागों के प्रधान सचिव का कार्यभार संभाल रहे हैं। सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी) की प्रधान सचिव एवं 2000 बैच की आईएएस अधिकारी दिलराज कौर का जीएडी से तबादला कर दिया गया है। उनके पास समाज कल्याण, अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा विभाग ओबीसी विभागों का अतिरिक्त प्रभार है।

## 100-200 नहीं, 1178 कैदियों को मिली रिहाई, राष्ट्रपति सुबियांतो की इस योजना के तहत लिया फैसला

**जकारता, एजेंसी।**

इंडोनेशिया के नए राष्ट्रपति प्राबोवो सुबियांतो ने देश में राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने के उद्देश्य से एक बड़ा कदम उठाया है। अपने राष्ट्रपति कार्यकाल के पहले दो महीनों में ही उन्होंने सैकड़ों कैदियों को माफी देकर रिहा करने की प्रक्रिया शुरू की है। इस फैसले में राजनीतिक अपराधों में सजा काट रहे कई लोगों को भी रिहा किया गया है। इसे राष्ट्रपति की 'यूनिटी प्लान' यानी राष्ट्रीय एकता योजना का पहला चरण माना जा रहा है।

अल जजीरा की रिपोर्ट के अनुसार, राष्ट्रपति सुबियांतो द्वारा हस्ताक्षरित राष्ट्रपतीय डिक्री के तहत 1178



कैदियों को शुक्रवार को रिहा किया गया। संसद के उपाध्यक्ष सफमी डास्को अहमद और कानून मंत्री सुप्रातमान एंडी आगतास ने इसकी घोषणा की। यह पहला चरण है, जिसमें कुल 44,000 कैदियों को रिहा किए जाने की योजना है। प्राथमिकता राजनीतिक कैदियों, बीमार, बुजुर्ग, नाबालिग और धार्मिक भावनाओं को लेकर सजा पाए लोगों को दी जा रही है। इस रिहाई सूची में इंडोनेशियाई डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ स्ट्रगल के महासचिव हास्तो क्रिस्तियान्तो भी शामिल हैं, जो देश की इकलौती औपचारिक विपक्षी पार्टी के नेता हैं। वे भ्रष्टाचार के एक मामले में साढ़े तीन साल की सजा काट रहे थे। फरवरी से दक्षिण जकार्ता की भ्रष्टाचार निरोधक एजेंसी की हिरासत में थे। रिहाई के बाद उन्होंने समर्थकों से कहा कि हमें इस घटना से सीख लेनी चाहिए। पूर्व व्यापार मंत्री टॉम लेम्बॉन्ग, जो पहले राष्ट्रपति जोको विडोडो के करीबी थे और बाद में प्रतिद्वंद्वी अनिस बसवेदान का समर्थन करने लगे, उनके खिलाफ चल रही कानूनी कार्रवाई भी वापस ले ली गई है। उन पर 2024 के चुनाव के दौरान चीनी आयात लाइसेंस में गड़बड़ी का आरोप था।

इस रिहाई की सूची में पश्चिम पापुआ के छह स्वतंत्रता समर्थक कार्यकर्ता भी शामिल हैं, जिन्हें देशद्रोह के आरोप में कैद किया गया था। सरकार का कहना है कि यह कदम राष्ट्रीय एकता को मज़बूत करने की दिशा में है और ऐसे लोगों को रिहा किया जा रहा है, जिन्होंने किसी न किसी रूप में देश की सेवा की है। कानून मंत्री आगतास ने बताया कि जल्द ही दूसरी सूची भी संसद में पेश की जाएगी, जिसमें 1668 और कैदियों के नाम होंगे।

## कबाइली इलाकों में सैन्य अभियान के खिलाफ इमरान खान, अपनी पार्टी के सीएम से कहा- आप इसकी मंजूरी न दें

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक इमरान खान ने खैबर पख्तूनख्वा के अपनी पार्टी के सीएम से कहा है कि वे अपने राज्य में सेना के अभियान को मंजूरी न दें। इमरान खान ने मुख्यमंत्री अली अमीन गंडापुर को स्पष्ट संदेश में कहा है कि संघीय सरकार को खैबर पख्तूख्वा और उसके कबाइली इलाकों में एक और सैन्य अभियान शुरू करने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। इमरान का यह बयान ऐसे समय में आया है जब सुरक्षा बलों ने तोपखाने और गनशिप हेलीकॉप्टरों के साथ इस हफ्ते की शुरुआत में बाजौर जिले की लोवी मामुंड तहसील में ऑपरेशन सरबकाफ शुरू किया था। सेना ने इस क्षेत्र में तीन दिनों का कर्फ्यू लगा दिया है, जिस पर पीटीआई नेतृत्व ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की थी। अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर पोस्ट किए गए एक संदेश में इमरान खान ने कहा, मैं अली अमीन को स्पष्ट संदेश देता हूं कि संघ को खैबर पख्तूनख्वा और कबाइली इलाकों में एक और सैन्य अभियान चलाने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए।

# बीएसएल विस्तारीकरण के समर्थन में एक मंच पर सभी संगठनों का महाजुटान

## संगोष्ठी में सभी संगठनों ने एक स्वर में विस्तारीकरण का किया समर्थन






**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो स्टील प्लांट के प्रस्तावित विस्तारीकरण को प्रारंभ करवाने एवं बीजीएच को सुपरस्पेसलिटी हॉस्पिटल बनाने की माँग को लेकर जारी महाहस्ताक्षर अभियान के तहत संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी में बोकारो सिविल सोसायटी के सभी गैर राजनीतिक संगठन ने शामिल होकर विस्तारीकरण की माँग का समर्थन किया। संगोष्ठी की अध्यक्षता विस्थापित संयुक्त मोर्चा के महामंत्री अब्दुल रब अख्तर, संचालन कुमार अमित और धन्यवाद ज्ञापन विस्थापित नेता निवारण प्रसाद महतो ने किया। कार्यक्रम का प्रारंभ झारखंड के सभी महापुरुषों एवं शहीद विस्थापित युवा स्व. प्रेम महतो के सम्मान में एक मिनट के मौन श्रद्धांजलि देकर हुआ। समापन राष्ट्र गान के साथ हुआ। बोकारो मजदूर समाज के अध्यक्ष राजेश महतो ने संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुए कहा कि विस्तारीकरण बोकारो की आवश्यकता है, जिसके प्रारंभ होने से विस्थापित एवं बोकारो वासी लाभान्वित होंगी। बोकारो स्टील ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष एके सिंह ने माँग का समर्थन करते हुए कहा कि सेल राष्ट्र की सम्पत्ति है। इसकी सुरक्षा हम सभी नागरिकों का कर्तव्य है। भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष कृष्णा राय ने इस अभियान की प्रशंसा करते करते हुए कहा कि विस्तारीकरण बोकारो वासियों का सपना रहा है, जिसे पुरा करने के लिए यहाँ के लोग कृत संकल्पित हैं। विस्थापित नेता दिनेश झा ने भी संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुए सभी विस्थापित संगठनों को इसके समर्थन में आगे आने का आह्वान किया। बोकारो कर्मचारी पंचायत के महामंत्री रामाकान्त वर्मा ने इसे धरातल पर उतारने के लिए राज्य का गम्भीर पहल करने की माँग की। बैंकर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सिद्धेश नारायण दास ने विस्तारीकरण के लिए प्रबंधन और नागरिकों के बीच में समन्वय और संवाद स्थापित करने पर बल दिया। विस्थापित अप्रेंटिस संघ के आमोद कुमार महतो ने भी अभियान का समर्थन करते हुए विस्थापित अप्रेंटिस युवाओं के शीघ्र समायोजन की बात कही। फुटपाथ दुकानदार संघ के नेता सिकंदर सिंह एवं रामू भाई ने भी अभियान को आगे बढ़ाने की बात कही। विस्थापित संयुक्त परिवार के नेता हसनुल अंसारी ने विस्तारीकरण और बीजीएच के सुपरस्पेसलिटी हॉस्पिटल के लिए इस अभियान की सराहना की। डिप्लोमा यूनियन के महामंत्री संदीप कुमार ने इस अभियान के समर्थन में मजदूर आंदोलन चलाने की बात कही। विस्थापित नेता सहदेव साव ने विस्तारीकरण के उपरांत सृजित रोजगार में विस्थापितों को रोजगार मुहैया कराने की बात कही। बीएकेएस के अध्यक्ष हरिओम ने विस्तारीकरण में हो रहे विलंब को भ्रष्टाचार का पर्याय बताया। कार्यक्रम में सभी संगठनों ने पोस्टकार्ड और हस्ताक्षर महाअभियान को समर्थन दिया। संगोष्ठी को भारतीय मजदूर संघ के ज़िला उपाध्यक्ष रामचंद्र महतो ने भी सम्बोधित करते हुए इसे राष्ट्र हित में बताया। कार्यक्रम को मुख्य रूप से सांसद प्रतिनिधि अरविंद राय, बीजीएच के डा. सुबोध सिंह, सहोदया स्कूल एसोसिएशन के उपाध्यक्ष विपुल सिंह, उद्यम संकल्प के अध्यक्ष राजेश प्रसाद, महिला नेत्री ममता गोस्वामी, झारखण्ड सांस्कृतिक मंच के शंकरलाल गोप, बार एसोसिएशन के अमरदीप झा, शशिभूषण विश्वकर्मा, अमरेन्द्र झा, चास प्रखंड उपप्रमुख मोहन चक्रवर्ती, फूटपाथ दुकानदार संघ के अध्यक्ष हाजी इसराद अहमद खान, खनन वैज्ञानिक बसंत सिंह, चैम्बर ऑफ कॉमर्स के उपाध्यक्ष नरेन्द्र सिंह, अखिल भारतीय सफाई कर्मचारी के प्रदेश अध्यक्ष राकेश राम, कृष्णा कालिन्दी, पूर्व सैनिक परिषद के राकेश मिश्रा, संथाल आदिवासी समिति के कृष्णा हेम्ब्रम, प्रविण हांसदा, सिटी सेंटर ट्रेड एसोसिएशन के महेश गुप्ता, राजकुमार गुप्ता, समाजसेवी गोपाल सिंह आदि ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम में चन्द्रप्रकाश, शशिभूषण, लालबाबू, जन्मजय गोस्वामी, करण गोराई सहित सैकड़ों लोग उपस्थित हुए।

## संक्षिप्त समाचार

### बीएसएल कर्मियों ने काटा विद्युत का अवैध कनेक्शन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो स्टील के शहरी इलाके में बड़े पैमाने पर बिजली की चोरी की जा रही है, जिसका सीधा नुकसान बोकारो



स्टील के साथ-साथ बोकारो स्टील के आवासों में रहने वाले लोगों को हो रही है। बोकारो स्टील को राजस्व का नुकसान हो रहा है तो आवासों में रहने वाले लोगों को बिजली की समस्या से दो-चार होना पड़ रहा है। इसी को लेकर आज बोकारो स्टील के टीए डिपार्मेंट की टीम ने डीजीएम कर्नल गजेंद्र सिंह शेखावत की अगवाई में बोकारो निवास के पीछे अवैध तरीके से बिजली ले जा रहे तार को हटाते हुए कब्जे में लेने का काम किया। सैकड़ों की संख्या में गलत तरीके से बिजली पोल से तार खटाल और घरों में ले जाने का काम किया गया था। कर्नल गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि हम लोग कार्रवाई करते हैं लेकिन एक दिन बाद फिर से पोल में तार लगाकर बिजली की चोरी की जा जाती है, बिना मामला दर्ज किए चोरी नहीं रुक सकती है। क्योंकि कर्मचारियों को बिजली दर बढ़ने से परेशानी हो रही है और कुछ लोग फ्री का बिजली चला कर मजा ले रहे हैं। बोकारो में गलत तरीके से जमीन कब्जा कर बिजली चोरी की जा रही है। इसमें लाइसेंसी दुकानदार भी शामिल है। कड़ी कार्रवाई की जरूरत है नहीं तो इस तरह की हरकत होते रहेगी।

### झारखंड स्टेट अंडर 23 कुश्ती प्रतियोगिता के लिए हुआ चयन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** लोहरदगा के बलदेव साहू स्टेडियम में 10 एवं 11 अगस्त को अंडर 23 झारखंड स्टेट कुश्ती प्रतियोगिता आयोजित किया जाएगा। इस हेतु झारखंड के सभी जिलों में चयन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। आज बोकारो के सिटी पार्क अखाड़ा में बोकारो



जिला कुश्ती संघ के द्वारा चयन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। ग्रीको रोमन कुश्ती एवं फ़्री स्टाईल कुश्ती में विभिन्न भार वर्ग में खिलाड़ियों का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता हेतु चयनित किया गया जो लोहरदगा जाएंगे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि बोकारो जिला कुश्ती संघ के अध्यक्ष धर्मवीर सिंह उपस्थित थे। सभी खिलाड़ियों का हौसला अफजाई किया। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए आज चयनित होने वाले खिलाड़ियों में महिला वर्ग से आरती पांडे 50 केजी,सिमरन कुमारी 53 केजी, तरन्नुम कुमारी 55केजी,मंजू सिंह 51केजी,तनु कुमारी 62केजी, कुमकुम कुमारी 65केजी, अंजलि सिंह 72केजी,, पुरुष वर्ग फ्री स्टाइल में नितीश कुमार 57केजी, गणेश कुमार 61केजी,शिवम् कुमार 65केजी, चन्दन कुमार 70केजी,, ग्रीको रोमन कुश्ती पुरुष वर्ग में कुश कुमार 55केजी, अभिषेक सिंह 60केजी,बादल कुमार 63केजी,सुरज कुमार 72केजी शामिल हैं।

### जुआ अड्डा पर लूटपाट एक की हत्या

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** माराफारी थाना क्षेत्र के बांसगोड़ा में कुछ लोग जुआ खेल रहे थे। उस दौरान वहां हथियारबंद अपराधी लूटपाट के इरादे से पहुंचे। पहले लूटपाट की घटना को अंजाम दिया। उसके बाद मौके पर मौजूद मंटू दास को भगाने के दौरान गोली मार दी। जिस कारण उसकी मौके पर मौत हो गई। पुलिस ने मौके से तीन खोखा बरामद किया है। प्रत्यक्षदर्शी और घर के मालिक गोमिया ने बताया कि हम लोग खाना-पीना कर रहे थे। इसी दौरान हथियार लेकर आधा दर्जन लोग पहुंचे और सभी को बैठने के लिए कहा फिर लूटपाट शुरू कर दी । हमारे पॉकेट में भी रखे10 हजार रुपए लूट लिए। शराब के नशे में मंटू ने विरोध किया। जब हल्ला होने लगा तो भागने के क्रम में गोली चली जिस कारण यह घटना घटी है। अपराधी गाड़ी से आए थे जो मौके से भाग निकले। बताया कि पहले से किसी तरह का कोई भी बात नहीं था। बोकारो एसपी हरविंदर सिंह ने बताया कि इस घटना को अंजाम देने वाले चार अपराधियों की पहचान हुई है। अपराधियों को पकड़ने के लिए टीम लगी हुई है। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पूर्व थाना प्रभारी के द्वारा जुआअड्डा पर छापेमारी की गई थी। लेकिन जुआ घर के अंदर चल रहा था। इसकी जानकारी पुलिस को नहीं थी।

### अवैध खनिज उत्खनन के विरुद्ध सघन जांच अभियान जारी

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अवैध खनन एवं खनिजों के अवैध परिवहन के विरुद्ध सघन जांच अभियान चलाया गया। इसी क्रम में सेक्टर-6 थाना अंतर्गत डी.पी.एस. स्कूल, सेक्टर-5 के समीप पथ पर अवैध रूप से बालू खनिज का उत्खनन कर परिवहन करते हुए एक ट्रैक्टर को पकड़ा गया। उक्त ट्रैक्टर को विधिसम्मत रूप से जब्त करते हुए सेक्टर-6 थाना को सुपुर्द किया गया एवं संबंधित के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। इस अभियान में *खान निरीक्षक सीताराम टुडू तथा पुलिस बल की सक्रिय भूमिका रही। जिला खनन पदाधिकारी रवि कुमार सिंह द्वारा निर्देशित इस कार्रवाई का उद्देश्य अवैध खनिज गतिविधियों पर प्रभावी रोकथाम सुनिश्चित करना है।



# भारती साहित्य परिषद ने मनाई गोस्वामी तुलसीदास की जयंती, काव्य गोष्ठी आयोजित




**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारती साहित्य परिषद, बोकारो द्वारा रविवार की शाम गोस्वामी तुलसीदास की जयंती सह काव्य गोष्ठी सेक्टर 5 स्थित सद्गुरू सदाफल देव आश्रम में आयोजित की गई। वरिष्ठ साहित्यकार बुद्धिनाथ झा की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम के प्रथम सत्र में वक्ताओं ने गोस्वामी तुलसीदास जी के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला तथा दूसरे सत्र में शानदार काव्यगोष्ठी हुई। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि विनय कुमार तिवारी, संस्था के मुख्य संरक्षक सुख नंदन सिंह सदय, कार्यक्रम अध्यक्ष बुद्धिनाथ झा, भारती साहित्य परिषद बोकारो के अध्यक्ष डॉ परमेश्वर भारती, उपाध्यक्ष ललन तिवारी, महामंत्री डॉ मनोज कुमार सिंह, संयुक्त मंत्री डॉ राम नारायण सिंह, परामर्शक डॉ श्याम सुंदर प्रसाद, ओमराज, कोषाध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता, मीडिया प्रभारी अरुण पाठक, साहित्यकार प्रो पी एल वर्णवाल, रवि शंकर मिश्र, डॉ नरेन्द्र कुमार राय, विजय बहादुर तिवारी, डॉ आशा पुष्प, शैलजा झा, डॉ रंजना श्रीवास्तव, गीता कुमारी, पूर्णेन्दु कुमार सिंह, अशोक पांडेय, शंभु झा, विश्व नाथ झा, अंकित पांडेय द्वारा गोस्वामी तुलसीदास जी की तस्वीर पर माल्यार्पण व पुष्पार्चन से हुई। कवयित्री गीता कुमारी ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया। गोस्वामी तुलसीदास जी के जीवन वृत पर ओमराज, सुख नंदन सिंह 'सदय', डॉ परमेश्वर भारती, पूर्णेन्दु सिंह, विनय तिवारी ने भावोद्गार व्यक्त किए। वक्ताओं ने कहा कि गोस्वामी तुलसीदास एक महान संत व उच्च कोटि के कवि थे। उन्होंने राम चरित मानस सहित अन्य रचनाओं के माध्यम से समाज को जो शिक्षा दी है वह अनुपम है। अध्यक्षीय वक्तव्य में बुद्धि नाथ झा ने कहा कि रामचरित मानस भारतीयों के रग-रग में समाया हुआ है। साहित्य तुलसी के लिए संजीवनी थी और तुलसी का साहित्य पूरे भारत की संजीवनी है। प्रथम सत्र की समाप्ति के बाद शानदार काव्य गोष्ठी हुई जिसकी शुरूआत डॉ एन के राय के काव्य पाठ से हुई। दीनानाथ ठाकुर ने राम पर कविता, डॉ रंजना श्रीवास्तव ने तुलसी पर भोजपुरी में कविता, विजय बहादुर तिवारी ने तुलसी पर हिंदी में कविता, अरुण पाठक ने मैथिली में सद्भावना गीत, शैलजा झा ने इंसानी फितरत, डॉ आशा पुष्प ने सावन से कह दो जरा सहित अन्य रचनाकारों ने भी भक्ति, देशप्रेम व मानवीय संवेदनाओं से ओतप्रोत रचनाएं सुनाकर सबकी तालियां बटोरी। मंच संचालन डॉ परमेश्वर भारती व धन्यवाद ज्ञापन डॉ राम नारायण सिंह ने किया।

# विश्वविद्यालय एवं छात्र संघों के चुनाव के लिए प्रभारी नियुक्त

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया झारखंड प्रदेश इकाई द्वारा संगठनात्मक मजबूती और छात्र राजनीति को सशक्त बनाने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण नियुक्ति की गई है। इस निर्णय के तहत गोपाल कृष्णा चौधरी को झारखंड राज्य के सभी विश्वविद्यालयों तथा छात्र संघ चुनाव का प्रभारी नियुक्त किया गया है। गोपाल कृष्णा चौधरी छात्र राजनीति के क्षेत्र में एक जुझारू, समर्पित और जनप्रिय नेता के रूप में विख्यात हैं। उन्होंने हमेशा छात्र हितों को प्राथमिकता दी और संगठन को जमीनी स्तर तक सशक्त बनाने का कार्य किया।इससे पहले वे लगातार 3 वर्ष 6 माह तक एनएसयूआई धनबाद जिला अध्यक्ष के रूप में कार्यरत रहे। इस दौरान उन्होंने बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय में छात्रों की समस्याओं को लेकर अनेक प्रभावी आंदोलनों का नेतृत्व किया। विशेषकर कुलपति प्रो. सुखदेव भोई के कार्यकाल में विश्वविद्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार और छात्र विरोधी रवैये के खिलाफ उन्होंने निर्णायक संघर्ष किया। श्री चौधरी के नेतृत्व में छात्रों ने लगातार आठ घंटे की विश्वविद्यालय तालाबंदी, चरणबद्ध धरने और विरोध प्रदर्शन किए। आंदोलन के दौरान उन पर मुकदमे भी दर्ज हुए, लेकिन वे दबाव में आए बिना तब तक डटे रहे जब तक कि कुलपति प्रो. सुखदेव भोई को पद से हटाया नहीं गया।

श्री चौधरी इससे पूर्व एन एस यू आई झारखंड के प्रदेश सोशल मीडिया कोऑर्डिनेटर और अपने कॉलेज के छात्र संघ अध्यक्ष भी रह चुके हैं। हर जिम्मेदारी को उन्होंने संगठनात्मक प्रतिबद्धता और छात्रों के विश्वास के साथ निभाया। एनएसयूआई झारखंड परिवार उन्हें इस नई जिम्मेदारी के लिए हार्दिक बधाई देता है और आशा करता है कि उनके नेतृत्व में छात्र संघ चुनावों में संगठन और अधिक सशक्त, संगठित और प्रभावशाली रूप में उभरेगा।

# तीन दिवसीय 'मनोकामनासिद्धि देववृक्ष कल्पतरु महोत्सव 5 अगस्त से

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** तीन दिवसीय 'मनोकामनासिद्धि देववृक्ष कल्पतरु महोत्सव' का शुभारंभ श्रावण शुक्ल एकादशी 05 अगस्त को कल्पतरु के मूल भाग में भगवान विष्णु की पूजा कर प्रारम्भ किया जाएगा। श्रावण शुक्ल द्वादशी 06 अगस्त को कल्पतरु के तना भाग भगवान ब्रह्मा की पूजा की जाएगी। तीसरे दिन श्रावण शुक्ल त्रयोदशी 07 अगस्त को कल्पतरु की शाखाओं में भगवान शिव की पूजा होगी और रुद्राभिषेक किया जाएगा। हर रोज यह पूजा बोकारो के पर्यावरण-मित्र चौक स्थित पर्यावरण-मित्र वाटिका में रोपित कल्पतरु स्थल पर सुबह 7 बजे प्रारम्भ होगी। इस पूजा में भाग लेने वाले पुरुष को धोती और महिलाओं को साड़ी पहनना अनिवार्य होता है। आज बोकारो के पर्यावरण-मित्र आश्रम में आयोजित स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण संस्थान की एक आवश्यक बैठक में संस्थान के महासचिव शशि भूषण ओझा 'मुकुल' ने उक्त जानकारी दी। बताया कि 08 अगस्त को सांध्य 04 बजे बोकारो के पर्यावरण-मित्र वाटिका स्थित सभी वृक्षों को रक्षा सूत्र बांधकर उनकी रक्षा का संकल्प लिया जाएगा। 13 अगस्त को हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी वृक्षारोपण दिवस मनाया जाएगा और माता शिलवंती की स्मृति में पर्यावरण-मित्र चौक के आसपास वृक्षों का रोपण किया जाएगा। बैठक संस्थान के कार्यकारी अध्यक्ष रघुवर प्रसाद की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में निर्धारित सभी कार्यक्रमों के लिए प्रभारियों को भी नियुक्त किया गया। बैठक में विष्णु शंकर मिश्र, रमण कुमार ठाकुर, विजय त्रिपाठी, उमेश शर्मा, अर्जुन पांडेय, अनुराग मिश्र सहित कई पर्यावरण प्रेमी उपस्थित रहे।

# संगठन सृजन हेतु महिला कांग्रेस का कार्यकर्ता मिलन समारोह आयोजित



**टुंडी (धनबाद)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धनबाद जिला महिला कांग्रेस कमिटी का संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत पूर्वी टुंडी में कार्यकर्ता मिलन समारोह का आयोजन सुशांति हांसदा की अध्यक्षता में रूपन पंचायत में किया गया। मौके पर जिलाध्यक्ष सीता राणा उपस्थित रहे। संगठन सृजन को लेकर अपने संबोधन में सीता राणा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की विचारधारा को जन जन तक पहुंचाने के लिए हर वार्ड और हर बूथ तक जाना है और लोगों की समस्या सुननी है और समस्या का समाधान को लेकर प्रयास करना है। महिलाओं को सबल और जागरूक कर के कांग्रेस पार्टी के विचारधारा से जोड़ना है और राहुल गांधी जी के हाथों को मजबूत करना है। मौके पर कांग्रेस पार्टी के पूर्वी टुंडी प्रखंड अध्यक्ष योगेश प्रसाद रजक, पूर्वी टुंडी के मंडल अध्यक्ष प्रदीप मुर्मू, रूबी खातून, गुड़िया देवी, हेमंती जयसवाल, ज्योति हांसदा, गीता कुमारी, प्रमिला कुमारी, उर्मिला हांसदा, शिवलाल हांसदा, आरती मरांडी, कपूमरियम हांसदा, मेघी हांसदा, मनोहर हांसदा, शोभा हांसदा, ज्योति तिर्की सहित बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल थी।

# विश्व स्तनपान सप्ताह के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रोटरी गिरिडीह ग्रेटर के द्वारा मातृत्व सेवा सदन ,चैताडीह ,गिरिडीह में विश्व स्तनपान सप्ताह के अंतर्गत एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम को ऐम्स, देवीपुर, देवघर की शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर समीक्षा संथालिया के द्वारा नवजात शिशु की देखभाल किस तरह से किया जाय और स्तनपान के बारे में विस्तार से महिलाओं को जानकारी दी गई डाक्टर समीक्षा ने बताया की माँ का दूध नवजात शिशु का सर्वोत्तम आहार है और शिशु के जन्म के एक घंटे के अंदर ही स्तनपान शुरू कर देना चाहिए क्लब के द्वारा नवजात शिशु एवं प्रसूति महिलाओ के देखभाल के लिए किट का वितरण किया गया कार्यक्रम मे अध्यक्ष सीए शंकर अग्रवाल, सीए रवि गाडिया, कोषाध्यक्ष सीए दीपक संथालिया, पूर्व अध्यक्ष सुजय राज गुप्ता, ई.अजय गुप्ता,सीए राकेश कुमार, पूर्व अध्यक्ष राजन कुमार, पूर्व अध्यक्ष अभिषेक छापरिया,पूर्व अध्यक्ष सुबोध मोदी, निक्की गाडिया, रितु संथालिया, मनीषा छापरिया इत्यादि की उपस्थिति रही और कार्यक्रम को सफल कार्यान्वयन मे सभी सदस्यगण का सहयोग मिला।



# छात्राओं की समस्याओ का निदान करने का प्रयास करूंगा:अभय कुमार

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारतीय कांग्रेस छात्र संगठन झारखण्ड एनएसयूआई के प्रदेश महासचिव अभय कुमार कों मिला चारों जिला में देवघर, साहिबगंज, पाकुड़, गोड्डा का प्रभारी का दायित्व। अभय कुमार पूर्व में गिरिडीह एनएसयूआई जिला अध्यक्ष पद का दायित्व निभा चुके है। अभय नें कहा की राष्ट्रीय प्रभारी कन्हैया कुमार, राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी, राष्ट्रीय महासचिव सह झारखंड प्रभारी श्री चुन्नू सिंह जी एवं प्रदेश अध्यक्ष श्री विनय उरांव जी कों आभार प्रकट कर कहा अलाकमान के द्वारा मुझे कार्यनिर्वाह के लिए जिम्मेदारी मिली है ए मैं पूरी ईमानदारी एंव निष्ठापूर्वक पूर्व अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए संगठन को ससक्त बनाने के लिए अग्रसर रहूँगा और संगठन मे नए छात्र छात्राओं कों जोड़ने के साथ उनकी आवाजों कों बुलंद करूंगा जिला अध्यक्ष के साथ समन्वय बनाकर महाविद्यालयों का दौरा कर छात्राओं की समस्याओ का निदान करने का प्रयासरत करूंगा।

# विधायक श्वेता सिंह ने किया पीसीसी पथ का शिलान्यास

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो विधानसभा की कांग्रेस विधायक श्वेता सिंह ने आज चास नगर निगम क्षेत्र के झरियात टोला में 300 फीट पीसीसी पथ का शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं की कमी पर भी सवाल उठाए। चास नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत झरियात टोला में लंबे समय से जर्जर सड़क की समस्या से जूझ रहे लोगों को अब राहत मिलने वाली है। बोकारो की विधायक श्वेता सिंह ने यहां 300 फीट लंबे पीसीसी पथ निर्माण का शिलान्यास किया। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि बारिश के दिनों में रास्ता कीचड़ और पानी से भर जाता था, जिससे काफी दिक्कत होती थी। विधायक श्वेता सिंह ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में इस क्षेत्र में विकास का अभाव रहा है। चाहे वह सड़क हो, नाली हो या कचरा उठाव। बोकारो विधायक श्वेता सिंह ने कहा कि जनता ने मुझ पर भरोसा जताया है। मैं उस भरोसे पर खरा उतरने की पूरी कोशिश करूंगी। जो भी समस्याएं हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर सुलझाया जाएगा।" कार्यक्रम के दौरान स्थानीय लोगों ने विधायक का आभार जताया और विकास कार्यों में तेजी लाने की मांग की।




## मजदूरों की बातों को मानना पड़ा वार्ता हुई सफल: राजेश सिन्हा

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** असंगठित मजदूर मोर्चा के सभी अधिकारी कन्हाई पांडेय के नेतृत्व में वार्ता हुई लिखित आश्वाशन जीएम ने दिया आखिरकार मोंगिया पावर प्राइवेट लिमिटेड टुण्डी रोड, चतरो के फैक्ट्री प्रबंधन को मजदूरों के आगे झूकना पड़ा और काम से निकाले गए कामगार नवीन पाण्डेय को वापस काम पर बुलाया गया. ज्ञात हो कि ताराटांड़ निवासी नवीन पाण्डेय मोंगिया पावर प्रा लि में लगभग पांच वर्षों से सुपर वाइजर के पद पर कार्यरत थे, जिसको प्रबंधन ने बेवजह काम से निकाल दिया था. नवीन पाण्डेय ने इसकी लिखित शिकायत असंगठित मजदूर मोर्चा से की. मामले को असंगठित मजदूर मोर्चा और भाकपा माले ने संज्ञान में लिया और संवैधानिक धरने पर बैठ गए. धरने पर सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे. लंबे इंतजार के बाद प्रबंधन ने बात की.

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145665 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com

CMYK